


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




10 महंगाई से राहत पर बड़ा फैसला,खाद्य तेल की कीमत बढ़ने से ...

पूर्व जापानी पीएम की पत्नी से मिल .....भावूक हुए पुतीन 12

वर्ष : 16 | अंक : 27 | नई दिल्ली,रविवार, 01 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com

## सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में मल्टीलेवल पार्किंग और चेंबर्स का किया उद्घाटन

# मुझे मंत्री ने बताया कि योगी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ सीएम हैं: गवई

**प्रातः किरण /एजेंसी**

प्रयागराज,(ईएमएस)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बनने के बाद बीआर गवई शनिवार को पहली बार यूपी के प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने कहा अभी मंत्री मेघवाल ने बताया कि योगी जी इस देश के सबसे पावरफुल और कर्मठ सीएम हैं। इलाहाबाद की भूमि पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पावरफुल हैं ही। सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में मल्टीलेवल पार्किंग और वकील चेंबर्स का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस देश के आखिरी नागरिक तक पहुंचना हमारा मौलिक कर्तव्य है। जब तक बार और बेंच साथ में काम नहीं करते, तब तक हम न्याय के रथ को आगे नहीं बढ़ा सकते। कार्यक्रम में सीएम योगी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी मौजूद थे।



सीजेआई गवई ने कहा कि आज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बहुत अच्छा उदाहरण दिया है, जिसे हम रोल मॉडल कह सकते हैं। मेरे नॉलेज में इतनी बड़ी इमारत वकीलों के लिए पूरी दुनिया में भी नहीं होगी। यहां वादकारियों का भी ख्याल रखा गया है। पास ही भूखंड में वादकारियों के लिए कुछ प्लानिंग है, जहां बच्चे लेकर आने वाली महिलाओं के लिए क्रेच भी बनेगा यानी काम करने वाली महिला के बच्चों के लिए देखरेख की व्यवस्था की जाएगी।

सीएम योगी ने कहा कि याद कीजिए इसी इलाहाबाद हाईकोर्ट में 2017 में पीएम मोदी का आगमन हुआ था। उन्होंने कहा था कि सुशासन की पहली शर्त है रूल ऑफ लॉ यानी कानून का शासन। इसमें बार और बेंच के साथ-साथ वादकारी का भी महत्व है। प्रयागराज धर्म, ज्ञान और न्याय की भूमि के रूप में देश और दुनिया का ध्यान आकर्षित करता है। महाकुंभ में कौन सा व्यक्ति होगा, जिसने त्रिवेणी में डुबकी लगाकर अपनी विरासत के साथ जोड़ने में गौरव की अनुभूति न की हो।

योगी ने कहा कि 6 साल पहले गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने मल्टीलेवल पार्किंग बनाई भी लेकिन यह चली नहीं। मैंने कहा चलेगी भी नहीं। सबसे पहले ऊपर के दो फ्लोर कॉमर्शियल कर दीजिए। इसके बाद मैं आपसे बात करूंगा।

अब वहां कॉम्पलेक्स फुल है। यहां पर मल्टीलेवल पार्किंग के साथ-साथ वकीलों को चेंबर दिए गए हैं। वकीलों के ये एसी चेंबर आप लोगों को भी ठंडा करेंगे। योगी ने कहा कि महाकुंभ में इलाहाबाद हाईकोर्ट की बड़ी भूमिका रही है। अगर कोर्ट कुंभ के पहले किसी काम में स्टे कर देता तो यह सफलतापूर्वक संपन्न नहीं होता।

केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि ये इज ऑफ लिविंग की व्यवस्था हैं। पार्किंग को लेकर होने वाले विवाद अब कम हो जाएगा। सबसे जल्दी काम करना सीखना हो तो सीएम योगी से सीख सकते हैं। महाकुंभ में शानदार कोआर्डिनेशन के लिए सीएम योगी की तारीफ करता हूं। वहीं सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि इलाहाबाद बार एसोसिएशन बहुत अच्छा है। सुप्रीम कोर्ट भी नहीं समझ पाता है कि यहां काम कैसे होता है। इस बिल्डिंग का पूरा सदुपयोग कीजिएगा।

# देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में पीएम मोदी की पाकिस्तान को फिर चुनौती, कहा- सिंदूर भारत के शौर्य का प्रतीक बना

## गोली का जवाब गोले से मिलेगा: मोदी

**प्रातः किरण /एजेंसी**

भोपाल (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में देवी अहिल्याबाई महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन को संबोधित किया। यह ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला महिला सम्मेलन था। इसे भाजपा ने देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर आयोजित किया। इस दौरान महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में संबोधन देते हुए पीएम मोदी ने हाथ जोडकर मातृशक्ति को प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें हमें आशीर्वाद देने आई हैं। मैं आपके दर्शन पाकर धन्य हो गया हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ सबसे बड़ा ऑपरेशन है। हमारी सेना ने आतंकी ठिकानों को सैकड़ों किमी. अंदर घुसकर मिट्टी में मिला दिया। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने केवल भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारे संस्कृति पर प्रहार करने की कोशिश की है। उन्होंने हमारे समाज को बांटने की कोशिश की है। आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। ये चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। जहां पाकिस्तान की सेना ने सोचा तक नहीं था वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना ने मिट्टी में मिला दिया। सिंदूर हमारी परंपरा का प्रतीक, अब ये भारत के शौर्य का प्रतीक है।



पीएम मोदी ने इस अवसर पर कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर, ये नाम सुनकर ही मन में श्रद्धा का भाव उमड़ पड़ता है। उनके महान व्यक्तित्व के बारे में बोलने के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देवी अहिल्या भारत की विरासत की बहुत बड़ी संरक्षक थीं। जब देश की संस्कृति, मंदिरों पर हमले हो रहे थे, तब लोकमाता ने उनको संरक्षित करने का वीणा उठाया। देश में कई मंदिरों-तीर्थों का पुनर्निर्माण किया। मेरा सौभाग्य है, जिस काशी में लोकमाता ने विकास के इतने काम किए, उस काशी ने मुझे भी सेवा का अवसर दिया है। आज अगर आप काशी विश्वनाथ महादेव के दर्शन करने जाएंगे तो वहां आपको देवी अहिल्या बाई की मूर्ति भी मिलेगी।

### आतंकियों के मददगारों को चुकानी पड़ेगी भारी कीमत

पीएम मोदी ने कहा कि सिंदूर हमारी परंपरा है, नारी शक्ति का प्रतीक है। राम रंग में रंगे हनुमान जी ने भी सिंदूर का श्रृंगार किया था। शक्तिपूजा में भी सिंदूर का अर्पण किया जाता है। यह सिंदूर शौर्य का प्रतीक बन गया। पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया। हमारे समाज को बांटने की कोशिश की। आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है। यह चुनौती आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवादियों के खिलाफ भारत के इतिहास का सबसे बड़ा और सफल ऑपरेशन है। पाकिस्तान ने सोचा तक नहीं था कि वहां आतंकी ठिकानों को हमारी सेना मिट्टी में मिला देगी। हमारी सेना ने सैकड़ों किलोमीटर भीतर घुसकर आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया।

ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवाद के जरिए प्रॉक्सी वार नहीं चलेगा। अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है कि अगर तुम गोली चलाओगे तो मान कर चलो कि गोली का जवाब गोली से ही दिया जाएगा।

## भारत के साथ खड़ा सिएरा लियोन, आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकता पर जोर

**प्रातः किरण /एजेंसी**

फ्रीटाउन/नई दिल्ली। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने सिएरा लियोन की सफल यात्रा पूरी की। इस दौरान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, वित्तीय कार्रवाई कार्य बल और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आतंकवाद से लड़ने और विश्व शांति बनाए रखने के लिए सहयोग बढ़ाने की अपील की। सिएरा लियोन के उप राष्ट्रपति मोहम्मद जुल्देह जलोह ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान भारत के साथ पश्चिम अफ्रीकी देश की एकजुटता की पुष्टि की। उन्होंने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। भारतीय उच्चायोग ने फ्रीटाउन में शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया, सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक के दौरान सिएरा लियोन के उपराष्ट्रपति मोहम्मद जुल्देह जलोह ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की, मारे गए निर्दोष लोगों के लिए दुख जताया, और भारत के साथ एकजुटता की पुष्टि की। प्रतिनिधिमंडल ने सिएरा लियोन के कई प्रमुख नेताओं से विस्तृत बैठकें कीं। इनमें संसद के



अध्यक्ष, सांसद और विदेश मामलों की समिति, उप रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक और कार्यवाहक विदेश मंत्री शामिल थे। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने और आपसी संबंध मजबूत करने पर चर्चा हुई। प्रतिनिधिमंडल ने भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति को उजागर किया और बताया कि भारत किसी भी तरह के आतंकवाद को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करता। उन्होंने यह भी जोर दिया कि इस खतरे से लड़ने के लिए सभी देशों को मिलकर एकजुट होना बहुत जरूरी है। भारत के उच्चायोग द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, सिएरा लियोन के उप रक्षा मंत्री मुआना ब्रिमा मासाक्वोई और विपक्ष के उप नेता डेनियल ब्रिमा कोरोमा ने आतंकवाद की कड़ी निंदा की ।

## हेट स्पीच मामले में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा और जुर्माना, विधायकी गई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मऊ सदर सीट से विधायक और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के नेता अब्बास अंसारी की विधायकी समाप्त कर दी गई है। मऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा हेट स्पीच मामले में उन्हें दो साल की सजा और 3,000 का जुमार्ना सुनाए जाने के तुरंत बाद यह कार्रवाई हुई है।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) डॉ. केपी सिंह की अदालत ने अब्बास अंसारी को दोषी करार देते हुए यह फैसला सुनाया है। अदालत ने अब्बास अंसारी को भारतीय दंड संहिता की छह गंभीर धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। इन धाराओं में आपराधिक धमकी, चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश, सरकारी कार्य में बाधा, सरकारी सेवक को धमकाना, समुदायों के बीच वैमनस्य फैलाना और आपराधिक साजिश शामिल हैं।

# जमीन के बदले नौकरी घोटाले में राजद प्रमुख लालू यादव को दिल्ली हाईकोर्ट से लगा झटका

## लैंड फॉर जॉब मामला : लालू यादव की याचिका खारिज

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव को जमीन के बदले नौकरी घोटाले के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने लालू की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा दर्ज इस मामले में निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। यह मामला लालू यादव के 2004 से 2009 तक रेल मंत्री रहने के दौरान रेलवे में नौकरियों के बदले जमीन लेने के कथित घोटाले से जुड़ा है। अब इस मामले में 2 जून को निचली अदालत में आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू होगी। लालू प्रसाद यादव ने अपनी याचिका में सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी और आरोपपत्र को रद्द करने की मांग की थी। उनके वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि सीबीआई ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत आवश्यक मंजूरी के बिना जांच शुरू की, जो गैरकानूनी है। हालांकि, सीबीआई ने कोर्ट में कहा कि उनके पास लालू यादव और अन्य आरोपियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद लालू यादव की याचिका को खारिज कर दिया और निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। यह घोटाला उस समय का है, जब लालू प्रसाद यादव यूपीए-1 सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि इस दौरान रेलवे के ग्रुप-डी पदों पर भर्तियों में अनियमितताएं की गईं। नौकरी के बदले उम्मीदवारों से जमीन ली गई, जो बाद में लालू यादव के परिवार या उनके करीबियों के नाम पर दर्ज की गई। सीबीआई ने इस मामले में लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव, बेटी मीसा भारती और कई अन्य लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। प्रवर्तन निदेशालय भी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के पहलू की जांच कर रहा है।इससे पहले कथित जमीन के बदले नौकरी घोटाले से जुड़े एक मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने 14 मई को दिल्ली की एक अदालत को बताया था कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर मुकदमा चलाने के मंजूरी मिल गई है। यह घोटाला उस समय हुआ था, जब लालू प्रसाद केंद्रीय रेल मंत्री थे।

# तेजी से पैर पसार रहा कोरोना, देशभर में कोरोना के सक्रिय केसों की संख्या 3207 हुई

## केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली। देशभर में कोरोना के सक्रिय केसों की संख्या 3207 पहुंच गई है। केरल में सबसे ज्यादा 1147 मामले हैं। महाराष्ट्र सक्रिय केस के मामले में दूसरे नंबर पर है। शुक्रवार को राज्य में 84 नए केस सामने आए, यहां अब 681 मरीज हैं। देश के 60 फीसदी सक्रिय केस इन्हीं दो राज्यों में हैं।

कोरोना से जान गंवाने वालों की संख्या 20 पहुंच गई है। इसमें सबसे ज्यादा 6 मौतें महाराष्ट्र में हैं। कर्नाटक के मैसूर में शुक्रवार को 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। राज्य में कोरोना से यह तीसरी मौत है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में कुल 13 मरीजों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने 31 मई को दिल्ली, गुजरात, पंजाब और तमिलनाडु में भी एक-एक मौत की पुष्टि की। गुजरात के अहमदाबाद में शुक्रवार को एक दिन के नवजात की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। बच्चे को आईसीयू में रखा गया है। पिछले सप्ताह बच्चे की मां भी कोरोना पॉजिटिव पाई गई थी, हालांकि अब उनकी रिपोर्ट निगेटिव है। मेघालय में 7 महीने बाद कोविड के 2 मिले हैं।वहीं उत्तरपूर्व के राज्य मिजोरम में 2 लोगों में कोविड-19 की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि राज्य में इस तरह का आखिरी मामला सामने आने के 7 महीने बाद कोविड के केस मिले। मिजोरम में कोविड-19 का आखिरी मामला अक्टूबर 2024 में सामने आया था, तब राज्य में 73 लोग वायरस से संक्रमित हुए थे। उन्होंने बताया कि मरीजों का इलाज आइजोल के पास फल्कोन में जोरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चल रहा है।महाराष्ट्र सरकार ने बताया कि शुक्रवार को कोविड के 84 नए मामले सामने आए। जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक कुल 681 केस मिले हैं।

## फिल्मों में हिट पर राजनीति में फेल कमल हासन अब लड़ेंगे राज्यसभा चुनाव

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली। कमल हासन के राजनीतिक और फिल्मी कॅरियर में जमीन और आसमान का फर्क रहा है। कमल हासन ने तमिल सिनेमा में तमाम उपलब्धियां हासिल की, लेकिन राजनीतिक में वह फेल रहे हैं। कमल हासन की डूबती राजनीति को तिनके के सहारे की जरूरत थी और अब उनका यह सहारा देने तमिलनाडु में सत्ताधारी डीएमके नेता एमके स्टालिन देने जा रहे हैं।19 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव में कमल हासन भी मैदान में होंगे। कमल हासन की पार्टी एमएनएम का तमिलनाडु में डीएमके के साथ गठबंधन है और गठबंधन के तहत ही एमके स्टालिन ने राज्यसभा सीटों के कोटे से अपने हिस्से की एक सीट कमल हासन को दे दी है। कमल हासन अपनी फिल्म ठग लाइफ के प्रमोशन के दौरान कन्नड़ भाषा को लेकर दिए बयान के लिए विवादों में हैं और अपने बयान के लिए माफी मांगने को तैयार नहीं हैं और इसे लेकर बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही कमल हासन पर हमलावर हैं।अगर प्रत्यक्ष चुनाव होता तो कमल हासन को अपने बयान के चलते फायदा या नुकसान हो सकता था, लेकिन राज्यसभा चुनाव में तो पूरा मामला ही अलग होता है। कमल हासन को ऐसे ही एक मजबूत राजनीतिक सपोर्ट की सख्त जरूरत थी।

## पहले दिन हवाई नुकसान झेलने के बाद रणनीति बदल कर पाकिस्तान के ठिकानों पर किये हमले

# ऑपरेशन सिंदूर पर सीडीएस बोलें, बिना नुकसान कोई युद्ध नहीं होता, हमने दिया करारा जवाब

**प्रातः किरण /एजेंसी**

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने पहली बार एक इंटरव्यू में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के फाइटर जेट गिरने की बात मानी है। हालांकि, उन्होंने संख्या को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है, लेकिन उन्होंने कहा कि यह अहम नहीं है कि जेट गिरे, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि क्यों गिरे। उन्होंने यह भी कहा कि विमानों ने दो दिन बाद फिर से उड़ान भरी और बिना किसी नुकसान के पाकिस्तान के 300 किलोमीटर अंदर जैकबाबाद नूर खान एयरबेस और मुरीद जैसे ठिकानों पर हमला किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान इस समय सिंगापुर में शांगरी-ला वार्ता के लिए गए हैं। उन्होंने सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अंबुले और प्रतिनियुक्ति पर आए भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत की। सीडीएस को भारत और सिंगापुर के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आगामी वार्ता में भाग लेने वाले देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। वह दुनिया भर के रक्षा मंत्रियों, सैन्य प्रमुखों, नीति निमाताओं और रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ साझा हितों के क्षेत्रों पर विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। इस दौरान सीडीएस ने अपनी वाताओं के दौरान पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के दृष्टिकोण से दुनिया को अवगत कराया है। सीडीएस जनरल चौहान ने यूरोपीय संघ में शांगरी-ला वार्ता से इतर सुरक्षा एवं रक्षा के उप महासचिव चार्ल्स फ्राइज, फ्रांसीसी नौसेना के प्रमुख एडमिरल निकोलस वौज़ूर, ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल प्रमुख एडमिरल डेविड जॉनस्टन, यूनाइटेड किंगडम के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ एडमिरल सर टोनी राडाकिन, न्यूजीलैंड के रक्षा बल प्रमुख एयर मार्शल टोनी डेविस, जापान के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल योशिदा योशिहिदे, यूएस इंडोपाकॉम के कमांडर एडमिरल सैमुअल जे पापारो, ब्राजील सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल अगुईर फ्रेयर, नीदरलैंड्स के रक्षा प्रमुख जनरल ओन्नो ईशेल्सहेम के द्विपक्षीय वाताएं करके सैन्य आदान-प्रदान कार्यक्रमों और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। चर्चा ऑपरेशन सिंदूर पर भी केंद्रित रही, जिसमें क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारत की बढ़ती रणनीतिक साझेदारी को रेखांकित किया गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने सिंगापुर में शांगरी-ला डायलॉग में भाग लेने के दौरान शनिवार को एक टीवी चैनल से बात की। उन्होंने इंटरव्यू में पहलगाम हमले और उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर पर बात की। उन्होंने कहा कि संघर्ष के पहले दिन भारत को हवा में शुरूआती नुकसान हुआ, लेकिन उन्होंने ब्यौरा देने से इनकार कर दिया।



# साइबर ठगी की रकम ठिकाने लगाने वाले गैंग का मास्टरमाइंड निकला छात्रनेता करन, ऐसे बिछाया था जाल

**हल्द्वानी , एजेंसी।** बेकरी में काम करने वाले कर्मचारी रमेश चंद्र का चालू खाता खुलवाकर साइबर ठगी की रकम जमा कराने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड एमबीपीजी कॉलेज का छात्रसंघ का पूर्व उपसचिव करन अरोड़ा निकला। उसने दुबई में बैठे अपने भाई के साथ मिलकर यह खेल रचा।



बेकरी में काम करने वाले कर्मचारी रमेश चंद्र का चालू खाता खुलवाकर साइबर ठगी की रकम जमा कराने वाले गिरोह का मास्टरमाइंड एमबीपीजी कॉलेज का छात्रसंघ का पूर्व उपसचिव करन अरोड़ा निकला। उसने दुबई में बैठे अपने भाई के साथ मिलकर यह खेल रचा। रमेश के खाते में 1.20 करोड़ का लेनदेन हुआ तो बात खुली। बनभूलपुरा थाने की टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए जुटी हुई है।

सरगना छात्र नेता करन अपने साथियों की मदद से बैंकों में चालू खाता खुलवाने का काम करता है। खाता खुलवाने के क्रम में ही रमेश चंद्र को भी इसने मोहरा बनाया। अन्य जगहों से धोखाधड़ी की रकम इन खातों में डाली जाने लगी। जब रमेश चंद्र को भी इस खाते से कमाई होने लगी तो उसे लगा कि क्रिप्टोकरेंसी की आय है। जब नोएडा पुलिस खातों से गायब धनराशि की जांच करते करते रमेशचंद्र के खाते तक पहुंची तो बनभूलपुरा थाना में पूरी कहानी सामने आ गई। पिछले दिनों घंटों तक चली पूछताछ में रमेश ने पूरी कहानी बताई। एक बड़े गिरोह का सच सामने आया। इस गिरोह का संचालन करने वाला करन अरोड़ा और दुबई में बैठे दो लोग इस गिरोह सबसे बड़े जालसाज निकले। उधर मुकदमा दर्ज करने के बाद बनभूलपुरा थाने की पुलिस अब करन अरोड़ा के साथ ही उसके भाई प्रियांश और उन सभी 12 लोगों की तलाश में जुट गई, जिन्होंने साइबर ठगों के लिए स्थानीय स्तर पर सबसे बड़े गिरोह को संचालित कर रखा है।

जिन 12 युवकों पर मुकदमा दर्ज हुआ है, वे गिरोह का संचालन करते हैं। विवेचना में यह भी देखा जा रहा है कि इन्होंने और कितने चालू खाता खुलवाए हैं। इन सबकी गिरफ्तारी के लिए टीम लग गई है। जल्द ही इन्हें गिरफ्तार कर पर्दाफाश किया जाएगा कि इन्होंने कितने अन्य लोगों को धोखे से अपने जाल में शामिल कर लिया। -नीरज भाकुनी, थाना प्रभारी बनभूलपुरा

### यह था मामला

मंगलपड़ाव सावित्री कॉलोनी निवासी रमेश चंद्र बनभूलपुरा के एमएस बेकर्स पर 15 साल से कर्मचारी थे। कुछ माह बेकरी मालिक साजिद निवासी लाइन नंबर 17 ने क्रिप्टोकरेंसी में काम करने का झांसा रमेश चंद्र को दिया। साजिद ने ही हल्द्वानी निवासी व एमबीपीजी कॉलेज के छात्रसंघ के पूर्व उपसचिव करन अरोड़ा से मिलवाया। करन का भाई प्रियांशु दुबई में क्रिप्टोकरेंसी के खेल का मास्टर माना जाता था। क्रिप्टोकरेंसी की आड़ में करन अरोड़ा, उसका भाई प्रियांशु, बेकरी मालिक साजिद, अनस, हसनान, कैफ, रमीज, सिकंदर हुसैन, यूसुफ, वाजिद, मोनिस और नितिन अटवाल मिलकर साइबर ठगी का बड़ा गिरोह चलाते हैं। पुलिस ने रमेश की तहरीर पर इन सभी के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) और 61 (2) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अपना ही खून बना जान का दुश्मन, झगड़ालू है मां का हत्यारोपी बेटा

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** भिकियासैंण के नैलवालपाली के तोक कनगढ़ी में बेटे ने कुल्हाड़ी मारकर मां की हत्या कर दी। घटना के बाद 24 घंटे तक शव घर में ही पड़ा रहा। उसके बाद अंत्येष्टि की गुपचुप तैयारी चल रही थी, तभी राजस्व टीम पहुंच गई। शव कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण में एक मां के लिए उसका खून ही कातिल बन गया। कुल्हाड़ी मारकर बुजुर्ग मां को मार डालने की घटना से पूरा गांव स्तब्ध है। बताया जा रहा है कि हत्यारोपी झगड़ालू किस्म का है। उसके पत्नी-बच्चे भी उससे अलग रहते हैं।

वृद्धा गाऊली देवी नैलवालपाली के कनगढ़ी तोक में अकेले रहती थीं, जबकि उनका बड़ा बेटा आनंद राम थोड़ी दूरी पर अलग घर में अकेला रहता है। छोटा बेटा गोपाल राम अपने परिवार के साथ कुछ दूर दूसरे तोक में निवास करता है।

किस बात पर गुस्साकर आनंद राम ने कुल्हाड़ी से वार कर अपनी मां की हत्या कर दी, इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। हत्यारोपी आनंद की पत्नी और तीन बच्चे उससे दूर चंडीगढ़ रहते हैं। बताया जा रहा है कि जिस वक्त वारदात हुई, उस वक्त आसपास भी कोई नहीं था। वृद्धा का शव करीब 24 घंटे घर में ही पड़ा रहा। बृहस्पतिवार को मामला खुला तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई।

### हल्द्वानी में खौफनाक वारदात, पत्थर से सिर कुचलकर युवक की निर्मम हत्या, पड़ताल में जुटी पुलिस

**हल्द्वानी, एजेंसी।** शहर के बनभूलपुरा क्षेत्र के गौजाजाली में एक युवक की पत्थर से कुचल कर निर्मम हत्या कर दी गई. घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है और घटना की पूछताछ में जुटी हुई है.सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या में हत्या व्यक्तिगत रंजिश के चलते की गई प्रतीक हो रही है. हत्या की हर एंगल से जांच की जा रही है.

बनभूलपुरा क्षेत्र के गौजाजाली में एक युवक की हत्या कर दी गई. घटना के बाद क्षेत्र के लोग दहशत में हैं. मृतक युवक हल्द्वानी राजेंद्र नगर का रहने वाला बताया जा रहा है. पुलिस घटना की छानबीन में लग गई है और पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है.

बनभूलपुरा थाना प्रभारी नीरज भाकुनी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है. अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं आई है. मुकदमा दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. वहीं पूरी घटना बीती रात की बताई जा रही है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. घटना के बाद मृतक के परिवार में मातम छाया हुआ है.

### बांग्लादेशी महिला ने पति संग मिलकर बनाया आधार व वोटर आइडी, पुलिस ने किया मामला दर्ज

**रुद्रपुर, एजेंसी।** 21 साल पहले अवैध तरीके से भारत आने के दौरान रामपुर में पकड़ी गई बांग्लादेशी महिला ने जमानत पर छूटने के दौरान रुद्रपुर के व्यक्ति से शादी कर ली। साथ ही उसने पति संग मिलकर स्वयं को भारतीय नागरिक दर्शाते हुए धोखाधड़ी कर भारतीय मूल का आधार कार्ड व वोटर आइडी भी बना ली। सत्यापन अभियान के दौरान सच सामने आने पर ऊधम सिंह नगर पुलिस ने दोनों के विरुद्ध प्रथमिकी कर ली है।

एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि ग्राम तितूलिया दुपचचिया ढाका (बांग्लादेश) निवासी बिलकिस पुत्री शमशुद हक वर्ष 2004 में अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत आई थी। जिसके बाद उसे रामपुर (उप्र) पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

जिसके विरुद्ध जिला रामपुर में विदेशी अधिनियम की धारा-14 के तहत प्राथमिकी पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया था।

## नहीं लगेगा जाम : रोपवे से जुड़ेंगे कैंचीधाम-भवाली और नैनीताल, जिला प्रशासन ने शासन को भेजा प्रस्ताव

**नैनीताल, एजेंसी।** जिला प्रशासन ने जाम की समस्या के समाधान के लिए नैनीताल, भवाली और कैंची धाम को जोड़ते हुए रोपवे सेवा शुरू करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इन तीनों रूटों पर हमेशा वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है। नैनीताल जिला प्रशासन ने जाम की समस्या के



समाधान के लिए नैनीताल, भवाली और कैंची धाम को जोड़ते हुए रोपवे सेवा शुरू करने का प्रस्ताव शासन को भेजा है। इन तीनों रूटों पर हमेशा वाहनों का अत्यधिक दबाव रहता है।

नैनीताल के हनुमानगढ़ से काठगोदाम तक रोपवे निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। नेशनल हाईवे मैनेजमेंट लॉजिस्टिक लि. (एनएचएमएल) ने 14 किमी और 900 मीटर मार्ग का सर्वे कर लिया है। इस मार्ग पर रोपवे संचालन के लिए 78 पोल और छह स्टेशन बनाए जाएंगे। रोपवे निर्माण के लिए पहले चरण में उत्तराखंड पर्यटन विकास निगम ने निविदा आमंत्रित की थी लेकिन इसके लिए कोई आगे नहीं आया। अब निगम नियमों में ढील देते हुए नए सिरे से टेंडर निकालने की तैयारी कर रहा है। डीएम वंदना का कहना है कि जिन तीन जगहों पर रोपवे शुरू कराने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है उस मार्ग का सर्वे कराने के लिए शासन से अनुरोध किया गया है।

## बागपत के हिस्ट्रीशीटर को अवैध हथियार रखने के मामले में पांच माह की कैद, अदालत में कबूला जुर्म

**हरिद्वार, एजेंसी।** बागपत के हिस्ट्रीशीटर आयुष तोमर को तमंचा व जिंदा कारतूस रखने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पांच माह की कैद और पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपित ने न्यायालय में पेश होकर अपना जुर्म स्वीकार किया था।

वादी पक्ष के अनुसार 28 जून 2023 को हेड कांस्टेबल कुंदन सिंह अपने सहकर्मियों के साथ रानीपुर कोतवाली की सुमननगर चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक सुमन नगर जाने वाले रास्ते पर नदी किनारे अवैध हथियार लिए खड़े हैं। जिस पर पुलिस कर्मियों ने दोनों युवकों को बिना देर किए पकड़ लिया था।

पकड़े जाने पर एक ने अपना नाम आयुष तोमर निवासी सिरसाली थाना बिनौली जिला बागपत बताया था। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 315 बोर का एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ था। दुसरे युवक अंकुर निवासी ग्राम डूंगर फुगाना मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से खुखरी बरामद हुई थी।

पुलिस ने दोनों का चालान कर जेल भिजवा दिया था। आरोपित आयुष तोमर ने पुलिस को बताया था कि वह सिरसली गांव का रहने वाला है। गांव की आपसी रंजिश के कारण थाना बिनौली बागपत में उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज हो गए थे, जिसकी वजह से उसके पिता ने राम धाम कॉलोनी निकट शिवालिक नगर में अपना मकान बनाकर रहना शुरू कर दिया था। वह यहां रह कर टैक्सी चलने का काम करने लगा था और उसने तमंचा अपनी सुरक्षा के लिए रखा हुआ था।

आरोपित ने पुलिस को यह भी बताया था कि वह सिडकुल थाना में दर्ज एक मुकदमे में भी जेल जा चुका है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया था। जमानत पर छुटे आयुष तोमर ने तमंचा रखना के मुकदमे में पेश होकर अपना जुर्म कबूल कर लिया। जिस पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट इमरान मोहम्मद खान ने आरोपित को आयुष तोमर को दोषी पाया है।

बागपत के हिस्ट्रीशीटर आयुष तोमर ने पिछले दिनों सिरसली के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र तोमर उर्फ धर्मा की गोलियों से भूनकर हत्या की थी। उत्तर प्रदेश पुलिस शिद्दत से उसकी तलाश में जुटी थी। इस बीच आयुष ने रानीपुर कोतवाली के आर्म्स एक्ट के मुकदमे में कोर्ट में पेश होकर अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया था। सुनवाई करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उसे सजा सुनाई है।

## युवती के नाम से फर्जी आइडी बनाकर मंगेतर को भेजे फोटो, तुड़वाया रिश्ता

**रुड़की, एजेंसी।** युवती से दोस्ती टूटने से नाराज युवक ने उसके मंगेतर के मोबाइल पर एआई से बनाये गये अश्लील फोटो भेजकर रिश्ता तुड़वा दिया। जब युवती और उसके स्वजन को इसका पता चला तो उनके पांव तले की जमीन खिसक गई। इस बावत पुलिस से शिकायत की हैं। पुलिस ने युवक पर मुकदमा दर्ज किया है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवती की करीब दो साल पहले अंकुर निवासी पश्चिमी अंबरतालाब से दोस्ती हुई थी। किसी वजह से करीब तीन माह बाद युवती ने उससे बातचीत बंद कर दी थी। इसी बीच युवती का रिश्ता कहीं और तय हो गया। इस बात से अंकुर नाराज था। बताया कि तीन फरवरी 2025 को अंकुर ने हेमंत अस्पताल के पास युवती को रास्ते में रोक कर उसकी पिटाई कर दी थी। साथ ही उसका मोबाइल जबरन लेकर उससे उसके मंगेतर का मोबाइल नंबर ले लिया था। उसने इसकी इन बातों की अनदेखी कर दी थी। युवती का आरोप है कि कुछ दिन पहले अंकुर ने एआई के जरिये उसके और अपने फोटे बनाये। इन फोटो को उसने उसके मंगेतर के पास भेज दिये। जब मंगेतर ने यह फोटो देखे तो उसने बिना किसी जांच पड़ताल के ही रिश्ता तोड़ दिया। जब युवती और उसके स्वजन ने रिश्ता तोड़ने की वहज पूछी तो इस बात का पता चला।

## केदारनाथ हाईवे पर भीषण हादसा, तीर्थयात्रियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत, कई घायल

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले में बड़ा हादसा हो गया. केदारनाथ धाम जा रहे तीर्थयात्रियों का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया. हादसा गौरीकुंड हाईवे पर काकड़ागाड़ के पास हुआ. बताया जा रहा है कि मैक्स पर अचानक से पत्थर गिरा. इस हादसे में ड्राइवर समेत एक यात्री की मौत हो गई, जबकि अन्य चार यात्री घायल हो गए.



जानकारी के मुताबिक शुक्रवार 30 मई को देर शाम रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड हाईवे पर रुद्रप्रयाग जिला मुख्यालय से करीब तीस किमी दूर काकड़ागाड़ में अचानक पहाड़ी से यात्रियों के मैक्स वाहन पर पत्थर गिरा. हादसे के समय वाहन में चालक समेत छह यात्री सवार थे.

हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस और डीडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया. वाहन में सवार चालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि 24 वर्षीय शैलेन्द्र कुमार पुत्र मोहन लाल यादव ने रास्ते में दम तोड़ा, अन्य 4 यात्रियों को 108 सेवा एवं स्थानीय वाहनों के माध्यम से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अगस्त्यमुनि लाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है.

डीडीएमओ नंदन सिंह रजवार ने बताया कि वाहन चालक 38 वर्षीय राजेश रावत पुत्र राय सिंह निवासी नाग पनियाला लंबगांव नई टिहरी की मौके पर मौत हो गई, जबकि घटना में एक यात्री की भी मौत हुई है. इसके अलावा 24 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पुत्र धनीराम यादव, 24 वर्षीय ओंकार सिंह पुत्र वीरेन्द्र सिंह, 19 वर्षीय विपेश यादव पुत्र गोविंद यादव, चित्रांश साहू पुत्र ओंकार साहू निवासी जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ घायल हो गए.

## बनभूलपुरा में नए थाने के भवन रखी नींव

**हल्द्वानी, एजेंसी।** संवेदनशील इलाके में शामिल बनभूलपुरा थाने को अब अपना भवन मिलने उम्मीद जग गई है। बुधवार को आईजी कुमाऊं रिद्धिम अग्रवाल और एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने थाना निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अफसरों ने भवन की पहली ईंट रखी।



बनभूलपुरा में फरवरी 2024 में मलिक के बगीचे से शुरू हुई हिंसा में छह से अधिक लोगों की जान चली गई थी। घटना के बाद मुख्यमंत्री ने बनभूलपुरा में थाना बनाने का आदेश जारी किया था। इसके बाद यहां भूमि तलाशी गई और मलिक के बगीचे में थाना निर्माण की कवायद शुरू हो गई। थाने के निर्माण हेतु सभी औपचारिकताओं को पूर्ण कर निर्माणदायी संस्था से समन्वय स्थापित करते हुए बुधवार को भूमि पूजन किया गया। आईजी के साथ ही एसएसपी ने नए थाने की नींव रखी। आईजी रिद्धिम अग्रवाल ने कहा कि अपराध नियंत्रण, स्थानीय लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान अब हो सकेगा। एसएसपी ने कहा कि मजबूत पुलिसिंग की यह बुनियाद रखी गई है। इस दौरान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र, सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी और थाना प्रभारी बनभूलपुरा नीरज भाकुनी मौजूद रहे।

बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में सरकारी जमीन पर मदरसा और मस्जिद बनाकर अतिक्रमण किया गया था। आठ फरवरी 2024 को नगर निगम की टीम पुलिस फोर्स के साथ इस जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने गई तो वहां बवाल हुआ था। प्रशासन ने 800 वर्गमीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया था। यह जगह पुलिस विभाग को हस्तांतरित हो गई। तब वहां अस्थायी पुलिस चौकी भी खोल दी गई थी।

## महिला की मौत, भाई ने लगाया दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

**ऋषिकेश, एजेंसी।** चंद्रेश्वर नगर गली नंबर 11 में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के भाई ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को चंद्रेश्वर नगर निवासी पुष्पा (25) का शव घर के अंदर कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। पुष्पा की शादी वर्ष 2019 में मोनू यादव से हुई थी। मोनू के बड़े भाई सोनू ने बताया कि बृहस्पतिवार रात को पति-पत्नी में किसी बात पर विवाद हो गया था। इसके बाद मोनू सोने के लिए छत पर चला गया। पुष्पा और उसकी तीन वर्षीय बेटी कमरे में ही सो रहे थे। सुबह बेटी के रोने पर दरवाजा खोलने की कोशिश की गई तो दरवाजा नहीं खुला। अनहोनी की आशंका पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में पुष्पा पंखे से लटक रही थी। उसे नीचे उतारकर उपचार के लिए राजकीय उपजिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुष्पा के भाई नीरज ने महिला को दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। नीरज ने बताया कि उनकी बहन के शरीर पर कई चोट के निशान हैं। बताया कि 29 मई रात करीब 10 बजे पुष्पा का फोन आया था। उसने बताया कि मोनू ने उसके साथ बहुत मारपीट की है। मुझे यहां से ले जाओ।

## पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद परिवार संग निजी दौरे पर पहुंचे मसूरी, सुरक्षा के किए गए पुख्ता इंतजाम

**मसूरी, एजेंसी।** भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद बीते दिन एक निजी दौरे पर मसूरी पहुंचे. पूर्व राष्ट्रपति दो दिनों तक अपने परिवार के साथ यहां रहेंगे. मसूरी पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने उनका भव्य स्वागत किया और उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की. पूर्व राष्ट्रपति मसूरी के एक निजी होटल में ठहरे हैं, उनके दौरे को पूरी तरह निजी बताया गया है. इसलिए किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया है. हालांकि, स्थानीय लोग व पर्यटक उनके आगमन से उत्साहित नजर आए.





पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ उनकी पत्नी और परिवार के कुछ सदस्य भी मसूरी आए हैं. मसूरी की शांत व सुरम्य वादियों में वे कुछ समय विश्राम कर प्रकृति का आनंद लेंगे. पूर्व राष्ट्रपति के दौरे को लेकर मसूरी पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं. वीआईपी प्रोटोकॉल के तहत उनके रहने के स्थल और उसके आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है.

मसूरी उपजिलाधिकारी कुमकुम जोशी ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति का दौरा पूर्णतः निजी है, लेकिन प्रशासनिक दृष्टि से उनकी सुरक्षा और सुविधा का पूरा ध्यान रखा जा रहा है. रामनाथ कोविंद के मसूरी पहुंचने पर स्थानीय लोग और पर्यटकों उन्हें देखने के लिए उत्सुक दिखाई दिए. कुछ लोगों ने उम्मीद जताई कि यदि संभव हुआ तो उन्हें पूर्व राष्ट्रपति से मिलने का अवसर भी मिल सकता है. रामनाथ कोविंद जुलाई 2017 से जुलाई 2022 तक भारत के राष्ट्रपति रहे हैं और उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई सामाजिक, शैक्षिक और संवैधानिक विषयों पर सक्रिय भूमिका निभाई थी.

## बीडी पांडे अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट ठप

**नैनीताल, एजेंसी।** कोरोना काल में ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए करीब डेढ़ करोड़ की लागत से बीडी पांडे अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट पांच महीने से ठप पड़ा है। अब कोराना के नए वेरिएंट से निपटने के लिए सिलिंडरों और ऑक्सीजन कंसंट्रेटरों का सहारा है। अस्पताल में मौजूद ऑक्सीजन सिलिंडरों को भी हल्द्वानी से भरवाया जा रहा है। कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने शासन से ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट को ठीक कराने के लिए पत्राचार किया है। बता दें कि कोरोना काल में शहर के बीडी पांडे अस्पताल में सेंट्रल ऑक्सीजन प्लांट सिस्टम स्थापित किया गया था, जिससे अस्पताल के 97 बेडों को सीधे जोड़ा गया था। हर वार्ड में मरीजों को प्रत्येक बेड पर ऑक्सीजन आसानी से मिल रही थी, लेकिन बीते दिनों चीन में नए वायरस के फैलने के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने इन्फ्लूएंजा व निमोनिया को लेकर अलर्ट जारी कर दिया था।

# स्वस्थ, स्वच्छ दिल्ली बनाने के लिए प्रतिबद्ध : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। श्रीमती गुप्ता ने शनिवार को यहाँ जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में ह्य100 दिन सेवा के, काम करने वाली सरकारह्व के एक कार्यक्रम में कहा, ह्यमुझे बहुत दुख होता है जब मैं उन लोगों के बारे में सोचती हूं जो मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठकर सुरक्षा बलों पर सवाल उठाते थे और देश के दुश्मनों से हाथ मिलाते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने महिलाओं का सम्मान बढ़ाया है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देती हूं। देश की सभी महिलाएं दुश्मन के इलाके में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने के लिए सशस्त्र बलों को सलाम करती हैं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देश का स्वाभिमान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा, पिछली सरकारें झुग्गियों को सिर्फ वोट बैंक समझती थी इसलिए उनके इलाके में कोई विकास का काम नहीं किया गया, लेकिन हमारी सरकार ने पहले बजट में ही झुग्गी वाले इलाके के विकास के लिए सात सौ करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। अब हर झुग्गी वाले इलाके में कोई न कोई काम शुरू हो गया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को जब तक पक्का मकान नहीं मिल जाता तब तक वहीं रहेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा सम्मान के साथ उनकी हर आशाओं को पूरा करना उनका दायित्व है। उन्होंने महिलाओं को ढाई हजार देने का जो वादा किया गया था उसे योजनाबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सभी योग्य पात्रों को इसका लाभ दिया जाएगा। श्रीमती गुप्ता ने कहा, पिछले दस साल में दिल्ली की जनता को जो जख्म मिले हैं उनको पाँच साल में भरने की हमारी कोशिश होगी। उन्होंने कहा है कि पिछले 10 साल में दिल्ली की सत्ता में जो सरकार रही वह कूड़े के पहाड़ को एक इंच भी कम नहीं कर पाई। हमारी सरकार आने के बाद कूड़े के निष्पादन का काम तेज किया गया है। दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी ज़िम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है यही है हमारी सेवा और संकल्प का रास्ता है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि पहले हर काम में भ्रष्टाचार होता था, लेकिन अब सरकार हर काम में पारदर्शिता लेकर आई है और भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा,स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली वालों को उनका हक नहीं मिला था, लेकिन हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट बैठक में दिल्ली वालों को आयुष्मान योजना लागू करने का फैसला किया। पिछले 100 दिनों में आयुष्मान योजना में 3.5 लाख लोगों ने पंजीकरण करा लिया है जिसे 10 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विस्तृत योजना बनाई है और उस पर काम किया जा रहा है। दिल्ली के सभी 250 वार्डों में प्रत्येक वार्ड चार-चार पानी छिड़काव के मशीनों को लगाया जाएगा। इसके अलावा ऊंची इमारतों पर भी एंटी-स्मॉग गन लगाये जाएँगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में यमुना केवल 48 किलोमीटर बहती है, लेकिन उसे साफ करने को पहले की सरकारों ने गंभीरता नहीं दिखाई। हमारी सरकार ने 100 दिन में पहले इस समस्या को समझा, फिर कार्रवाई शुरू की और 22 बड़े नालों को चिह्नित किया गया है जहां से गंदगी यमुना में जाती है। नए एसटीपी लगाने और पुराने एसटीपी का पुनरुद्धार करने के काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने दिल्ली में बढ़ती स्कूल फीस पर चिंता जताते हुए कहा कि हम एक नया फीस एक्ट लेकर आए हैं, जिससे बिना अभिभावक से चर्चा किए कोई स्कूल फीस नहीं बढ़ा पाएगा। उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार के एक सौ दिन पर आयोजित कार्यक्रम में अभिनेता अनुपम खेर ने मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की है।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने बलात्कार मामले में फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा को जमानत दी

दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक महिला से बलात्कार के आरोपी फिल्म निर्देशक सनोज कुमार मिश्रा को जमानत देते हुए कहा कि यह मामला यौन अपराधों की झूठी शिकायतें दर्ज कराने की हालिया प्रवृत्ति को दशार्ता है। उच्च न्यायालय ने कहा कि महिला ने अपने हलफनामे में कहा है कि वह मिश्रा के साथ रिश्ते में थी और उसने सहमति से उनके साथ शारीरिक संबंध स्थापित किए थे तथा उसने मिश्रा के कुछ प्रतिद्वंद्वियों के प्रभाव में आकर शिकायत दर्ज कराई थी। न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया को नबी करीम के थाना प्रभारी ने बताया कि उन्होंने शिकायतकर्ता महिला और उन सभी व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें आरोपी के खिलाफ झूठी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर करने की साजिश रची थी। उच्च न्यायालय ने 30 मई को पारित अपने आदेश में कहा, ह्ययह एक और मामला है, जो यौन अपराधों की झूठी शिकायतें दर्ज कराने के हालिया चलन को दशार्ता है। यौन अपराधों की हर झूठी शिकायत न केवल अपराध के आरोपी व्यक्ति को भारी नुकसान पहुंचाती है, बल्कि पूरे समाज में निराशा और अविश्वास भी पैदा करती है। इसके कारण यौन अपराधों के वास्तविक पीड़ितों को भी नुकसान उठाना पड़ता है, क्योंकि समाज को उनकी सच्ची शिकायत भी झूठी लगने लगती है। ऐसी झूठी शिकायतों से सख्ती से निपटना होगा। मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अमित चड्ढा ने कहा कि उनके मुवक्किल को शिकायतकर्ता ने झूठा फंसाया है, ताकि वह उन्हें फिल्म उद्योग में मौका देने के लिए मजबूर कर सके। वकील ने दलील दी कि आरोपी और पीड़िता लंबे समय से लिव-इन रिश्ते में थे, वह भी मुंबई में, और अभियोजन पक्ष के अनुसार, कथित अपराध मध्यप्रदेश के ओरछा में हुआ था, इसलिए दिल्ली का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि हलफनामे में शिकायतकर्ता ने भी यह कहा है कि यदि आरोपी को जमानत पर रिहा किया जाता है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है। परिस्थितियों पर विचार करते हुए न्यायमूर्ति कठपालिया ने कहा कि उन्हें आरोपी को स्वतंत्रता से वंचित करने का कोई कारण नहीं मिला। अदालत ने मिश्रा को 10,000 रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि के बॉण्ड पर जमानत दे दी। इससे पहले, उच्च न्यायालय ने मिश्रा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था, जिसके बाद उन्हें 30 मार्च को भारतीय दंड संहिता की धारा 376 (बलात्कार), 354सी (छिपकर देखना), 313 (सहमति के बिना गर्भपात कराना), 323 (चोट पहुंचाना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत कथित अपराधों के संबंध में गिरफ्तार किया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा

नई दिल्ली, । दिल्ली में शनिवार को न्यूनतम तापमान 34.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से 5.6 डिग्री कम है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। आईएमडी ने शनिवार और रविवार को बादल छाए रहने और मेघ गर्जन के साथ बूंदाबांदी का अनुमान जताया है। इसने बताया कि अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है। सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता 64 प्रतिशत थी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 204 दर्ज किया गया जो खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

### दिल्ली के बुध विहार में कई झुग्गियों में लगी आग, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

नई दिल्ली, । दिल्ली के बुध विहार फेज-दो में शनिवार तड़के कूड़े के ढेर में आग लग गई जो आसपास की कई झुग्गियों में फैल गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शनिवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे ह्यसंडे बाजार रोड पर आग लगने की सूचना मिली। उन्होंने कहा, आग की सूचना मिलने पर हमने दमकल की चार गाड़ियां मौके पर भेजीं। शुरूआत में आग कचरे तक ही सीमित थी जो तेजी से आसपास की 10 से 12 झुग्गियों में फैल गई। अधिकारी ने बताया कि सुबह साढ़े पांच बजे तक आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### दिल्ली के पांच सरकारी स्कूलों में फेलोशिप टीचिंग प्रोग्राम शुरू, गरीब छात्रों को मिलेगा फायदा

नई दिल्ली, । शिक्षा निदेशालय ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए टीच फॉर इंडिया के साथ साझेदारी के तहत पांच नए सरकारी स्कूलों में फेलोशिप शिक्षण कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। निदेशालय के अधिकारी के अनुसार, यह पहल उत्कृष्टता संगठन के तहत की गई है। निदेशालय का यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस साझेदारी के तहत इन स्कूलों में कुल 50 कक्षाएं और 29 फेलो काम करेंगे। योजना का उद्देश्य गरीब आर्थिक पृष्ठभूमि वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण और समावेशी शिक्षा प्रदान करना है। सभी फेलो दो साल तक पूर्णकालिक शिक्षण करेंगे और छात्रों के शैक्षणिक और नेतृत्व कौशल का विकास करेंगे। शिक्षा निदेशालय द्वारा समय-समय पर इस कार्यक्रम की निगरानी और मूल्यांकन किया जाएगा।

### दिल्ली में क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में हत्या की कोशिश का आरोपी

नई दिल्ली, । क्राइम ब्रांच की टीम ने पहाड़गंज थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में शामिल एक कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पहाड़गंज के मुल्तानी डांडा निवासी ऋषभ के रूप में हुई है। उपायुक्त विक्रम सिंह के अनुसार 4 मई को चार बदमाशों पंकज, जय किशन, ऋषभ और आकाश ने पुरानी रंजिश के चलते शिकायतकर्ता प्रमोद पर चाकुओं से हमला कर दिया और उस पर कई बार वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के बयान पर पहाड़गंज थाने में मामला दर्ज किया गया और घटना के तुरंत बाद दो-तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि ऋषभ तभी से फरार चल रहा था।

# द्वारका में लूट के प्रयास के दौरान पड़ोसी ने की थी लड़की की हत्या, गिरफ्तार



नई दिल्ली, । दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में जो लड़की घर में मृत पाई गई थी, उसकी कथित हत्या पड़ोसी ने की थी और वह मादक पदार्थों के लिए पैसा जुटाने के लिए घर में लूट डालने के लिए आया था। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी अनस (23) को शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात गिरफ्तार किया गया। किशोरी (13) का शव तीन मंज़िला इमारत की छत पर एक बंद कमरे में मिलने के कुछ घंटों बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने कहा, ह्यअनस किशोरी के परिवार को जानता था और लूट के इरादे से घर में घुसा था। जब किशोरी ने उसे देखा और शोर मचाया तो वह घबरा गया और पकड़े जाने के डर से उसने किशोरी का गला घोंट दिया और इसके बाद वह मोबाइल फोन और टैबलेट लेकर भाग गया।ह्व पुलिस के अनुसार अनस ने लूट की योजना इसलिए बनाई क्योंकि उसे मादक पदार्थ खरीदने के लिए पैसों की जरूरत थी। पुलिस ने बताया कि चोरी हुए मोबाइल की तकनीकी निगरानी करने पर वह एक नए उपयोगकर्ता के पास पाया गया, जिसने (नए उपयोगकर्ता ने) बताया कि उसने यह मोबाइल अनस से खरीदा है, साथ ही आरोपी के कब्जे से टैबलेट भी बरामद किया गया है। पुलिस ने कहा कि अनस को मार्च में लूटपाट के एक मामले में जमानत मिली थी और वह पहले भी कई लूट की वारदातों में शामिल रहा है। आठवीं कक्षा की छात्रा का परिवार करीब डेढ़ महीने पहले किराए के मकान में रहने आया। बृहस्पतिवार को घटना के समय किशोरी घर पर अकेली थी। काम से लौटने पर उसकी मां को उसका शव मिला। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच में यौन उत्पीड़न के कोई संकेत नहीं मिले हैं और हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

# तंबाकू एक लत है, इसे जागरूकता से ही कम किया जा सकता : विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नई दिल्ली, । विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर दिल्ली के रोहिणी इलाके में शनिवार को ह्यवॉक फॉर लाइफह्व और ह्यतंबाकू छोड़ोह्व जैसे नारे को जन जन तक पहुंचाने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे और लोगों को तंबाकू छोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंसने वॉक फॉर लाइफ के लिए हरी झंडी दिखाई। इस वॉकथॉन के माध्यम से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के कई सदस्यों और राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के डॉक्टरों ने लोगों में तंबाकू से होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी दी। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि तंबाकू केवल नशा नहीं है बल्कि यह एक जहर है। उन्होंने कहा कि तंबाकू एक लत है और इसे जागरूकता से ही कम किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने युवाओं पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे को एक फैशन के तौर पर लेती रही है, जिन्हें यह समझाने की जरूरत है कि तंबाकू उनकी सेहत के लिए कितना हानिकारक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को तंबाकू से होने वाले घातक परिणाम के बारे में बताने और उनको जागरूक करने की जरूरत है। इसके लिए सामाजिक संस्था ओं और इंस्टीट्यूट को आगे आना चाहिए। ऐसे नीतियों से बचाव के लिए सरकार कानून बनाती है और कई तरह के कदम उठाती है। लेकिन जब तक जनभावना,जन आंदोलन और जनसहयोग नहीं मिलेगा इस लड़ाई को जीता नहीं जा सकता है। वहीं,राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर मेडिकल डायरेक्टर डॉ.सुधीर रावल ने बताया कि तंबाकू कैंसर का प्रमुख कारक है। तंबाकू के सेवन न करने से कैंसर की संभावना को कम किया जा सकता है। यह पूरे शरीर को प्रभावित करता है। तंबाकू नहीं लेने से उम्र बढ़ जाती है। एक सिगरेट पीने से आपकी लाइफ तीन चार मिनट कम हो जाती है। ऐसे में तंबाकू को किसी भी रूप में नहीं लेना चाहिए। इसके लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। टीन ऐज में बच्चों को संभालने की जरूरत है। कुछ बच्चेर तो उत्सुकता की वजह से इसका सेवन करने लगते हैं कि इसमें है क्यां। बाद में बच्चेच इसके आदी हो जाते हैं।

# राष्ट्रीय स्तर के पहलवान से हथियार तस्कर बने व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने बागपत से गिरफ्तार किया



नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय स्तर के पहलवान से हथियार तस्कर बने 32 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोनू लंगड़ा उर्फ पहलवान एक सड़क दुर्घटना में अपना पैर गंवाने के बाद अपराधियों को अवैध हथियार की आपूर्ति करने लगा था, करीब आठ साल तक फरार रहने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। अधिकारी ने बताया कि सोनू लंगड़ा को 29 मई को उत्तर प्रदेश के बागपत में उसके पैतृक गांव से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि लंगड़ा को हथियार आपूर्ति के मामले में 29 जून 2017 को भगोड़ा घोषित किया गया था। अधिकारी ने बताया कि लंगड़ा उत्तर प्रदेश के विभिन्न पुलिस थानों में हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, डकैती, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) अधिनियम, शस्त्र अधिनियम और आबकारी उल्लंघन सहित कम से कम छह गंभीर मामलों में संलिप्त है। अपराधों में लिप्त रहने के दौरान भी सोनू अपने गांव में परिवार के साथ रहता था और खेती करता था। सोनू को ह्य अप्रैल 2016 को एक केबल ऑपरेटर की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) के अनुसार, कई बार छापेमारी किए जाने के बावजूद सोनू लंगड़ा आठ वर्षों तक लगातार पुलिस की पकड़ से बचता रहा। अधिकारी के अनुसार पूछताछ के दौरान सोनू ने बताया कि वह एक उभरता हुआ राष्ट्रीय स्तर का पहलवान था, लेकिन 2013 में एक सड़क हादसे में उसका एक पैर काटना पड़ा, जिससे उसका खेल करियर समाप्त हो गया। उसने बताया कि इसके बाद परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के लिए उसने अपराध की राह चुनी। उन्होंने बताया, ह्यवह स्थानीय गिरोहों के साथ जुड़ गया और अवैध हथियारों के व्यापार में सक्रिय रूप से शामिल हो गया, साथ ही विभिन्न आपराधिक गिरोहों को शराब की आपूर्ति भी करता था।

# संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने 36वें बरसी भंडारे के अवसर पर महान सूफी-संत शायर संत दर्शन सिंह जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



नई दिल्ली : महान सूफी-संत शायर दयाल पुरुष संत दर्शन सिंह जी महाराज (14 सितंबर, 1921-30 मई, 1989) के 36वें बरसी भंडारे का कार्यक्रम कृपाल बाग, दिल्ली में आयोजित किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भाई-बहन उनकी याद में एकत्रित हुए और उन्होंने उनके साथ बीते अपने रूहानी अनुभव बताते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने विडियो द्वारा प्रसारित सत्संग में कहा कि, संत दर्शन सिंह जी महाराज ने अध्यात्म की पुरातन तालीम को एक नए अंदाज में इतनी सरल भाषा में प्रस्तुत किया कि विश्वभर के लाखों लोग पिता-परमेश्वर की ओर वापिस जाने के मार्ग पर चलने तैयार हो गए। जब भी हम संत दर्शन सिंह जी महाराज को याद करते हैं तो उनका स्वयं का जीवन और उनकी शिक्षाएं आज भी दुनियाभर में फैले लाखों शिश्यों का मार्गदर्शन करती हैं। उन्होंने अपने अथक प्रयासों से पूरी मानवता के दिलों में प्रभु के प्रेम को भर दिया। उनकी शायरी हम सबके लिए एक दिव्य उपहार है, जिसमें अध्यात्म की गहराई को बड़े ही सरल और आसान शब्दों में बयान किया गया है, जिसके जरिये उन्होंने जीवन और उससे परे के रहस्यों को खोल-खोलकर समझाया है। संत दर्शन सिंह जी महाराज ने एक आत्मा के रूप में अपने आपको जानने और प्रभु के प्रेम और प्रकाश की अंदर की यात्रा पर जाने में हमारी मदद की, ताकि हम मनुष्य जीवन के मुख्य उद्देश्य प्रभु-प्राप्ति को इसी जीवन में पूरा कर सकें। संत राजिन्दर सिंह जी महाराज ने आगे कहा कि संत दर्शन सिंह जी महाराज ने अपना जीवन मानवता की सेवा में समर्पित करते हुए प्रभु के दिव्य-प्रेम के संदेश से अनगिनत लोगों के जीवन का रुख बदलकर पिता-परमेश्वर की ओर कर दिया। उन्होंने हरेक इंसान में पिता-परमेश्वर की ज्योति को देखा और सभी पर अपना दिव्य-प्रेम बरसाया, चाहे वो व्यक्ति किसी भी देश, जाति, धर्म और विचारधारा का हो। उनके द्वारा सिखाई गई शिक्षाओं के द्वारा हम यह जान सकते हैं कि हमें सही मायनों में अपना जीवन किस तरह व्यतीत करना चाहिए। वे चाहते थे कि हम भी ध्यान-अभ्यास के द्वारा प्रभु के प्रेम को अनुभव करें, ताकि हम अपने जीवन के परम ध्येय पिता-परमेश्वर को पाने के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ें। बरसी भंडारे के इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाई-बहनों ने भाग लिया, जो संत दर्शन सिंह जी महाराज के जीवन, उनके द्वारा दिये गए प्रभु के संदेश और उनकी शिक्षाओं के सम्मान में इकट्ठे हुए थे। इस अवसर पर अनेक प्रकार के समाज-कल्याण कार्यक्रम आयोजित किए गए। गर्मी की इस तपती धूप में संत दर्शन सिंह जी महाराज की प्यार भरी याद में 30 मई, 2025 को पूरे भारतवर्ष के अनेक राज्यों में प्रमुख स्थानों के अलावा दिल्ली में 135 मुख्य जगहों पर भी ठंडे व मीठे पानी की छबीलें लगाई गईं। 30 मई, 2025 को सफदरजंग अस्पताल और वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज में शारीरिक रूप से विकलांग मरीजों को व्हील चेयर, ट्राई साईकिल और बैसाखियाँ आदि उपकरण मिशन की ओर से मुफ्त भेंट किए गए। इसके अलावा गरीब व बेसहारा बच्चों के लिए ग्रेटर नौएडा के सेक्टर-बीटा क्क में चलाए जा रहे फादर एगनेल बाल भवन में बच्चों को दैनिक जरूरतों का सामान मुफ्त में वितरित किया गया।

# जासूसी के आरोप में पकड़े गए कासिम का वीडियो खुलासा : दूसरी बार गया था पाकिस्तान

नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जासूसी के आरोप में गिरफ्तार कासिम के मामले में बड़ा खुलासा किया है। पुलिस को एक वीडियो मिला है, जिसमें कासिम खुद कबूल कर रहा है कि वह दूसरी बार पाकिस्तान गया था। इस वीडियो ने जांच को नया मोड़ दे दिया है और कासिम की गतिविधियों पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह वीडियो उस समय का है, जब कासिम मार्च में दूसरी बार पाकिस्तान गया था। वीडियो में कासिम एक पाकिस्तानी यूट्यूबर को इंटरव्यू देते हुए दिख रहा है। उसने इंटरव्यू में कहा, मैं दूसरी बार पाकिस्तान आया हूं। जब भी मैं यहां आता हूं, मुझे ऐसा लगता है, जैसे मैं अपने घर में हूं। मेरी बुआ का घर यहीं है।ह्व कासिम ने यह भी बताया कि उसे पाकिस्तान इतना पसंद है कि वह तीन महीने के भीतर ही दोबारा वहां चला गया। पुलिस के अनुसार, कासिम का यह पाकिस्तान दौरा पहलगाम हमले से ठीक पहले का है। वह हमले से करीब एक सप्ताह पहले भारत लौटा था। इस खुलासे ने जांच एजेंसियों को सतर्क कर दिया है, क्योंकि कासिम की गतिविधियां और उसका पाकिस्तान से संबंध संदिग्ध लग रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल अब इस वीडियो और कासिम की ट्रैवल हिस्ट्री की गहन जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कासिम के खिलाफ जासूसी का मामला दर्ज किया गया है और उससे पूछताछ जारी है। जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कासिम का पाकिस्तान से क्या कनेक्शन है और वह वहां किन लोगों से मिला।

# आरोग्य मंदिर पर तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के नाम का पत्थर अभी भी लगा है, स्टाफ भी पुराना ही है : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली,आम आदमी पार्टी ने भाजपा सरकार के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की पोल खोल दी है। शनिवार को आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज भाजपा सरकार के 100 दिनों की विफलताओं का रिपोर्ट कार्ड लेकर चिराग दिल्ली पहुंचे और लोगों में वितरित किए। यहां उन्हें पता चला कि आप सरकार द्वारा चिराग दिल्ली में बनाई गई डिस्पेंसरी का नाम आयुष्मान आरोग्य मंदिर रखकर भाजपा अपनी उपलब्धि बता रही है। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2017 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और मैने इस डिस्पेंसरी का उद्घाटन किया था और अभी भी हमारे नाम का पत्थर लगा हुआ है। भाजपा रंगाई- पुताई करके इसे अपनी उपलब्धि बता रही है। इसी तरह दिल्ली में बने 30 अन्य आरोग्य मंदिर भी मोहल्ला क्लीनिक में बने हैं। भाजपा सिर्फ दिल्लीवालों को बेवकूफ बना रही है। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने शनिवार को भाजपा सरकार के 100 दिनों की विफलता पर तैयार रिपोर्ट कार्ड को चिराग दिल्ली में लोगों में वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे हो गए हैं। इन 100 में भाजपा सरकार द्वारा अपनी 20 बड़ी उपलब्धियां बताई गई है। इसमें सबसे बड़ी उपलब्धि बताई गई है कि भाजपा सरकार दिल्ली में 31 जगह आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाए गए हैं। चिराग दिल्ली में भाजपा सरकार के आने से पहले दिल्ली सरकार द्वारा डिस्पेंसरी बनवाई गई थी, जिसे भाजपा कह रही है कि उसने इन 100 दिनों के अंदर बनवाए हैं। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि यह वही आयुष्मान आरोग्य मंदिर है, जिसके बारे में भाजपा व एलजी बार-बार कहते थे कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर केंद्र सरकार की बहुत बड़ी स्कीम है। जिसे आम आदमी पार्टी नहीं बनने दे रही है। भाजपा अगर सरकार में आ जाएगी तो केंद्र सरकार बहुत पैसा दे देगा। भाजपा सरकार द्वारा कहा गया कि दिल्ली में 31 आरोग्य आयुष्मान मंदिर बन गए हैं। यह कोई आरोग्य मंदिर नहीं है, बल्कि यह दिल्ली सरकार की पुरानी डिस्पेंसरी है, जिसका उद्घाटन 3 दिसंबर 2017 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और मैंने किया था। डिस्पेंसरी पर दिल्ली सरकार, आप की सरकार भी लिखा हुआ है। साथ ही, डिस्पेंसरी पर उद्घाटन करने वाले स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन और विधायक सौरभ भारद्वाज का नाम भी लिखा हुआ है। यह भाजपा की सच्चाई है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की जनता को सच्चाई जाननी इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि दिल्ली के लोग अखबारों में पढ़कर भ्रमित होते होंगे। लोग सोचते होंगे कि 31 आयुष्मान आरोग्य मंदिर खुल गए हैं, उसमें कुछ अलग सुविधाएं होंगी। लेकिन जब दिल्ली के लोगों को पता चलेगा कि यह आरोग्य मंदिर नहीं है, बल्कि दिल्ली सरकार की पुरानी डिस्पेंसरी है। इस डिस्पेंसरी को आरोग्य मंदिर बनाने के लिए पिछले 10 दिनों में दीवारों पर पीले रंग का पेंट किया गया है

## सराय रोहिल्ला लूटपाट मामले में क्राइम ब्रांच ने किया आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, । क्राइम ब्रांच की टीम ने सराय रोहिल्ला थाना क्षेत्र में हथियार के बल पर लूटपाट करने के मामले में वांछित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान आनंद पर्वत निवासी अभिषेक उर्फ पंजा के रूप में हुई है, जिसने पिछले साल 15 अगस्त को अपने तीन साथियों दीपांशु उर्फ साहिल, अविनाश और कविश के साथ मिलकर घर में घुसकर शिकायतकर्ता के सिर पर हथियार से हमला कर तीस हजार रुपये लूट लिए थे। दीपांशु और अविनाश को हथियार और नकदी के साथ मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि कविश और अभिषेक दोनों घटना के बाद से फरार थे। उपायुक्त हर्ष इंदौरा के अनुसार कांस्टेबल आशीष को मिली गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने उसे 17 मई को ईस्ट पटेल नगर से गिरफ्तार किया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और दूसरे फरार अपराधी कविश की तलाश कर रही है।


## Jotindra Infrastructure Limited

(Formerly Known as JOTINDRA STEEL AND TUBES LIMITED)
CIN:L27104HR1970PLC005240
Registered Office: 14/3, MATHURA ROAD FARIDABAD HARYANA HR 121003 IN
Ph. No:- 0129-24477806, E-mail Id: jotindrasteelandtubes@gmail.com, Web-site:http://jotindra.com/

**Extract of Audited Consolidated Financial Results for the Quarter/Year ended on March, 2025**

₹ in Lakhs

| S. No. | PARTICULARS | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 | 31.12.2024 | 31.03.2025 | 31.03.2024 |
| | | Audited | Un-audited | Audited | Audited |
| 1 | Total income from operations | 3070.88 | 1677.47 | 11215.40 | 12534.36 |
| 2 | Net Profit/ (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 1929.18 | 1352.32 | 7003.45 | 5080.44 |
| 3 | Net Profit/ (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 235.53 | 10.88 | 2988.40 | 5078.45 |
| 4 | Net Profit/ (Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 170.22 | 12.78 | 2790.59 | 5075.12 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit/ (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 170.22 | 14.28 | 2792.09 | 5076.96 |
| 6 | Equity Share Capital | 807.46 | 807.46 | 807.46 | 487.46 |
| 7 | Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- (a) Basic (b) Diluted | 2.89 2.89 | 0.24 0.24 | 47.34 47.34 | 104.19 104.19 |

Notes:

1. The above Audited financial results for the quarter / Year ended on March 31, 2025 have been reviewed by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 30-05-2025.
2. The above is an extract of the detailed format of Consolidated Audited Financial Results for the quarter/ Year ended on March 31, 2025 , filed with the Mertopolitan Stock Exchange of India under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial Results for the quarter/ Year ended on March 31, 2025 is available on the Stock Exchange website viz. www.msei.in and on Company's website viz. http://jotindra.com/ and these can also be accessed through QR code given.
3. The Standalone Financial Results of the Company-

₹ in Lakhs

| S. No. | PARTICULARS | Quarter Ended | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 31.03.2025 | 31.03.2024 | 31.12.2024 |
| | | Audited | Audited | Un-audited |
| 1 | Total Income | 3058.8 | 6893.37 | 1677.4 |
| 2 | Profit before Tax | 230.25 | 4380.49 | 14.47 |
| 3 | Profit after Tax | 165.45 | 4409.91 | 16.54 |
| 4 | Total Comprehensive Income | 166.94 | 4411.75 | 16.54 |

Place: Faridabad
Date: 31.05.2025

By the Order of Board
JOTINDRA INFRASTRUCTURE LIMITED
formerly Known as JOTINDRA STEEL AND TUBES LIMITED
Sd/-
(AKHIL KUMAR SUREKA)
Managing Director
DIN: 00060206

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के खिलाफ जीत है : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर शनिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के खिलाफ हमारी जीत है। उन्होंने कहा कि यह नया भारत है, जो अब आतंकियों की हरकतें बर्दाश्त नहीं करेगा। अब हर जवाब सटीक होगा, और हर वार निर्णायक। इस कार्यक्रम में सीएम रेखा गुप्ता सरकार के 100 दिन पूरे होने पर प्रख्यात अभिनेता और वक्ता अनुपम खेर के कई सवालों के जवाब दिए। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एक कविता भी सुनाई। कविता कुछ इस प्रकार थीं-चुप्पी में, मैं धैर्य हूं, चुनौती में, मैं शौर्य हूं, मैं हूं सिंदूर। मैं आतंकियों का वध हूं, मैं हौसलों की सरहद हूं। मैं जीवनदात्री, मैं संहार की साक्षी, मैं हूं सिंदूर। मुझे निर्बल जानकर जिसने गोली चलाई थी, उन शत्रु पर मैं कड़ा प्रहार हूं। हर बेटी-बहू का उपहार हूं। मैं भारत का कल और आज हूं, मैं हिंदुस्तान की लाज हूं मैं सिंदूर हूं। कार्यक्रम के दौरान फिल्म अभिनेता अनुपम खेर ने रेखा गुप्ता से पूछा, मैं जानना चाहता हूं कि दिल्ली में भाजपा की सरकार आने से पहले बीते 10 साल आपने दिल्ली में कैसे गुजारे। सवाल के जवाब में रेखा गुप्ता ने कहा कि जब हमने देखा कि दिल्ली के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है, जब हर दिन भ्रष्टाचार उजागर हो रहा है, जब हर गली में शराब की दुकानें खुल रही हैं। हम उस संघर्ष के बीच में थे। कभी सचिवालय पर प्रदर्शन करते थे कभी केजरीवाल के आवास पर प्रदर्शन कर रहे थे। पिछले चुनावों में जब हम कुछ अंतर से हार जाते थे तो हम जनता के बीच रहते थे। 10 वर्षों में हमने जनप्रतिनिधि के तौर पर काम किया। कुल मिलाकर इन 10 सालों में दिल्ली पिछड़ गई,




लेकिन जहां भी हम चीजों को सही कर सकते थे, हम लोगों के बीच रहे और उनके लिए काम किया। सीएम से खेर के एक सवाल में, दिल्ली की जनता आप पर विश्वास क्यों करें, इसके जवाब में रेखा गुप्ता ने कहा कि रामलीला मैदान से एक आंदोलन शुरू हुआ तब हजारों लाखों लोग जुड़े। सभी ने उस समूह का साथ दिया, जिससे देश में कुछ बेहतर हो। वो लोग जो कहते थे कि हम सत्ता के लालची नहीं हैं वह सत्ता के लालची हो गए। उन्हें सत्ता के अलावा दूसरा कुछ नहीं दिखता। एक राज्य की सत्ता मिली तो दूसरे राज्य की ओर चल पड़े। बीते 10 साल में दिल्ली की जनता का विश्वास टूटा। इसलिए, दिल्ली की जनता ने नई सरकार पर भरोसा जताया है। दिल्ली की जनता देख रही है मेरे साथ मेरा पूरा मंत्रिमंडल सड़क पर लोगों में बीच में जाकर लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि कूड़ा अब राजनीति का मुद्दा नहीं, बल्कि समाधान की दिशा में हमारी जिम्मेदारी है। दिल्ली को स्वच्छ, स्वस्थ और गरिमामयी राजधानी बनाने के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। यमुना सफाई को लेकर रेखा गुप्ता ने कहा कि पूर्व की सरकार को 10 साल का वक्त मिला। इससे पूर्व की सरकारों के पास भी पर्याप्त समय था। लेकिन, किसी ने यमुना की सफाई को लेकर पहल नहीं की। क्योंकि, यमुना की सफाई को लेकर किसी का इरादा नहीं था। हमारी सरकार ने शुरुआती के 100 दिन में तय किया कि हमें चरणबद्ध तरीके से यमुना की सफाई का काम करना है। दिल्ली को ई-वेस्ट मुक्त बनाना केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सरकार ई-वेस्ट प्रबंधन को लेकर ठोस नीति और दीर्घकालिक समाधान के साथ आगे बढ़ रही है। यही है हमारी सेवा और संकल्प का रास्ता।

# अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर रैली निकाली गई



अमरोहा। लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के मौके पर पाल समाज के तत्वावधान में नगर में रैली निकाली गई। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। शनिवार को नगर में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के मौके पर रैली निकाली गई। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी ने संयुक्त रूप से अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। श्री तंवर ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई जा रही है। जो कि उनके महान योगदान, आदर्श शासन और जनसेवा की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि है। नगर पालिका परिषद् अध्यक्ष शशि जैन, माटीकला बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश गोला प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# गीता कॉलोनी में नगर निगम ने चलाया बुलडोजर, अवैध अतिक्रमण जमींदोज

## सड़क पर फैलाया गया सामान जब्त, व्यापारियों में मची भगदड़

- डीसीपी प्रशांत गौतम के नेतृत्व में पुलिस व्यवस्था रही सख्त और अनुशासित
- शाहदरा अतिक्रमण मुक्त हुआ तो रचा जाएगा नगर प्रशासन का ऐतिहासिक अध्याय

प्रातः किरण .मनोज जैन

शाहदरा जोन में स्थित कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली गीता कॉलोनी में शनिवार को दिल्ली नगर निगम द्वारा चलाए गए अतिक्रमण विरोधी अभियान ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार के नेतृत्व में असिस्टेंट कमिश्नर अश्विनी कुमार और लाइसेंस विभाग के अधिकारी पंकज कुमार की टीम ने गीता कॉलोनी वार्ड संख्या 210 में कई स्थानों पर बुलडोजर चलाकर झुग्गी-झोपड़ियों, अवैध होर्डिंग्स, सड़क पर अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले-पटरी



और अस्थायी ढांचों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई केवल एक स्थान तक सीमित नहीं रही, बल्कि पूरे क्षेत्र में जहाँ-जहाँ सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण दिखाई दिया, वहाँ निगम की टीम ने सख्ती दिखाई। जैसे ही निगम का बुलडोजर गली-गली में पहुँचा, दुकानदारों और पटरी व्यापारियों में हड़कंप मच गया। कई वर्षों से सड़क पर अवैध कब्जा जमाए बैठे व्यापारियों का सामान जब्त किया गया और निगम की जब्ती गाड़ी में लाद दिया गया। सार्वजनिक मार्गों को बाधित करने वाले तमाम ढाँचों को मिटा दिया गया। इस कार्रवाई को शांतिपूर्ण और प्रभावशाली बनाने हेतु पुलिस प्रशासन की ओर से भी विशेष व्यवस्था की गई थी। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) प्रशांत गौतम के आदेशानुसार गीता कॉलोनी थाने के प्रभारी एसएचओ सत्यवान लठवाल के नेतृत्व में पुलिस बल की पूरी टीम मौके पर तैनात रही। निगम और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के चलते कोई अव्यवस्था या विरोध नहीं हो सका। नागरिकों और व्यापारियों को मौके पर स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा अतिक्रमण पाया गया तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ज्ञात हो कि गीता कॉलोनी क्षेत्र में लंबे समय से अतिक्रमण के कारण न केवल आम नागरिकों को चलने में परेशानी होती थी, बल्कि यातायात जाम, आपातकालीन सेवाओं के वाहन जैसे एम्बुलेंस और दमकल के लिए भी मार्ग अवरुद्ध रहता था। इस कार्रवाई के बाद अब सड़कें खुली हैं और क्षेत्र में जन-सुविधाओं का संचार अपेक्षाकृत सरल हो गया है। स्थानीय नागरिकों ने इस सख्त अभियान की सराहना करते हुए कहा कि वर्षों बाद सड़क पर खुला आसमान दिखाई दे रहा है। दिल्ली नगर निगम की यह मुहिम केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि अब इसे एक निरंतर अभियान के रूप में देखा जा रहा है। शाहदरा जोन में सफाई, व्यवस्था और शहरी पुनर्रचना को प्राथमिकता दी जा रही है। किंतु अतिक्रमण जैसी गंभीर समस्या को जड़ से समाप्त करने के लिए निगम और पुलिस की यह संयुक्त रणनीति निर्णायक सिद्ध हो सकती है। यदि यह समन्वय बना रहा और शाहदरा क्षेत्र को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त किया गया, तो यह दिल्ली के प्रशासनिक इतिहास में एक स्वर्णिम उपलब्धि के रूप में दर्ज होगा।

# गांधीनगर विधानसभा क्षेत्र के कृष्णा नगर थाना अंतर्गत शंकर नगर में दिगंबर जैन मंदिर परिसर में हिंसक विवाद

प्रातः किरण मनोज जैन

गांधीनगर विधानसभा क्षेत्र के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में स्थित शंकर नगर में 28 मई 2025 को सुबह लगभग 8 बजे एक चिंताजनक और दुखद घटना घटित हुई। यह मामला दिगंबर जैन मंदिर परिसर में दो पक्षों के बीच विवाद का है, जिसमें मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ जैन पर उनके प्रतिद्वंद्वियों पल्टू जैन, सतेन्द्र जैन और अशोक जैन द्वारा शारीरिक हमला और जान से मारने की धमकियां देने का आरोप लगा है। सौरभ जैन के बयान के अनुसार, जब वे मंदिर पहुंचे, तो तीनों आरोपियों ने गालियां देते हुए उनका रास्ता रोका। सतेन्द्र जैन ने मंदिर परिसर में सरिया लेकर उन पर हमला करने का प्रयास किया, जिसे मंदिर के अन्य सदस्य मुकेश जैन ने रोक दिया। इसके बाद सतेन्द्र जैन बड़ा पत्थर उठाकर हमला करने भागा, लेकिन मुकेश ने उसे भी रोका। इस घटना को कारण सौरभ जैन को मामूली चोटें आईं, जिनका उपचार अस्पताल में किया गया, जहां उनका मेडिकल जांच किया गया और फिजिकल असॉल्ट की पुष्टि हुई। इस घटना का मूल कारण मंदिर के अध्यक्ष पद को लेकर चल रही विवादास्पद राजनीतिक लड़ाई मानी जा रही है, जो कई परिवारों और समुदायों के बीच तनाव को जन्म दे रही है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एफआईआर के तहत संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और जांच प्रारंभ कर दी है। यह विवाद न केवल मंदिर परिसर तक सीमित रह गया है, बल्कि पूरे शंकर नगर क्षेत्र में सामाजिक शांति को खतरे में डाल रहा है। शंकर नगर, जो गांधीनगर विधानसभा क्षेत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है, वहां के निवासियों के लिए यह घटनाक्रम अत्यंत चिंता का विषय बन गया है। धार्मिक स्थल जहां आस्था और शांति के केंद्र होते हैं, वहां इस प्रकार के झगड़े और हिंसा समाज के लिए गंभीर चुनौती प्रस्तुत करते हैं। समाज के जिम्मेदार बुजुर्गों, धार्मिक नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों को चाहिए कि वे शीघ्रता से इस विवाद का शांतिपूर्ण समाधान निकालें। दोनों पक्षों को आपसी सहमति और न्यायसंगत चुनाव के माध्यम से विवाद सुलझाने की दिशा में काम करना चाहिए। साथ ही, प्रशासन को कड़ी निगरानी रखनी चाहिए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं पुनः न हों। शंकर नगर क्षेत्र के सामाजिक ताने-बाने को मजबूत बनाना सभी के हित में है। जब तक हम संवाद, सम्मान और समझदारी के साथ नहीं चलेंगे, तब तक सामाजिक सद्भाव स्थापित करना संभव नहीं होगा। सभी पक्षों से आग्रह है कि वे अपने निजी मतभेदों को सामाजिक शांति के ऊपर न आने दें और मिल-जुलकर शंकर नगर को एक शांतिपूर्ण व सुरक्षित आवासीय क्षेत्र बनाएं। यह घटना हमें यह भी याद दिलाती है कि समाज में एकजुटता और परस्पर सम्मान कितना आवश्यक है। प्रशासन और समाज के बड़े बुजुर्गों को इस दिशा में पहल करनी होगी ताकि धर्मस्थलों को विवादों से मुक्त रखा जा सके और क्षेत्रवासियों को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा की गारंटी मिल सके। इस प्रकार की घटनाओं को समाप्त करने के लिए हमें सामूहिक प्रयासों और जागरूकता की आवश्यकता है, जिससे गांधीनगर विधानसभा क्षेत्र के शंकर नगर जैसे संवेदनशील इलाकों में पुनः ऐसी नकारात्मक घटनाएं न हों और वहां के नागरिक शांति एवं विश्वास के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

# सपाइयों ने मनाई राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती




अमरोहा। सपा जिला कार्यालय पर शनिवार को राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार रखे। जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर ने लगातार 30 साल तक शासन किया। पूर्व मंत्री जगराम सिंह ने कहा अहिल्याबाई होल्कर ने भारत के तीर्थ स्थलों पर मंदिर बनवाए, घाट बनवाए, भूखे व्यक्तियों के लिए अन्न सत्र खोले, बनारस के काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग की स्थापना की। जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी ने कहा कि इतना बड़ा व्यक्तित्व जनता ने अपनी आंखों से नहीं देखा था। जिला प्रवक्ता एवं उपाध्यक्ष सतराम सिंह यादव ने कहा की उनकी स्मृति में विभिन्न राज्यों में विधवाओं, अनाथों व दिव्यांगों के लिए आश्रम बनवाए गए।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षित हुए विद्यार्थियों को दिये प्रमाण पत्र

## तकनीकी शिक्षा को ग्रहण कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनायें विद्यार्थी: हाजी मौ.उस्मान




मुरादाबाद / कांठ। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,कांठ में इंदिरा गांधी कंप्यूटर साक्षरता मिशन द्वारा चलाई जा रही स्किल हब योजना तथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षण के उपरान्त विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट वितरण किये गए। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मौहम्मद उस्मान अली चेयरमैन नगर पंचायत उमरी कलाँ व विशिष्ट अतिथि के रूप में मास्टर शमीम अहमद भी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि मौहम्मद उस्मान अली ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को तकनीकि शिक्षा को भी पूरी लगन से ग्रहण करना चाहिए ताकि वे तकनीकी क्षेत्र में भी आगे बढ़कर रोजगार से जुड़े और अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सके। उन्होंने आगे कहा कि ईमानदारी, महनत और लगन से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में सभासद पति मास्टर शमीम अहमद ने कहा कि क्षेत्र के युवा वर्ग को आई.टी.आई प्रशिक्षण प्राप्त कर नौकरी हासिल करना बहुत आसान हो जाता है। इस मौके पर आईटीआई के प्रधानाचार्य बिन्दू जी द्वारा बच्चों को आई.टी.आई. में चल रहे दाखिला प्रक्रिया व व्यवसायों के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि हमारी आई.टी.आई. में फिटर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, वैल्डर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक मोटर वाहन, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, फैशन डिजाइन तकनीक, ड्रेस टेक्नोलॉजी, इंटरनेट ऑफ थिंकस टेक्नोशियन, सिलाई तकनीक कुल 12 व्यवसायों में प्रशिक्षण कार्य सुचारू तौर से करवाया जाता है। साथ ही उन्होंने बच्चों को आई.टी.आई. में चल रहीं दाखिला प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई उन्होंने बच्चों को कौशल कार्य में आगे बढ़ने तथा आगामी युग में आई.टी.आई. के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आईटीआई बिंदु जी, स्टाफ सदस्य सुनील कुमार मौर्य, साक्षी, आसमा व हेड ऑफिस दिल्ली टीम से कपिल सैनी नोडल अधिकारी आदि सहित प्रशिक्षण केंद्र का स्टाफ मौजूद रहा।

# बरसात से पहले अधूरी सड़कें, नालियां, कचरे और अंधेरे चिंता बढ़ा रही

प्रातः किरण सुशील देव

पश्चिमी दिल्ली, वार्ड-111, बापरोला के हरफूल विहार और जय विहार की गलियों में इन दिनों हल्की बारिश के बाद ही जलजमाव की गंभीर समस्या सामने आ रही है। अधूरी सड़कों और अवरुद्ध नालियों ने इस वार्ड के निवासियों की परेशानी बढ़ा दी है। हालात इतने खराब हो गए हैं कि बरसात के मौसम से पहले ही सड़कें कीचड़ और पानी से लबालब हो जाती हैं। जगह–जगह कचरों का अंबार और कई गलियों में अंधेरे लोगों को डरा रहा है। जनता है कि केवल अपना दुःख ही हर कहीं बयान करती नजर आती है, लेकिन कोई उनकी सुनने वाला नहीं। बता दूं कि विशेष रूप से 10 नंबर गली, जो हरफूल विहार नाले को कॉलोनी से जोड़ती है और बजरंग चौक तक जाती है, बुरी तरह से प्रभावित है। यह सड़क रोजना ऑफिस जाने वाले



यात्रियों और रिक्शा चालकों के लिए मुख्य मार्ग है, लेकिन अब इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां चलना तक मुश्किल हो गया है। कीचड़ और गड्ढों की वजह से रिक्शा पलटने की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे यात्रियों को चोटें भी आ रही हैं। पिछली सरकार ने इस सड़क के निर्माण की शुरूआत तो की थी, लेकिन नई सरकार बनने के बाद से काम अधूरा ही पड़ा है। क्षेत्रवासी अब भी अधूरी सड़कों के पूरे होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। यही सड़क आगे गांव से निकलते मुख्य सड़क की ओर जाती है, जो आज भी अधूरी है। पूरी सड़क नहीं बनने से वाहनों को उधर भी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। भीमा गार्डन से जी ब्लॉक की ओर जाने वाली सड़क की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। हल्की बारिश में भी यहां जलभराव हो जाता है। छठ घाट रोड से होते हुए सीधी एफ एवं जी ब्लॉक की ओर जाने वाली सड़क ट्रांसफार्मर के आगे काफी दिनों से नहीं बन पाया है। वहां भी बरसात में जल जमाव एवं कीचड़ की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दास गार्डन की मुख्य सड़क जो सीधी बापरोला गांव की ओर जाती है, वहां भी निर्माण कार्य सुस्त है। यहां की ऐसी कई सड़कें हैं, जो अव्यवस्थित होने से यहां की जनता को बहुत दुःख देती है। यहां की कई गलियों की हालत इतनी जर्जर है कि पैदल चलना तक मुश्किल हो गया है। कई नालियां या तो पूरी तरह से बंद हैं या पहले से ही कचरे से भरी हुई हैं। यदि समय रहते इनकी सफाई नहीं की गई तो आने वाले दिनों में स्थिति और बदतर हो सकती है। कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिनका समय पर निस्तारण नहीं हो रहा। स्ट्रीट लाइटें महीनों से खराब पड़ी हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कहीं–कहीं सीवर और पीने के पानी को लेकर भी शिकायतें मिल रहीं, लेकिन उनकी किसी भी समस्या का समाधान नहीं दिखाई देता। यहां की जनता में जन प्रतिनिधियों की कार्यशैली को लेकर बड़ा असंतोष भरा है, जो काफी चिंताजनक है। ज्ञात हो कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा हाल ही में इस बावत बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

# द्वारका में बेसमेंट पार्किंग की छत गिरी. दो कारें क्षतिग्रस्त, कोई घायल नहीं

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता

नई दिल्ली। द्वारका के सेक्टर 18ए में स्थित एक्सिलेंस अपार्टमेंट में उस समय काफी उथल पुथल की स्थिति हो गई, जब बेसमेंट पार्किंग की छत अचानक ढह गई। इस हादसे में दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। सुकून की बात यह है कि हादसे में किसी को चोट नहीं लगी। हादसे में जानकारी पुलिस को शुक्रवार रात करीब 10:48 बजे मिली। सूचना मिलते ही द्वारका नॉर्थ थाना पुलिस से जांच अधिकारी मौके पर पहुंचे। साथ ही दमकल विभाग और आपदा प्रबंधन एजेंसियों को मामले से अवगत कराया गया। दमकल विभाग की टीमों ने मौके का निरीक्षण किया और स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि अपार्टमेंट की बेसमेंट पार्किंग और सेंट्रल पार्क में मरम्मत और विकास कार्य चल रहा था। हादसा बेसमेंट पार्किंग की छत पर मलबे और मिट्टी के एक जगह जमा होने के कारण हुआ। इस सोसाइटी में पांच टावर और कुल 108 फ्लैट हैं। पुलिस अधिकारी का कहना है कि इस मामले में बीएनएस की धारा 290 के तहत केस दर्ज किया गया है।

# विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

## धनौरा व बछरायूं पुलिस पर लगाया लापरवाही का आरोप



प्रातः किरण संवाददाता

मंडी धनौरा शनिवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि धनौरा तहसील क्षेत्र में दिन पे दिन हिंदू समाज की युवतियां गायब हो रही हैं। कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि धनौरा व बछरायूं पुलिस गायब हुई युवतियों को बरामद करने में नाकाम साबित होती दिखाई दे रही है। पुलिस हाथ पर हाथ रखकर बैठी है जिसकी वजह से आज तक युवतियों की बरामदगी नहीं हुई है। जिसके कारण गायब हुई युवतियों के परिजनों की चिंता दिन पे दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जल्द से जल्द गायब हुई युवतियों को बरामद कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए। व आने वाले ईद उल अजहा पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी पर रोक लगाई जाए। व नियमानुसार मस्जिदों के लाउडस्पीकरों से आने वाली तेज आवाज को कम कराया जाए। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर एक हफ्ते के अंदर अंदर मामले में कार्यवाही नहीं हुई तो तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में हेमंत सारस्वत, सुरजीत सिंह, दीपक यादव, अशोक सैनी, अंकित सैनी, भूपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा

प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा। बीएड की प्रवेश परीक्षा रविवार को जिले में पांच केंद्रों पर होगी। दो पालियों में 2269 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को नकल विहीन संपन्न कराने के लिए स्टैटिक मजिस्ट्रेट और आब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था संग सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में होगी। बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा का आयोजन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा किया जा रहा है। जिले में परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय पर पांच केंद्र बनाए गए हैं। इनमें जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज के ब्लाक-ए में 500, ब्लाक-बी में 450, जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज में 450, राजकीय इंटर कॉलेज में 419 व आईएम इंटर कॉलेज में 450 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

# नेशनल प्रेस क्लब द्वारा केक काटकर मनाया गया हिंदी पत्रकारिता दिवस




प्रातः किरण संवाददाता

मसवासी। पत्रकारिता दिवस के मौके पर नेशनल प्रेस क्लब मसवासी द्वारा शाहरुख मोबाइल हब पर केक काटकर हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया गया इस मौके पर सभी ने पत्रकार एकता पर जोर दिया तथा एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर नेशनल प्रेस क्लब के पत्रकारों द्वारा कहा गया कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है तथा सभी पत्रकार बंधु निर्भीकता एवं निडरता के साथ अपनी मयार्दा एवं गरिमा में रहकर कार्य करें तथा एक जुट रहे। पत्रकार विषम परिस्थिति में भी अपने कार्य पर अडिग रहता है समाज के वंचित शोषित वर्ग कमजोर तथा लाचारों की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाता है। इस मौके पर नेशनल प्रेस क्लब के अध्यक्ष शकील मलिक, संरक्षक डॉक्टर कोतवाल सिंह वर्मा, उपाध्यक्ष फारूक अंसारी, कोषाध्यक्ष संजीव वर्मा, शाहरुख अंसारी, खालिद मोहम्मद मोहम्मद कासिम, राहुल मौर्य, रूप किशोर मोर्य, फैज मलिक आदि पत्रकार शामिल रहे।

# दीदी की दुकान खोलने के बाद से जीवन में आए परिवर्तन, खुशियों का दौर शुरू

## जेबीएफ और बी-एबल फाउंडेशन कर रहा 60 दुकानों का संचालन

## यूनिसेफ (युवाह) ने प्रदत्त किए 15 महिलाओं को एसी/डीसी फैन



अमरोहा/गजरौला। महिला स शक्तिकरण की दिशा में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए जुबिलेंट भरतिया फाउंडेशन द्वारा बी-एबल फाउंडेशन के सहयोग से संचालित दीदी की दुकान तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। यूनिसेफ (युवाह) द्वारा सर्वाधिक सेल करने वालीं 15 महिलाओं को प्रोत्साहन स्वरूप एसी/डीसी पंखे प्रदान किए गए ताकि वे भीषण गर्मी में बिजली नहीं होने पर ही दुकान पर बैठ सकें शनिवार को गजरौला में ग्रामीण समृद्धि केंद्र पर दीदी की दुकान प्रोत्साहन समारोह का आयोजन किया गया केंद्र प्रभारी साजिद पाशा ने बताया कि जेबीएफ के सहयोग से क्षेत्र में 60 दीदी को दुकानें संचालित की जा रही हैं। भविष्य में इनकी संख्या बढ़कर सौ हो जाएगी जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में जुबिलेंट का यह बड़ा प्रयास है। उन्होंने 31 मई विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर महिलाओं को तंबाकू के दुष्प्रभावों के संबंध में भी जानकारी दी साथ ही ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन बीमा योजना, दुर्घटना बीमा योजना आदि के संबंध में भी जानकारी दी। सीएसआर कार्यक्रम अधिकारी गौरव विशाल ने बताया कि जेबीएफ सामाजिक सरोकारों के कार्यों में प्रमुखता से कार्य कर रही है। ब्लाक में एडीओ संजीव कुमार ने महिलाओं को बचत करने के प्रति जागरूक किया और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने बताया कि दीदी की दुकान खोलने के बाद से उनके जीवन में कई परिवर्तन आए हैं। खुशियों का दौर शुरू हो गया है। अब वे माह में 10 से 35 हजार रुपये तक कमा रही हैं। प्रोत्साहन समारोह में हिमांशु शर्मा, सरिता, ज्योति देवी, गुड्डी रानी, काजल, संतोष मजली, नीतू शर्मा, सुमन, सुरभि, मीना, शशि रानी, रूबी गोस्वामी, सुमन एवं रश्मि को टेबिल फैन प्रदान किए गए इस मौके पर जेबीएफ के प्रोग्राम कोर्डिनेटर चंदन प्रसाद, बृंदी सिंह, नवनीत सिंह, बी-एबल फाउंडेशन से उसमान पाशा, अभिषेक, मोहित, नासिर व अनुज भी मौजूद रहे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, रविवार, 01 जून, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### विशेष विकास शिविर का आयोजन

बरियारपुर (मुंगेर)। आंबेडकर समग्र सेवा अभियान अनुसूचित/अनुसूचित जन जाति विशेष विकास शिविर का आयोजन बरियारपुर प्रखंड के करहरिया दक्षिणी पंचायत अंतर्गत दास टोला गांव में विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रखंड बागवानी पदाधिकारी रणधीर कुमार मंच संचालन बिकाश मित्र दिनेश सदा अपस्थित प्रखंड कृषि समन्वयक राणा प्रताप सिंह पंचायत कृषि सलाहकार संजय कुमार सिंह,स्वास्थ्य सेविका अंजनी सिन्हा आशा कविता कुमारी, आवास सहायक शैलेन्द्र कुमार सिंह,पंचायत सचिव संजीव कुमार पासवान, शिक्षा सेवक अमलेश कुमार, के साथ वार्ड सदस्य रुवी देवी उपस्थित रहे इस अवसर पर पर दास टोला में संचालित आंगन वाड़ी केंद्र संख्या चार से स्थान्तरित कर पिछड़ा बाहुल्य टोला चले।

# जिलाधिकारी ने जनता दरबार में सुनी लोगों कि समस्याएं

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई। जिला दण्डाधिकारी सह समाहर्ता, अभिलाषा शर्मा ने 31 मई को समाहरणालय परिसर स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया। मौके पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूर क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों ने आवेदन देकर अपनी समस्याओं को बताकर न्याय की गुहार लगाई। जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर पीड़ितों की समस्याओं को बारी-बारी से सुनी और हर संभव न्याय का भरोसा दिलाया। तथा कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया तथा कुछ मामलों को इससे जुड़े विभाग को अग्रसारित कर अविलम्ब विधि सम्मत कार्रवाई किए जाने का निर्देश दिया। विदित हो कि जिलाधिकारी महोदया प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुनते हैं।

जिलाधिकारी महोदया ने जनता दरबार में जन शिकायत से संबंधित सुनवाई के क्रम में भूमि बंटवारे, अतिक्रमण, दाखिल खारिज, रैयति भूमि का निबंधन, अनुग्रह भुगतान, खतियान, दखल-कब्जा, जमीन की नापी, इंदिरा आवास योजना, विकलांग पेंशन, विवादित भूमि पर जबरन कार्य, चयन प्रक्रिया, जमाबंदी, सेवान्त लाभ, सामाजिक सुरक्षा से लाभ, श्रम संसाधन से लाभ, स्वच्छता, अनुकम्पा नियुक्ति, राशि-गबन, रास्ता अवरुद्ध, मारपीट, बासगीत पर्चा, पक्की नली गली, आंगनवाड़ी, गैर मजरूआ, बिजली एवं अन्य से सम्बंधित मामले आए। जिलाधिकारी महोदया ने तमाम प्रकरणों को गंभीरता से लिया और प्राप्त शिकायतों पर संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित व प्रभावी कारवाई के लिए दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदया ने इस अवसर पर कहा कि जनता को कठिनाइयों से उबारना ही उनका मुख्य मकसद है। सरकार की राज्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ कमजोर वर्गों को मिले इसके लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं। जनता इन योजनाओं का लाभ उठाएं और सरकार की सोच को साकार करने में सहयोग दें। जिलाधिकारी महोदया ने कहा कि राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को गति देने में शिथिलता और अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निष्ठा के साथ काम करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर समाहर्ता सुभाषचंद्र मंडल समेत कई विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# तंबाकू मुक्त भारत वर्तमान समय की मांग




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के महाराजगंज स्थित स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत के विधिशाला सह संवाद कक्ष में तंबाकू मानव और समाज के लिए हानिकारक विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता प्रभाव कुमार भारत ने की। मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ता और केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि तंबाकू मानव,समाज और अर्थव्यवस्था तीनों के लिए हानिकारक है। तंबाकू सेवन का सीधा असर अर्थ व्यवस्था पर भी पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता बोझ, कार्य उत्पादकता में गिरावट और श्रमिकों की असमय मृत्यु से देश की आर्थिक प्रगति बाधित होती है। उन्होंने कहा कि तंबाकू मुक्त भारत बनाना वर्तमान समय की आवश्यकता और मांग है। तंबाकू निषेध स्वस्थ मानव एवं संपन्न भारत की पहली सीढ़ी है। तंबाकू का धुआं इंसान का स्वांस, जीवन और मुस्कान तीनों छीन लेता है। आदत बुरी हो वह अमृत भी जहर बन जाता है। तंबाकू मुक्त युवा स्वर्णिम भारत की आशा हैं। जनरल ऑफ एडिक्शन के रिपोर्ट के अनुसार एक सिगरेट पीने से पुरुषों की आयु 17 मिनट और महिलाओं की आयु 22 मिनट कम हो जाती है। कहते हैं कि हर सिगरेट मनुष्य की जिंदगी से कीमती मिनट चुरा लेती है। उन्होंने कहा कि तंबाकू उद्योग भारत की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देता है। हालांकि बिहार में तंबाकू उत्पादन पर प्रतिबंध है, जिसके कारण करीब 300 करोड़ प्रति वर्ष आर्थिक हानि होती है। तंबाकू मुक्त भारत के स्वप्न को साकार करने के लिए आज सामग्र प्रयासों की आवश्यकता है। तंबाकू निषेध दिवस हमें तंबाकू के वास्तविक खतरे को समझने और इसके विरुद्ध ठोस कदम उठाने की प्रेरणा देता है। तंबाकू और निकोटिन, उद्योग रंगीन पैकेजिंग, मीठे फ्लेवर, भ्रामक स्वास्थ्य दावे के माध्यम से युवाओं को आकर्षित करते हैं। आज युवा नशा के जाल में फंस जाते हैं। कहते हैं कि नशे का संसार विनाश का द्वार है। इसीलिए नशा छोड़े अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत ने कहा कि तंबाकू एक कानूनी प्वाइजन है जिसे बेचना अपराध है तो इसका सेवन आत्महत्या के जैसा है। सरकार को तंबाकू के हानिकारक तत्वों से युवा पीढ़ी को बताना चाहिए उनमें जागरूकता लाना चाहिए। सिर्फ कंपनी के चेतावनी से काम नहीं चलने वाला है। बल्कि सरकार और संस्थाओं को मिलकर देश और समाज को तंबाकू मुक्त बनाना जरूरी है। तंबाकू व्यापार को भी नियंत्रित करना चाहिए। कानून और नैतिकता दोनों साथ-साथ चले यही समय की मांग है। वरिष्ठित देवता रामचंद्र ने कहा कि तंबाकू मानव तन और मन का सबसे बड़ा दुश्मन है। इसका सेवन न केवल व्यक्ति की सेहत का हनन करता है बल्कि परिवार और समाज को भी छन भिन्न कर देता है। एक सशक्त देश के लिए तंबाकू मुक्त युवा आवश्यक है। शिक्षक मंटू पासवान ने कहा कि सिर्फ व्यक्ति के लिए ही नहीं समाज के लिए भी खतरा है। स्कूल में बच्चों को तंबाकू निकोटीन जैसे खतरनाक रसायन के संबंध में बच्चों को जागरूक किया जाना चाहिए। तंबाकू मीठा जा रहे एक बार जो इस नशा जाल में फंसा उसे छूटना मुश्किल हो जाता है मौके पर उपस्थित डॉ निरंजन कुमार दुबे, प्रो संजीव कुमार सिंह, प्रो आनंद कुमार सिंह आदि ने तंबाकू को समाज के लिए अभिशाप बताया। युवाओं को नशा नहींतंबाकू मुक्त भारत वर्तमान समय की मांग जनरल ऑफ एडिक्शन की रिपोर्ट के अनुसार- एक सिगरेट पीने से पुरुषों की आयु 17 मिनट और महिलाओं की आयु 22 मिनट कम हो जाती है। जमुई :-विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के महाराजगंज स्थित स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत के विधिशाला सह संवाद कक्ष में तंबाकू मानव और समाज के लिए हानिकारक विषय पर एक परिचर्चा आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता अधिवक्ता प्रभाव कुमार भारत ने की। मौके पर उपस्थित मुख्य वक्ताके के बतौर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने कहा कि तंबाकू मानव,समाज और अर्थव्यवस्था तीनों के लिए हानिकारक है।

# विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर देश बचाओ अभियान ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम



प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर देश बचाओ अभियान के बैनर तले तंबाकू नशा छोड़ो, बिमारी भगाओ, स्वास्थ्य बचाओ, जीवन बचाओ, मानव बचाओ, देश बचाओ, नारों के साथ जागरूकता कार्यक्रम सदर हॉस्पिटल चौक पर किया गया। अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि काले इरादे से तंबाकू की खेती एवं उपज, फैक्ट्री , निर्माण एवं बिक्री की जाती है। तंबाकू से निर्मित सिगरेट, खैनी, बीड़ी, हुक्का चिलम चुरोट गुटखा शिखर आदि का सेवन से कैंसर, हृदय रोग, सांस रोग, आंत रोग, दांत रोग, आदि बीमारी होती है। तंबाकू का सेवन जानलेवा होता है। श्री यादव ने कहा कि दृढ़ संकल्पित होकर उक्त नशा को मानव को छोड़ना चाहिए। आदत सुधार हेतु लौंग इलायची सौंफ हर्रे जमाईन जीरा का सेवन करना चाहिए। श्री यादव ने रिक्शा, इ रिक्शा, टमटम टेंपो ठेला चालकों , गरीब मध्यम वर्गों के बीच तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया। वहीं उपरोक्त नशा आदत छोड़ने हेतु नशा मुक्ति केंद्र जाने का अपील किया। उपस्थित लोगों को तंबाकू नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया। तथा जेब में रखें खैनी सिगरेट बीड़ी गुटखा को निकाल कर नष्ट किया गया। श्री यादव ने सरकार से तंबाकू की खेती करने, उपजाने, फैक्ट्री चलाने, बीड़ी सिगरेट गुटका निर्माण करने, बिक्री एवं सेवन करने पर रोक लगाने फैक्ट्री बंद करने की मांग किया। कहा कि जब तक निर्माण कार्य बंद नहीं होगा, तब तक सेवन कार्य बंद नहीं हो सकता है। सरकार टैक्स लेने हेतु निर्माण कार्य जारी रखते हैं किंतु आम जनता को सेवन करने का अपील करते हैं। सरकार से आर्थिक मानसिकता दोहरी नीति बंद करने का अपील किया। तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान में जयमाला कुमारी सुंदर माला कुमारी सुनीता देवी रेनू देवी मधुबाला ललन पासवान चंदन महतो निरंजन पासवान सचिन कुमार महेश साह साधी भीखो पासमान राजेंद्र साह विक्रम कुमार सोनू कुमार आदि ने तंबाकू नशा न करने एवं न करने देने का संकल्प दोहराया।

# लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300 वीं जयंती के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामनगर में छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता





लखीसराय !महिला एवं बाल विकास निगम लखीसराय के तत्वाधान में एवं संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के सहयोग से पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के 300 वीं जयंती के अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय रामनगर में छात्राओं के बीच जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ मनोज कुमार सिन्हा ने बताया कि आज अहिल्याबाई होलकर का जन्मदिन है जो महिलाओं के सशक्तिकरण का उदाहरण है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही योजना जैसे कौशल विकास प्रशिक्षण,अल्पावास, पुनर्वास,पालनाघर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए। किसी अपरिचित से संपर्क न करने का सलाह दिया गया और न ही फेसबुक वॉट्सएप एवं अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती करने का सलाह दिया गया ।वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ अमित कुमार ने बाल विवाह के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जिसे हम सभी को मिलकर दूर करना है। बाल विवाह रोकथाम हेतु सरकार ने कानून बनाया है जिसका पालन भी हम सभी को मिलकर करना है। अन्यथा जुर्म के भागी बनना पड़ सकता है। महिला हेल्पलाइन टॉल फ्री नंबर 181 के बारे में जानकारी दिया गया कि कोई भी महिला या किशोरी अपने मदद के लिए 181 का सहारा ले सकते हैं ।जिला मिशन समन्वयक प्रशांत कुमार ने बताया कि महिला सशक्तिकरण के अप्रतिम उदाहरण त्याग, करुणा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए संकल्पित पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जी का जन्मदिन है, उनके जन्मदिन सभी छात्रा और महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत है जिनका पति, बेटा, बेटी, ससुर व दामाद सभी खत्म हो गया फिर भी टूटे नहीं, हिम्मत नहीं हारी बल्कि राज्य की बागड़ोर अपने हाथों में लेकर अच्छी तरह से राज्य को चलाया। सती प्रथा जैसे सामाजिक कुरीति का भी उन्होंने प्रतिकार किया। विधवा महिला को संपति पर अधिकार दिलाया। महिला सेना का गठन किया। रोजगार के लिए सूरत के बुनकरों को महेश्वर बुलाया। अनेकों मंदिरों का निर्माण,जिर्णोद्धार धर्मशाला, कुआं पोखर का निर्माण करवाया। न्याय के लिए अपने बेटों तक को नहीं छोड़ा इसलिए आज उनके जन्मदिन के अवसर पर सभी छात्रा को प्रेरणा लेना है कि उनके जन्मदिन के अवसर पर शपथ लें कि मन लगाकर पढ़ाई करेंगे और सशक्त होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को निभाएंगे। आगे उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, परवरिश जैसे योजना के बारे में भी जानकारी दिए। संकल्प हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन कार्यालय के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी एवं मदद किया जाता है। मौके पर विद्यालय के वार्डन सह शिक्षिका रिमझिम कुमारी, एमटीएस गौतम कुमार, छात्रा गीता कुमारी ,अनुष्का कुमारी, काजल कुमारी, चांदनी कुमारी सहित दर्जनों छात्रा मौजूद रहे। अंत में बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ भी दिलाया गया।

## कांग्रेस आरटीआई सेल के अध्यक्ष बनें सुधीर कुमार सिंह, कांग्रेस नेताओं ने दी बधाई

सहरसा। जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष मुकेश कुमार झा ने नगर निगम क्षेत्र के नरियार ग्राम वासी सुधीर कुमार सिंह को कांग्रेस आरटीआई सेल का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने बताया कि श्री सिंह के आरटीआई सेल के अध्यक्ष बनने सें पार्टी संगठन को काफी मजबूती प्रदान होगी। वही आने वाले चुनाव में इसका व्यापक लाभ प्राप्त होगा। वही नवमनोनीत आरटीआई अध्यक्ष नें कहा कि कांग्रेस नेतृत्व नें मुझ पर विश्वास व्यक्त कर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौपी है, उसका निर्वहन सदैव ईमानदारी पूर्वक पालन करेंगे। साथ ही आरटीआई के माध्यम से सरकारी एवं प्रशासनिक भ्रष्टाचार को उजागर कर जनता के हितों की रक्षा करेंगें। इस अवसर पर कांग्रेस के सभी नेताओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये बधाई और हार्दिक शुभकामना दिया है। जिनमें जिला कांग्रेस के वरीय नेता डॉ तारानंद सादा समेत राम सागर पाण्डेय, मो नईम उद्दीन, वरीय उपाध्यक्ष कुमार हीरा प्रभाकर, बद्री प्रसाद यादव, मनोज कुमार मिश्र, शोभा कांत झा, अनिल कुमार गिरी, प्रतिभा सिंह डोली, इला कुमारी, पंकज कुमार सिंह, बीरेंद्र पासवान, भरत झा, राम कुमार पासवान, बैधनाथ झा, पंकज पासवान आदि शामिल हैं।

# पिछड़े, अति पिछड़े, दलित एवं वंचित समाज के राजनीतिक अधिकारों पर चिंतन सभा का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। जिले के सौरबाजार में पिछड़े, अति पिछड़े, दलित और वंचित समाज के राजनीतिक अधिकारों पर एक महत्वपूर्ण चिंतन सभा का आयोजन आज किया जा रहा है। इस सभा में सौरबाजार प्रखंड सहित पूरे जिले के राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, समिति सदस्य एवं विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व वशिष्ठ व्यक्ति शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य राजनीतिक भागीदारी में हो रहे भेदभाव, गैर-बराबरी, और सामाजिक न्याय की कमजोर पड़ती विचारधारा पर गंभीर चिंतन करना है। सभा में उन तत्वों की पहचान की जाएगी जो लगातार सहरसा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक न्याय की भावना को कमजोर कर रहे हैं। साथ ही, यह संकल्प लिया जाएगा कि आगामी विधानसभा चुनाव में ऐसे लोगों को सबक सिखाया जाएगा जो समाज के पिछड़े, दलित एवं वंचित वर्गों को राजनीतिक मुख्यधारा से अलग रखने की साजिश रचते हैं ।सभा में उन राजनीतिक दलों पर भी आलोचनात्मक चर्चा की जाएगी जो चुनाव के समय तो गरीबों, पिछड़ों और दलितों के नाम पर वोट मांगते हैं लेकिन सत्ता में आने के बाद इन्हीं वर्गों को सबसे अधिक उपेक्षित और प्रताड़ित करते हैं। ऐसे दलों और नेताओं का असली चेहरा जनता के सामने लाने का भी संकल्प लिया जाएगा। इस अवसर पर आगामी विधानसभा चुनाव में नीरज कुमार गुप्ता की संभावित उम्मीदवारी पर भी गंभीर चर्चा की जाएगी। पूरे कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी और राजनीतिक कार्यकर्ता नीरज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में किया जाएगा। यह कार्यक्रम एक जिलेव्यापी अभियान की शुरूआत है, जिसके तहत सभी प्रखंड मुख्यालयों पर इस प्रकार की जनचेतना सभाएं आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में अगला कार्यक्रम 15 जून रविवार को सोनबरसा कचहरी दुर्गा मंदिर मैदान में एक ऐतिहासिक कार्यकर्ता सम्मेलन के रूप में आयोजित किया जाएगा।

# दलित के घर घुसकर दबंगों ने बहू बेटियों के साथ छेड़खानी की

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर ( मुंगेर) । मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत दबंगों ने महादलित परिवार के घर में गत गुरुवार की रात घुसकर महिलाओं के साथ छेड़खानी करने लगे। विरोध करने पर घर के सदस्यों के साथ मारपीट की। मारपीट की घटना में पंकज मांझी सहित परिवार के लोग घायल हो गए। घायलों में पंकज मांझी उसका पुत्र राजकुमार मांझी भगनी साधना कुमारी मां विमला देवी पत्नी किरण देवी सहित सात लोग घायल हो गए। सभी घायल धरहारा सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे जहां इससे सभी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल पंकज ने बताया कि गांव का ही कुछ लोग गुरुवार की शाम शराब के नशे में उसके घर घुसकर बहू से छेड़खानी करने लगे विरोध करने पर मारपीट किया। वहीं दूसरी घटना बंशीपुर मुसहरी निवासी होरी देवी ने अपने ही गांव के कुछ लोगों पर मारपीट कर जख्मी करने एवं गाली गलौज करने का आरोप लगाते हुए तारापुर थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने आवेदन में बताया है कि उसका पुत्र सुबोध मांझी गांव के दक्षिण साहब पोखर के किनारे बैठा था तभी गांव के रंजन मंडल भूतेरी मंडल पिंटू मंडल लालतू मंडल और अमर मंडल लाठी डंडे से लैस होकर वहां पहुंचा और गालियां देने लगा सभी ने मिलकर सुबोध को बेरहमी से पिटाई करदी। तारापुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई पुलिस करने का आश्वासन दिया है वहीं धरारा थाना की पुलिस ने अभी तक फर्द अभियान के बाद भी प्राथमिक की दर्ज नहीं कर पाई है दलितों का इस तरह से दबंगों द्वारा मारपीट कर प्रसारित करने की घटना आए दिन होती रहती है जिस पर शासन और सत्ता इस पर कठोर कार्रवाई नहीं कर पा रही है।

# उदाकिशुनगंज निवासी शिक्षक रामटहल दास की सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर रोड में गोली मारकर हत्या

प्रात : किरण संवाददाता

शंकरपुर (मधेपुरा) एक बड़ी खबर जिला से आ रही हैं जहां एक शिक्षक की स्कूल से लौटने के दौरान तीन के संख्या में नकाब पोश अज्ञात अपराधियों ने गाड़ी रोकर शिक्षक के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग की। जिसमें शिक्षक रामटहल दास (यादव) उम्र 35 वर्ष को तीन गोली लग गई जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जिला मुख्यालय अंतर्गत सिंहेश्वर थाना क्षेत्र के लालपुर के समीप बाइक सवार अपराधियों ने शंकरपुर प्रखंड के प्लस टू हाई स्कूल सोनवर्षा में पदस्थापित शिक्षक रामटहल दास उम्र (35) वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी। स्कूल से लौटने के क्रम में बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। मृतक शिक्षक उदाकिशुनगंज थाना क्षेत्र के उदा स्थित ठाकुरबाड़ी में पहले रहते थे। बीपीएससी से शिक्षक बनने के बाद शादी कर इन दिनों सपरिवार मधेपुरा में रह रहे थे। शनिवार दोपहर एक बजे रामटहल दास विद्यालय में छुट्टी के बाद सहयोगी शिक्षक रविरंजन कुमार के साथ मोटरसाइकिल से मधेपुरा लौट रहे थे। सहयोगी शिक्षक रविरंजन कुमार से मिली जानकारी अनुसार सिंहेश्वर-लालपुर रोड में वेदांता पब्लिक स्कूल के समीप बाइक सवार तीन अपराधी सामने से आकर रोक लिया। जब तक कुछ समझ पाते, तब तक अपराधियों ने पीछे बैठे रामटहल दास पर गोली चला दी। गोली लगते ही वे गिर पड़े, तीनों अपराधियों के द्वारा की गई अंधाधुंध फायरिंग की गई जिससे शिक्षक रामटहल दास को सिर और पेट में तीन गोली लगी। मौके पर आदर्श थाना सिंहेशवर के थाना अध्यक्ष बिरेंद्र राम पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर डेड बॉडी को कब्जा में कर के पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेज दिया है। वहीं शिक्षक के परिजन भी सदर अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने ने पत्रकारों से बताया कि एक साल पहले ही शिक्षक की शादी हुई थी। ओर वह पहले उदा के ही एक ठाकुरवारी में रहते थे। ठाकुरवारी के महंत नहीं चाहते थे कि वह शादी करे। हत्या का कारण शिक्षक के परिवारों वालों ने बताया कि। साजिश के तहत घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं। मधेपुरा के एएसपी प्रवेंद्र भारती ने बताया कि हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है, पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। अपराधियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है।

# ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सहरसा रेल परिसर में तंबाकू मुक्ति प्रदर्शनी आयोजित




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा सहरसा रेल परिसर में तंबाकू मुक्ति प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका उद्घाटन सहरसा सेवा केंद्र प्रभारी स्नेहा बहन, कर्नल रवि, कमांडिंग ऑफिसर, एनसीसी; सूबेदार राजेश कुमार; गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर दीक्षा ने दीप प्रज्वलन के द्वारा किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीके स्नेहा बहन ने कहा कि हर वर्ष पूरे विश्व में लगभग 80 लाख लोगों की मृत्यु का कारण तंबाकू का किसी न किसी रूप में सेवन करना है। जिसमें से साढ़े 13 लाख लोग की संख्या सिर्फ भारत वर्ष से ही आती है। तंबाकू का सेवन करने वाले हर दो लोगों में से एक की मृत्यु का कारण तंबाकू ही बनता है। हर 6 सेकंड में एक मृत्यु का कारण तंबाकू का किसी भी रूप में सेवन करना है। एक सिगरेट का सेवन करने से हमारी आयु 11 मिनट कम हो जाती है। तंबाकू से हमारे शरीर, विचार, परिवार, पर्यावरण, अर्थव्यवस्था सभी को भयंकर दुष्परिणाम झेलने पड़ते हैं। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय इस क्षेत्र में विगत लगभग 40 वर्षों से देश भर में कार्य कर रहा है। यहां के द्वारा सिखाये जाने वाले राजयोग मेडिटेशन से किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त होने में शत प्रतिशत सफलता मिलती है। इसी सफलता को देखते हुए भारत सरकार ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को इसके बारे में जागरूक करने के लिए ब्रह्माकुमारीज को अपना सहभागी बनाया है। पिछले वर्ष ही मिशन स्पंदन के तहत भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने नशे के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए ब्रह्माकुमारीज के साथ एमओयू साइन किया। सहरसा रेलवे स्टेशन पर भी विगत कुछेक वर्षों से हर वर्ष यह प्रदर्शनी लगाई जाती है, जिसके द्वारा सैकड़ों लोगों ने अब तक व्यसन को छोड़ने का संकल्प लिया है। एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर कर्नल रवि ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज यह सेवा कार्य निःस्वार्थ भाव से कर रही है। हम सबको इससे जुड़कर इनके कार्यों में मददगार बनना चाहिए। स्नेहा बहन ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। सुबोध भाई ने तंबाकू मुक्ति का संकल्प करवाया एवं प्रदर्शनी का अवलोकन भी कराया।

# ईस्ट एन वेस्ट जनसंचार महाविद्यालय का लोगो हुआ लोकार्पण




प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। प्रमंडलीय जनसंपर्क विभाग के उप निदेशक आलोक कुमार व रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका मनीषा रंजन ने ईस्ट एन वेस्ट जनसंचार महाविद्यालय का लोगो लोकार्पण किया। पंडित मोहन ठाकुर द्वारा खुबसूरत स्वागत गीत से अतिथियों के स्वागत के बाद चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने सभी आगत अतिथियों को प्रतीक चिह्न व पट्टा भेंट कर ऊनका स्वागत व सम्मान किया। इस अवसर पर चेयरमैन ने साहेवपुर कमाल, बेगूसराय निवासी मुक्तेश्वर प्रसाद सिंह मुकेश को निदेशक शैक्षणिक एवं गंगजला, सहरसा निवासी विष्णु स्वरूप चौधरी को प्राचार्य पद हेतु नियुक्त पत्र देते हुए बधाई दिया। इस मौके पर उप निदेशक जनसंपर्क आलोक कुमार ने कहा कि यह लोगो लोकार्पण नहीं अपितु पत्रकारिता के क्षेत्र में कोशी मिथिला के इतिहास में एक नये अध्याय की समरूपता हुई है। मैं रेडियो ईस्ट एन वेस्ट की महानिदेशिका मनीषा रंजन एवं ईस्ट एन वेस्ट फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन को शिक्षा के एक नये आयाम को कोशी प्रमंडलीय मुख्यालय में स्थापित करने के लिए साधुवाद देता हुं। इस मौके पर महानीदेशिका मनीषा रंजन ने चेयरमैन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नव नियुक्त निदेशक शैक्षणिक मुक्तेश्वर मुकेश एवं प्राचार्य विष्णु स्वरूप को बधाई देते हुए कहा कि आप दोनों इस नये संस्थान को अपने पद की गरिमा एवं कर्तव्यनिष्ठा से बिहार ही नहीं भारत का नंबर वन जनसंचार महाविद्यालय बनाने का प्रयास करेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ रजनीश रंजन ने कहा पत्रकारिता एक ऐसी वृत्ति है जो समाज एवं सता का दर्पण होता है ।यही कारण है कि ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज ऑफ मास कम्यूनिकेशन के लोगो में यह शब्द लिखा है सत्यं वद सर्वदा साथ ही समाज में फैले बुराईयो के उपर अच्छाईयो को स्थापित करने हेतु पुस्तक एवं दीपक की आवश्यकता होती है, जो कि इस लोगो में समाहित है। इस महाविद्यालय में बीजे एम सी सहित दस छोटे -छोटे पाठ्यक्रम इंटर पास युवक एवं युवतियों के लिए संचालित किया जायेगा। महाविद्यालय के कोर्स संचालन हेतु सक्षम प्राधिकार से मान्यता मिल चुकी है ।जिसकी अधिसूचना दो दिनों के अंदर नव नियुक्त प्राचार्य एवं निदेशक शैक्षणिक के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा पत्रकारिता को लेकर आज भी युवाओ में स्पष्टता की कमी है कि कैरियर कैसा होगा या किस नौकरी हेतु मान्य है इन सभी विंदुओ पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया। अंत में रेडियो ईस्ट एन वेस्ट परिवार एवं ईस्ट एन वेस्ट शैक्षणिक संस्थान समुह के श्रृंखला को आगे बढाने हेतु अपने सभी शुभचिंतको एवं सभी संस्थान के वरीय से कनीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के समर्पण का घोतक बताया।

# भाजपा ओछी राजनीती से बाज आये,बिहार में अपराधियों का बोलबाला

## कहा,पुलवामा हमले की सच्चाई को उजागर करे केंद्र सरकार



● लखीसराय पहुंचे पूर्णिया सांसद पप्पू यादव

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय ! पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव आज लखीसराय पहुंचे !इस उपप्रांत उन्होंने प्रेस वार्ता आयोजित कर केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला ! उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर और पुलवामा हमले जैसे बड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार को घेरते हुए कहा कि भाजपा हमेशा से लाश पर राजनीति करती है,यही भाजपा की नियत और नियति है ! सांसद पप्पू यादव ने कहा कि आज तक देश को पुलवामा अटैक जैसे बड़े हमले की देश को जानकारी नहीं मिली आज भी पुलवामा हमला एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है !उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भी जमकर हमला बोला ! उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कोई औकात नहीं है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्ता करे ! पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने बिहार के नीतीश सरकार पर भी बड़ा हमला करते हुए कहा कि बिहार में अपराधी बेलगाम हो चुके हैं ! नित्य दिन हत्याएं हो रही है ! उन्होंने कहा कि बिहार का कानून व्यवस्था भगवान भरोसे है !माफिया राजनीतिक दल चला रहे हैं और अपराधी नेता बन रहें हैं !सिर्फ सुशासन का ढोल पीटा जा रहा है ! मौके पर पप्पू यादव के कट्टर समर्थक रंजय कुमार,अनिल यादव, राजेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे !

# देशभर में 500 स्थानों पर - स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारतीय इतिहास वीरता, स्वाभिमान और मातृभूमि-प्रेम की अनगिनत गाथाओं से भरा हुआ है, लेकिन जब बात राजपूत शौर्य की होती है, तो सबसे पहला नाम आता है महाराणा प्रताप का। राजस्थान के इस अद्वितीय योद्धा ने मुगलों के सामने झुकने से बेहतर जंगलों में रहना पसंद किया था और यह उनका स्वाभिमान था। शौर्य यात्रा अभियान चावंड से प्रारंभ हुआ, जहाँ महाराणा प्रताप का समाधि स्थल स्थित है। चावंड के केजड़ तालाब के मध्य एक लाख वर्गफीट भूमि पर 12 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। यह केवल एक प्रतिमा नहीं, बल्कि महाराणा प्रताप के जीवन मूल्यो, स्वराज, आत्मसम्मान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। वीर गाथा यात्रा अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है। पहला चरण यात्रा राजस्थान में 3,000 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है, जिसमें कई गांव, कस्बे और ऐतिहासिक स्थल शामिल है। दूसरा चरण यात्रा 12,000 किलोमीटर लंबी यात्रा कुंभलगढ़ से शुरू होकर चावंड में समाप्त होगी। इस चरण में देश के 12 ज्योतिर्लिंग और अन्य तीर्थस्थल जुड़ेगे। इस यात्रा को वीर गाथा यात्रा नाम दिया गया है, जो सिर्फ सड़क यात्रा नहीं बल्कि भारतीय गौरव के पुनः जागरण का प्रयास है। इस अभियान के तहत पूरे देश में 500 से अधिक स्थानों पर, महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं लगाई जाएंगी। इनमें शामिल हैं, देश के 12 ज्योतिर्लिंग- उज्जैन (महाकालेश्वर), सोमनाथ, काशी विश्वनाथ, केदारनाथ, ओंकारेश्वर आदि। प्रमुख तीर्थस्थल है बरसाना, खाटूश्यामजी, सांवलिया सेठ, मेहंदीपुर बालाजी, सालासर बालाजी और ऐतिहासिक नगर एवं कस्बा जहां महाराणा प्रताप से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं घटित हुईं थी। महाराणा प्रताप की जन्मस्थली कुंभलगढ़ में 151 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा और एक संग्रहालय की स्थापना प्रस्तावित है। यह प्रतिमा महाराणा प्रताप के जीवन, संघर्ष और विचारों को शाश्वत रूप में संरक्षित करेगी। यहाँ आगंतुक उनके जीवन पर आधारित ऑडियो-विजुअल शो और ऐतिहासिक दस्तावेजों से रूबरू हो सकेंगे। महाराणा प्रताप की प्रतिमाएं विशेष तकनीक से निर्मित किया जा रहा हैं, जिसकी प्रमुख विशेषताएं हैं, ऊंचाई- 12 फीट, वजन- 3100 किलोग्राम, सामग्री- मेटल स्ट्रक्चर (अष्टधातु), आयु- 100 वर्ष से अधिक। वहीं, स्थापना स्थल का आकार- 12 फीट चौड़ा, 18 फीट लंबा और 4 फीट ऊंचा प्लेटफॉर्म पर स्थापित किया जाएगा। इन प्रतिमाओं को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि यह एक सदी से अधिक समय तक बिना क्षति के टिका रहेगा। केवल महाराणा प्रताप ही नहीं, बल्कि उनके जीवन से जुड़े अन्य महान योद्धाओं और परिजनों को भी इस अभियान में स्मरण किया जाएगा, जैसे- जयवंता बाई (माता) जो महाराणा प्रताप की माँ थी, जिन्होंने उन्हें संस्कारों और स्वाभिमान का पाठ पढ़ाया। राणा पुंजा सोलंकी (सेनापति) जो भील सेना के प्रमुख थे और जिन्होंने हल्दीघाटी युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हाड़ा रानी जो शौर्य और बलिदान का प्रतीक थी और राणा सांगा जो महाराणा प्रताप के पूर्वज थे, जिन्होंने बाबर से लोहा लिया था। इन सभी विभूतियों की भी प्रतिमाएं स्थापित करने की योजना है। इस अभियान के तहत अब तक देशभर में 28 प्रतिमाएं स्थापित किया जा चुका हैं। इनमें से 21वीं प्रतिमा गुजरात के भरूच जिले के वालिया में स्थापित हुआ है, जिसकी ऊंचाई 12 फीट है। 22वीं प्रतिमा का लोकार्पण 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती पर राजस्थान के देवगढ़ में किया गया है। यह अवसर न केवल ऐतिहासिक ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक भी बना। इन प्रतिमाओं के निर्माण में देशभर के कुशल मूर्तिकारों, धातुशिल्पियों और वास्तुकारों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और तमिलनाडु के शिल्पकार इस कार्य में योगदान दे रहे हैं। एक-एक प्रतिमा को महीनों की मेहनत और बारीकी से गढ़ा जाता है ताकि महाराणा प्रताप का तेज, पराक्रम और आत्मविश्वास उसमें झलक सके।

# वायुसेना प्रमुख की चिंता

भारत के वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने सार्वजनिक मंच से रक्षा-सौदों की लेटलतीफी पर चिंता जताई है, तो यह कोई सामान्य टिप्पणी या सरोकार नहीं है। सीआईआई के बिजनेस समिट में वायुसेना प्रमुख ने कहा कि ऐसा कोई रक्षा प्रोजेक्ट नहीं है, जो तय समय पर पूरा हुआ हो। जब रक्षा सौदों के करार पर दस्तखत किए जाते हैं, तब जानकारी होती है कि यह प्रोजेक्ट समय पर पूरा नहीं होगा, लेकिन फिर भी हस्ताक्षर कर दिए जाते हैं। यहीं से पूरी प्रक्रिया बिगड़ जाती है। एयर चीफ मार्शल ने यहां तक संकेत दिए हैं कि इसी से युद्ध की तैयारियां प्रभावित होती हैं। वायुसेना प्रमुख ने यह खुलासा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और रक्षा सचिव आरके सिंह की उपस्थिति में किया है, जाहिर है कि यह चिंता एक बार फिर प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री और वायुसेना प्रमुख की रूबरू मुलाकातें भी होती रही हैं। उनमें भी यह मुद्दा उठा होगा। हमारी वायुसेना लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर और अन्य रक्षा-उपकरणों का संकट और समयहीनता उस परिदृश्य में झेल रही है, जब चीन ने पाकिस्तान को 5वीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान जे-35 ए देने की घोषणा की है। चीन ऐसे 30-35 विमान पाकिस्तान को मुहैया कराएगा, जबकि भारतीय सेना के पास 5वीं पीढ़ी का एक भी लड़ाकू विमान नहीं है। दुश्मन को कमतर नहीं आंकना चाहिए। वायुसेना प्रमुख का यह रहस्योद्घाटन तब सार्वजनिक हुआ है, जब भारत की वायुसेना "ऑपरेशन सिंदूर" के तहत पाकिस्तान में आतंकियों के बड़े अड्डे "मिट्टी-मलबा" कर चुकी है, करीब 170 आतंकियों को ढेर कर चुकी है और कई प्रमुख एयरबेस, रडार और एयर डिफेंस सिस्टम तबाह कर चुकी है। "ऑपरेशन सिंदूर" हमने अपनी वायु-शक्ति की बदौलत ही जीता है, लिहाजा वायुसेना प्रमुख की ये चिंताएं बेहद गंभीर हैं। चीफ मार्शल पहले भी फरवरी, 2025 में एक ट्रेनर जेट के कॉकपिट में बैठे हुए कह चुके हैं कि उन्हें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स (एचएएल) पर भरोसा नहीं है। एचएएल मिशन मोड में काम नहीं कर रही है। बहरहाल अब उन्होंने निजी क्षेत्र की कंपनियों को आगे आने का आह्वान किया है। भारत में 21 निजी कंपनियां रक्षा-उत्पादन के क्षेत्र में सक्रिय हैं, जबकि सरकारी नेतृत्व की 16 सार्वजनिक कंपनियां भी जुड़ी हैं। इस क्षेत्र में कुल 430 अन्य कंपनियों के अलावा सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम 16,000 से अधिक हैं, जो रक्षा-उपकरणों के कल-पुरजे बनाते हैं। इतना व्यापक क्षेत्र होने के बावजूद हमारे लड़ाकू विमान लेटलतीफी के शिकार हैं, जाहिर है कि कारण असामान्य ही होंगे। हालांकि एयर चीफ मार्शल ने न तो किसी प्रोजेक्ट विशेष और न ही कंपनी का नाम लिया, लेकिन यह समयहीनता हमें भारी पड़ सकती है। कुछ उदाहरण गौरतलब हैं। तेजस एमके 1ए हल्के लड़ाकू विमान मई, 2024 तक उपलब्ध होने चाहिए थे। 2021 में एचएएल के साथ 83 विमानों का अनुबंध किया गया था, लेकिन अभी तक एक भी नहीं मिल पाया है। इसी तरह तेजस के अन्य किस्म के विमान का अभी "प्रोटोटाइप" भी नहीं बना है। 2026 तक ऐसे 200 विमान सप्लाई करने का करार किया गया था। विमानों की डिलीवरी में देरी का बुनियादी कारण "जीई एयरोस्पेस कंपनी" का इंजन रहा है, जो स्वदेशी लड़ाकू विमानों में लगना है। वायुसेना ने एचएएल के साथ 70 एचटीटी-40 बेसिक ट्रेनर विमानों के लिए भी अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। इस विमान को इसी साल सितंबर तक सेना में शामिल किया जाना है, लेकिन लेटलतीफी के कारण ऐसा संभव नहीं लगता। आज हम करीब 65 फीसदी रक्षा-उपकरणों का उत्पादन भारत में करते हैं। वायुसेना प्रमुख इतना ही पर्याप्त नहीं मानते। वह कहते हैं कि डिजाइन और डिवेलपमेंट भी भारत में ही होना चाहिए, लेकिन डीआरडीओ शोध और विकास की गति बढ़ाने में असमर्थता व्यक्त कर रहा है, क्योंकि उसे कुल रक्षा बजट का मात्र 5 फीसदी हिस्सा ही मिलता है। वायुसेना प्रमुख का मानना है कि कंपनियों और डीआरडीओ का आउटपुट आगामी 10 सालों में खूब बढ चाहिए। जो आज करना है, उसे आज ही किया जाना चाहिए। हमें भविष्य की तैयारियों के लिए आज ही तैयार होना होगा।

# भारत के लिए युद्ध हमेशा अंतिम विकल्प है

**उदाहरण के लिए हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थाई रूप से व्याप्त बने हुए तनाव को ले सकते हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान जो कुछ भी कर रहा है और भारत की ओर से जिस प्रकार से संयम, धैर्य का प्रदर्शन किया जा रहा है, यह हमें द्वापर युगीन कौरवों की अति और भगवान कृष्ण की सहृदयता का स्मरण कराता हैं। जब कौरवों के षडयंत्रों को पूरी तरह विफल करते हुए पांडव अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। तब उनके नेतृत्वकर्ता के रूप में भगवान कृष्ण ने यह निर्णय लिया कि हमें अंत तक युद्ध के अलावा उपलब्ध सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ऐसा ही हुआ, भगवान कृष्ण ने शांति दूत के रूप में हस्तिनापुर गमन किया और वहां उपस्थित दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र सहित समस्त कुरुवंशियों को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का सहज समाधान नहीं हो सकता। इससे राज सत्ता पर अधिपत्य जमाए रखने की आकांक्षा पाले बैठे लोगों की तुष्टि भले ही होती हो, लेकिन अनिष्ट प्रजा का ही होता है। दोनों ही पक्ष की सेनाओं के हजारों लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं।**





डॉ. राघवेन्द्र शर्मा
(लेखक)

भारतीय सनातन सभ्यता में ऐसे कई प्रसंग एक जैसे दर्ज हैं, जिन्हें देखकर और पढ़कर ऐसा प्रतीत होता रहा है मानो इतिहास स्वयं को दोहरा रहा हो। अनेक कालखंडों में, दशकों में, सदियों में और युगों में, हमने कई घटनाएं ऐसी पढ़ी हैं, जिनके अध्ययन उपरांत ऐसा लगता है जैसे आज जो हमारे रूबरू है उसे पहले भी कहीं और पहले भी देखा जा चुका है। उदाहरण के लिए हम भारत और पाकिस्तान के बीच स्थाई रूप से व्याप्त बने हुए तनाव को ले सकते हैं। आजादी के बाद से लेकर अब तक पाकिस्तान जो कुछ भी कर रहा है और भारत की ओर से जिस प्रकार से संयम, धैर्य का प्रदर्शन किया जा रहा है, यह हमें द्वापर युगीन कौरवों की अति और भगवान कृष्ण की सहृदयता का स्मरण कराता हैं। जब कौरवों के षडयंत्रों को पूरी तरह विफल करते हुए पांडव अपना अधिकार प्राप्त करने हेतु प्रयासरत थे। तब उनके नेतृत्वकर्ता के रूप में भगवान कृष्ण ने यह निर्णय लिया कि हमें अंत तक युद्ध के अलावा उपलब्ध सभी विकल्पों पर विचार करना चाहिए। ऐसा ही हुआ, भगवान कृष्ण ने शांति दूत के रूप में हस्तिनापुर गमन किया और वहां उपस्थित दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र सहित समस्त कुरुवंशियों को अपना प्रस्ताव प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि युद्ध किसी भी समस्या का सहज समाधान नहीं हो सकता। इससे राज सत्ता पर अधिपत्य जमाए रखने की आकांक्षा पाले बैठे लोगों की तुष्टि भले ही होती हो, लेकिन अनिष्ट प्रजा का ही होता है। दोनों ही पक्ष की सेनाओं के हजारों लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त होते हैं। उनसे अधिक लोग सदा के लिए अपंग हो जाते हैं। फल स्वरुप मानव समाज को युगों युगों तक उस अपराध का असहनीय दंड भुगतना होता है, दरअसल जो उन्होंने किया ही नहीं होता। अतः टकराव का रास्ता छोड़ते हुए कुरु वंश को पांडवों का सम्मान बनाए रखना चाहिए। भगवान कृष्ण ने राजसभा में मौजूद प्रजा के गणमान्य प्रतिनिधियों और कुरु वंश के सामर्थ्यवान पदाधिकारियों को भी यह सीख दी कि वे दुर्योधन और धृतराष्ट्र की अपवित्र महत्वाकांक्षाओं को समझें और उन्हें पाप पूर्ण कृत्य करने से रोकें। ताकि युद्ध के रूप में आसन्न अनिष्ट एवं अनर्थ को रोका जा सके। सभी सामर्थ्यवान प्रबुद्ध जन चुपचाप बने रहे। वहीं काल के वशीभूत, अपने अनर्थ से अपरिचित दुर्योधन ने जब उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लिया और भगवान कृष्ण को ग्वाला, गायों को चराने वाला, आदि शब्दों से असम्मानित करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दे डाला, तब यह तय हो गया कि अब कुरुवंशियों को काल के गाल में समाने से कोई नहीं रोक सकता। समूचा ब्रह्मांड जानता है कि केवल और केवल दुर्योधन एवं धृतराष्ट्र की हठ धर्मिता के चलते महाभारत का युद्ध हुआ और उसमें लाखों लोग अकारण ही काल के गाल में समा गए। अंततः जीत सत्य स्वरूप श्री कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडवों की ही हुई। वर्तमान परिवेश में देखें तो भारत और पाकिस्तान के बीच स्थिति कुरु वंश और पांडवों जैसी ही है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी बार-बार पाकिस्तान और वहां के हुक्मरानों को चेतावनी दे रहे हैं कि अंततः युद्ध विनाश का कारण होता है। जबकि वहां के हुक्मरान और सेना प्रमुख हमारे प्रधानमंत्री के वक्तव्यों की ठीक उसी प्रकार अनदेखी कर रहे हैं, जैसे हस्तिनापुर की राजसभा में दुर्योधन ने भगवान कृष्ण के प्रति असम्मानजनक व्यवहार का प्रदर्शन किया था। श्री मोदी जानते हैं कि पाकिस्तानी राजनेता और वहां की सेना भारत विरोधी एजेंडे को ही लंबे समय तक सत्ता पर काबिज बने रहने का जरिया मान कर बैठे हुए हैं। यही कारण है कि उन्होंने पाकिस्तानी अवाम का भला चाहते हुए उसे भी आगाह किया है कि वह अपना भला बुरा समझे और दुनिया भर में आतंकवाद को निर्यात करने वाले वहां के नेताओं, हुक्मरानों तथा सेना की नापाक हरकतों को पहचानें, समय रहते उन्हें वास्तविकता का एहसास कराते हुए उन्हें भारत में आतंकवाद निर्यात करने के गलत रास्ते पर जाने से रोकें । यदि पाकिस्तानी अवाम के ईमानदार प्रयास हुए तो संभव है वह आने वाले समय में भारतीय सदाव्यता के चलते भुखमरी, कंगाली और निकट भविष्य में सन्निद्ध गृह युद्ध जैसी विभीषिका से स्वयं को बचा सकेगा। अब निर्णय पाकिस्तान को करना है कि उसे अपनी अवाम का पेट भरने के लिए रोटी की उपलब्धता उचित लगती है या फिर भारतीय सेना की गोलियों से मरना ज्यादा अच्छा लगता है। यहां कुछ-कुछ प्रसंग सीख के रूप में हम रामायण युगीन घटनाओं से भी ग्रहण कर सकते हैं। उस कालखंड में भी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने उस स्थिति में भी लंका वासियों का भला करने का और उन्हें अनिष्ट से बचाए रखने का हर संभव प्रयास किया था, जबकि वहां का राजा रावण उनकी धर्मपत्नी सीता जी का अपहरण करने का पाप कर चुका था। भगवान कृष्ण के सानिध्य में सज्ज पांडव और प्रभु श्री राम की कृपा में तैनात वानर दल किसी भी दृष्टि से पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न शत्रु पक्ष का अनिष्ट करने में कमजोर नहीं थे। संकल्प मात्र से ही दुष्टों को नाश करने का सामर्थ्य उन्हें सहज ही प्राप्त था। लेकिन प्रभु श्री राम ने भी पहले हनुमान जी को लंका भेजा, जिन्होंने लंका जलाने से पहले रावण को बार-बार समझाया कि वह युद्ध को हर हाल में टालने का हर संभव प्रयास करे। इसी में राक्षस जाति की भलाई है। जब समुद्र पर सेतु बन गया। युद्ध को आतुर वानर सेना लंका के समक्ष हुंकार भरने लगी। तब प्रभु श्री राम ने एक बार फिर लंका को विनाश से बचाने का रास्ता खोजा और अंगद को शांतिदूत के रूप में प्रेषित किया। जैसा कि हमारे धर्म ग्रंथ बताते हैं, रावण के सिर पर भी काल मंडरा रहा था। सो उसे सामने खड़ा सत्य भी समझ नहीं आ रहा था, या फिर यू कहा जाए कि वह समझना ही नहीं चाहता था। बात त्रेता युग की हो या फिर द्वापर की, पाप पूर्ण कृत्यों में संलग्न पक्ष ने सत्य के मार्ग पर अडिग, धर्म परायण, सामर्थ्यवान, सज्जनों की सहृदयता को कमजोरी ही समझा और स्वतः ही मृत्यु के भोज्य बन बैठे। हाल ही में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी गुजरात के प्रवास पर गए तब उन्होंने भुज की पवित्र भूमि से भारत और पड़ोसी देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के ऐसे प्रयास हैं, जिनके माध्यम से हमने आतंकवादियों का तो नाश किया, उनके प्रशिक्षण कैंपों को भी ध्वस्त किया। सामरिक महत्व के जिन एयर बेसों को देखकर पाकिस्तानी हुक्मरान और वहां की सेना फूली नहीं समा रही थी, उन्हें तहस नहश किया। लेकिन पाकिस्तानी अवाम के एक भी व्यक्ति को खरोच तक नहीं आने दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि हमारे अचूक प्रहार और भारतीय आयुधों की पहुंच यह स्पष्ट करती है कि पाकिस्तान का कोई भी भूभाग भारतीय सेना के लक्ष्य से कतई दूर नहीं है। आशय स्पष्ट है, हमारा विरोध आतंकवाद से और आतंकवाद को पोषित करने वाली पाकिस्तानी सेना तथा वहां के हुक्मरानों से है। उन्होंने पहलगाम में जो नापाक हरकत की थी,

# रक्षा में आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदमों से बढ़ती सैन्य-ताकत

**निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। क्योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है। दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है।**





ललित गर्ग
(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)

ऑपरेशन सिंदूर की शानदार कामयाबी, पाकिस्तान को करारी चोट पहुंचाने, विश्व को भारत की सैन्य ताकत दिखाने और अपने सैनिकों के अद्भुत पराक्रम के प्रदर्शन की गौरवपूर्ण स्थितियों के बीच एक बड़ी खुशखबरी है कि भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी देते हुए इस परियोजना पर आगे बढ़ने को हरी झंडी दिखा दी है। निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। क्योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है। दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है। निश्चित ही पांचवीं पीढ़ी के उन्नत लड़ाकू विमानों का देश में ही निर्माण करने और उसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लेने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा एक ऐसा फैसला है, जो दूरगामी एवं देशहित का सराहनीय कदम है। ऐसे फैसलों में बिना विलम्ब के प्रोत्साहन एवं सहयोग होना चाहिए। हमें निश्चित करना चाहिए कि आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसे फैसलों से भारत की ताकत बढ़ती है, दुनिया की अधीनता कमतर होती है। गौरतलब है, अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। इस योजना के जरिये दुनिया को यह संदेश देना है कि भारत अब पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने की बजाय खुद बनाने का काम करेगा। इस स्वदेशी विमान के डिजाइन और विकास के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी। अब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगी और डीआरडीओ के मुखिया की मानें, तो अगले एक दशक में यह लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े का हिस्सा होगा। निस्संदेह, हमारे रक्षा वैज्ञानिकों की सराहना की जानी चाहिए कि उनके अथक परिश्रम, तकनीकी कौशल और मेधा के कारण देश जल्द ही सुरक्षा साजो-सामान के मामले में भी आत्म-निर्भर बन जाएगा। इन स्थितियों के लिये जहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सराहना होनी चाहिए वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मानना चाहिए। मौजूदा समय में भारत लड़ाकू विमान के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर है। सरकार ने इस दिशा में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस फैसले से घरेलू एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी। एएमसीए का विकास भारतीय वायु सेना की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने और देश की रक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। पडोसी देशों की हरकतों, युद्ध की संभावनाओं एवं षडयंत्रों को देखते हुए आने वाले समय में होने वाले युद्ध में वायुसेना की क्षमता और तकनीक को अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा है। भारत हमेशा से एक शांतिकामी मुल्क रहा है, मगर अपनी सरहदों व विशाल आबादी की सुरक्षा के लिए वह दूसरे देशों के हथियारों या सुरक्षा उपकरणों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकता। विदेशी लड़ाकू विमानों या हथियारों की खरीद में उनके तकनीकी हस्तांतरण को लेकर कई तरह की पेचीदगियां पेश आती हैं। कई देश उन्नत रक्षा उपकरण तो दे देते हैं, लेकिन उनकी तकनीक नहीं देते या फिर उनके कलपुर्जे देने में देरी करते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान बनाने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि अमेरिका उनके लिए इंजन देने में आनाकानी कर रहा है। इसलिए एचएएल, डीआरडीओ की स्थापना की जरूरत मससूस की गई थी और आज इनके बनाए हथियार न सिर्फ हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि इस वजह से हमारा 20 फीसदी से भी अधिक सैन्य आयात कम हुआ है। आज हम अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुनिया को बेचने की स्थिति में हैं। मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है। आज जब युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं, तब भारत को हर तरह की रक्षा सामग्री स्वदेश में ही बनाने में इसलिए सक्षम होना होगा, क्योंकि ऐसा करके ही वह सच्चे अर्थों में महाशक्ति बन सकता है। प्रारंभ में विदेशी कंपनियों का सहयोग लेने में हर्ज नहीं, क्योंकि ऐसा करके ही तेजी के साथ उन्नत रक्षा समाग्री का निर्माण किया जा सकता है। भारत आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक का निर्माण करने में सक्षम है, इसे आपरेशन सिंदूर ने साबित भी कर दिया। हमारे रक्षा उपकरणों और तकनीक ने जिस तरह तुर्किये के ड्रोन की हवा निकालने के साथ चीनी एयर डिफेंस की पोल खोल दी, उसे विश्व भर के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं। रूस के सहयोग से बनी ब्रह्मोस मिसाइल और स्वदेशी तकनीक पर आधारित आकाश ने सिद्ध किया कि हमारे रक्षा विज्ञानी किसी से कम नहीं। उन्हें भरपूर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है।

# वैश्विक मंचपर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ा है, क्योंकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है

वैश्विक स्तरपर कोरोना कहर के बाद हम दुनियाँ के करीब-करीब हर देश की अर्थव्यवस्था में स्थिरता नहीं देख पा रहे हैं, अमेरिका में बैंक ऋण वाले मामले से लेकर इंग्लैंड व श्रीलंका से लेकर पाकिस्तान तक में किसी न किसी रूप में हम अर्थव्यवस्था लेवल पर क्राइसेस देखे हैं ऊपर से वैश्विक आर्थिक मंदी की बात भी मीडिया के अनेक प्लेटफॉर्म्स पर चली थी, परंतु एक बात पूरी दुनियाँ ने रेखांकित की है कि, भारतीय अर्थव्यवस्था स्थिर ही नहीं बल्कि आगे बढ़ती गई और ब्रिटेन को पछाड़कर विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना था। आज हम इस विषय पर इसलिए चर्चा कर रहे हैं क्योंकि फिर एक बार भारत ने आर्थिक स्तरपर बड़ी लम्बी छलांग लगाई है, जापान को पछाड़ते हुए दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यानें 4 ट्रिलियन डॉलर से बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है, यह बात अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) 2025 में कही गई है, जो अभी हाल ही में जारी की गई है यानें भारत अपने पीएम के स्वप्न 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था अभी बस एक कदम पीछे है, मुझे पूरी उम्मीद है करीब एक-दो वर्षों में ही हम यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे, फिर हम 10 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य और विजन 2047 के लिए तेजी से कार्य करेंगे, जिसका लक्ष्य 25 मई 2025 को एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रीयों व उप मुख्यमंत्रीयों की बैठक में माननीय पीएम महोदय ने मार्गदर्शन दिए हैं।इसके पूर्व 24 मई 2025 को नीति आयोग की 10वीं गवेर्निंग काउंसिल की बैठक में भी यह मंत्र दे चुके हैं। क्योंकि दुनियाँ की अर्थव्यवस्था जब धीमी गति से चल रही है, तो भारत सेवा, मैन्युफैक्चरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर व मेडिकल क्षेत्रों में विशेष भूमिका निभा रहा है तथा वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा, निवेशकों की नजरें व विश्वास दोनों बढ़ाते हैं।चूँकि यह ग्रोथ तात्कालिक नहीं बल्कि टिकाऊ है,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत की बढ़ी आर्थिक छलांग, ब्रटेन को पछाड़कर विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना, भारत अभी 4 ट्रिलियन बना अगला लक्ष्य 5 ट्रिलियन फिर 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी दूर नहीं! साथियों बात अगर हम भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की करें तो, भारत ने वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक और बड़ी छलांग लगाते हुए जापान को पीछे छोड़ दिया है। भारत अब दुनियाँ की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है।यह जानकारी आईएमफ की वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट (अप्रैल 2025) में दी गई है। नीति आयोग के सीईओ ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि भारत की जीडीपी अब 4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो चुकी है,और ये कोई हमारा अनुमान नहीं, बल्कि आईएमफ के आंकड़े हैं।उन्होंने यह भी कहा कि अगर देश की नीतियां इसी तरह बनी रहीं तो आने वाले 2 से 3 सालों में भारत जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।2023 के आंकड़ों के अनुसार टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं की लिस्ट (जीडीपी के आधार पर): (1)अमेरिका--$27.72 ट्रिलियन (2) चीन--$17.79 ट्रिलियन (3) जर्मनी--$4.52 ट्रिलियन (4) जापान--$4.20 ट्रिलियन (5) भारत--$3.56 ट्रिलियन (6) ब्रिटेन--$3.38 ट्रिलियन (7) फ्रांस--$3.05 ट्रिलियन (8) इटली--$2.30 ट्रिलियन (9) ब्राजील-- $2.17 ट्रिलियन (10) कनाडा--$2.14 ट्रिलियन,2025 -26 में भारत की जीडीपी $4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की नई रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में भारत की जीडीपी $4.287 ट्रिलियन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि जापान की जीडीपी $4.186 ट्रिलियन रहने का अनुमान है।याने भारत अब जापान से आगे निकल चुका है।अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 पेर्सेंट और 2026 में 6.3 पेर्सेंट रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। भारत अगले 2-3 वर्षों में जर्मनी को भी छोड़ देगा पीछे अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने अनुमान लगाया है कि अगर यही रफ्तार रही तो भारत अगले 2-3 वर्षों में जर्मनी को भी पीछे छोड़कर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनियाँ में सबसे आगे निकलने की रेस में है। साथियों बात अगर हम भारत के चौथी अर्थव्यवस्था पर छलांग लगाने के को अहम् उपलब्धि माननेकी करें तो,यह आर्थिक छलांग भारत के लिए इतनी अहम क्यों है? इसका पहला कारण है वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति, जैसे ही भारत ने जापान को पीछे छोड़ा और चौथे नंबर पर आया, निवेशकों की नजरें और विश्वास दोनों बढ़े हैं, दूसरी बात, भारत की युवा आबादी, बढ़ता मध्यम वर्ग और टेक्नोलॉजी हब बनता इको-सिस्टम यह दिखाता है कि यह ग्रोथ सिर्फ तात्कालिक नहीं, बल्कि टिकाऊ है। इसका असर हर नागरिक पर भी पड़ता है,चाहे वह नौकरी के नए अवसर हों, निवेश के रास्ते हों या जीवन स्तर में सुधार, हालांकि चुनौतियां भी हैं, जैसे कि प्रति व्यक्ति आय अब भी कम है, और आयात पर निर्भरता बनी हुई है,

# जिलाधिकारी ने बाल पर्यवेक्षण गृह का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। जिलाधिकारी सारण अमन समीर द्वारा शनिवार को समाज कल्याण विभाग बिहार द्वारा सारण जिले में संचालित बाल पर्यवेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा उक्त भवन के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त व्यक्त किया गया। निरीक्षण के क्रम में कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन छपरा 1 को सुरक्षा के दृष्टिकोण से उक्त भवन के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाते हुए गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग कर सभी मरम्मति कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। सहायक निदेशक, बाल संरक्षण इकाई को उक्त पर्यवेक्षण गृह में जगह कम रहने तथा भीषण गर्मी को देखते हुए 16 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सीरियस एवं हिनियस श्रेणी के बच्चों को तरुण वार्ड में स्थानांतरित करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन छपरा आदि उपस्थित रहे।

# नीतीश सरकार का आईएएस आईपीएस पर बड़ा फैसला

## बेतिया के डीएम दिनेश कुमार राय का बढ़ा कद

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम)। भारतीय प्रशासनिक सेवा (बिहार संवर्ग) के बैच वर्ष 2010 के पदाधिकारी दिनेश कुमार राय को भा.प्र.से. के सचिव/सचिव स्तर के पद पर कार्य करने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गयी है। दिनेश कुमार राय का वर्तमान पदस्थापन समाहर्ता एवं जिला पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण बेतिया है। अधिसूचना जारी होने के साथ ही जिला पदाधिकारी पश्चिम चंपारण को तमाम जिलास्तरीय पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधिगण, जिलेवासियों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी है। जिला पदाधिकारी



दिनेश कुमार राय ने सभी प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, जनप्रतिनिधिगणों तथा जिलेवासियों का आभार व्यक्त किया है।

# प्रखंड 20 सूत्री की बैठक संपन्न

रिविलगंज , रिविलगंज प्रखण्ड 20 सूत्री कार्यालय का उदघाटन प्रखण्ड कार्यालय में 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष के अध्यक्षता में हुई 20 सूत्री कार्यालय का छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता, एमएलसी डॉ वीरेंद्र नारायन यादव ,सांसद प्रतिनिधि ई सतेंद्र सिंह, शेखर सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कु सिंह,रामदयाल शर्मा, रमेश प्रसाद, प्रचार्य अरुण सिंह , जदयू जिला डॉ विशाल सिंह राठौर,प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रितेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रखण्ड परिषद में एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने कहा कि सरकार ने 20 सूत्री कार्ययवन समिति का गठन कर अच्छी पहल किया है। इससे सरकार के कार्य को पारदर्शिता के होगी। सरकार को योजनाओं को सही से धरालत पर उतारने का कार्य होगी। एमएलसी डॉ वीरेन्द्र नारायण यादव ने कार्यक्रम संबोधित करते हुए कहा कि रिविलगंज 20 सूत्री का टीम बहुत अच्छी है। अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष सहित सभी सदस्य को अपने कार्य को अच्छे से करेंगे यह मेरी सोच है सरकार एवं विकाश के बीच का पुल का कार्य करता है। सरकार के योजना शत प्रतिशत गरीबो के बीच जानी चाहिये। पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रामदयाल शर्मा रमेश प्रसाद ने 20 सूत्री के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान बहुत ही पुराने एवं अनुभवी कार्यकर्ता है। पूरे रिविलगंज में अपनी 28 वर्षो से जनता के दिन रात सेवा में रहते है। धर्मेंद्र सिंह चौहान जिला भाजपा के दो दशक तक कार्य किया है। सांसद प्रतिनिधि ई सतेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी प्रत्यासी डॉ धर्मेंद्र सिंह प्रचार्य अरुण कुमार सिंह शेखर सिंह जिला परिसद सदस्य गुड्डू साह, भाजपा नेता रामाकांत सिंह सोलंकी ने कहा की 20 सूत्री बनने से कार्यकताओं का मनोबल ऊँचा हुआ है। भारत सरकार एवं बिहार सरकार के योजना का निरीक्षण कर कार्य को सफल बनाने का काम करनी होगी। जदयू पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ विशाल सिंह राठौर ने कहा कि केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के कार्य से जनता खुश है। प्रखण्ड विकाश पदाधिकारी रितेश कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में सभी अतिथियो को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संबोधित करने वालो में अजीत सिंह मुखिया, मनोज प्रसाद, नागेंद्र राम, इनई मुखिया प्रतिनधि जय प्रकाश सिंह ,भाजपा नेता मनोज सिंह,जिला महामंत्री धर्मेंद्र शाह ,विवेक सिंह, शत्रुध्न भगत,सत्यानन्द सिंह, मनोज सिंह पप्पू, जिला उपाध्यक्ष डॉ विकाश गुप्ता सदर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष रिंकू सिंह,अनुरंजन प्रसाद, सतेंद्र शर्मा, संस्कार कुमार, सूधीर सिंह ,पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, बिपिन बिहारी सिंह, राबिभूषन मिश्रा, ददन सिंह, संजय वारसी, राकेश सिंह, सूधीर सिंह, कार्यालय प्रभारी अर्धेन्धु शेखर,राजकुमारी देवी, प्रियकांत सिंह सरपंच चंद किशोर सिंह सहित के जनप्रतिनिधि एवं 20 सूत्री के सभी सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष गामा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन 20 सूत्री उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पाक्सो एक्ट के एक मामले में आया फैसला अभियुक्त को मिली 3 वर्ष की कठोर कारावास की सजा

बगहा। वाल्मीकिनगर थाना अंतर्गत सखुअनवां निवासी नाबालिग भानमती कुमारी ने 6 लड़कों पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए कांड संख्या 22/2019 में केस दर्ज कराया था जिसका बेतिया न्यायालय में स्पीड ट्रायल चलाया गया। माननीय न्यायाधीश जावेद आलम ने फैसला सुनाते हुए कहा की अभियुक्त विजय कुमार को पाक्सो एक्ट की धारा 8 में दोषी पाया गया है,तीन वर्ष की कठोर कारावास के साथ इन पर 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया है।अर्थदंड नहीं देने पर दो महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।पीड़िता को प्रतिकार के रूप में 50 हजार रुपये देने का भी आदेश दिया।बतादें की यह वाद स्पीड ट्रायल के रूप में चयनित था। अन्य अभियुक्तों का विचारण किशोर न्याय परिषद में पूर्व में ही भेजा जा चुका है।

### दो बाइक की टक्कर में चार युवक गंभीर रूप से घायल

नगरा। सीमावर्ती गौरा थाना क्षेत्र के रामपुर नहर के समीप दो बाइक चालक अनियंत्रित होकर आमनेझसामने के टक्कर में बुरी तरह घायल हो गए। टक्कर इतना भीषण था कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और सभी युवक सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के तुरंत बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।स्थानीय ग्रामीणों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन युवकों को चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा रेफर कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइक पर दोझदो युवक सवार थे। इसी दौरान दोनों बाइकों की रामपुर नहर के पास आमनेझसामने जबरदस्त टक्कर हो गई। घायलों में गौरा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव के मुन्ना राउत का 23 वर्षीय पुत्र संदीप कुमार, अशोक कुमार का 26 वर्षीय पुत्र श्रावण साह, राजकुमार रावत का 21 वर्षीय पुत्र कृष्ण रावत, हरिचंद्र रावत का 21 वर्षीय पुत्र विवेक कुमार शामिल है। जिसमें विवेक कुमार का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा में इलाज चल रहा है। इस घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से यातायात नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है, क्योंकि यह मार्ग लगातार सड़क दुर्घटनाओं का केंद्र बनता जा रहा है।

### अल्पसंख्यक आयोग गठन में मंसूरी समाज को नहीं दी गई जगह

छपरा। बिहार सरकार ने आगामी विधान सभा चुनाव को देखते हुए अल्पसंख्यक आयोग का गठन कर दिया। एनडीए के घटक दलों के 11 कार्यकत्ताओं और पदाधिकारीयों को आयोग में जगह दी गई हैं। जिसमें शेख, पठान, अंसारी, साई और अन्य जाति को जगह दी गई है, लेकिन मुसलमानों में तीसरी सबसे बड़ी जाति 19 लाख आबादी वाले धुनिया मंसूरी जाति को अनदेखा किया गया है। जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश सचिव शाजिद आलम ने बताया कि पूरे बिहार में 10 लाख से अधिक मतदाताओं वाले धुनिया मंसूरी समाज को अल्पसंख्यक आयोग में जगह नहीं दी गई है। जातिगत जनगणना और सामाजिक न्याय की बात करने वाली बिहार की एन.डी.ए सरकार धुनिया मंसूरी समाज को उसका हिस्सेदारी सुनिश्चित नहीं कर पाई। जदयू पार्टी और नीतीश सरकार की उदासीनता से धुनिया मंसूरी समाज में नाराजगी देख जा रहा है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग ने छेड़ा जागरूकता मुहिम कार्यक्रम और जागरूकता रैली निकाली





प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। विश्व पर्यावरण दिवस पर वन विभाग ने जागरूकता मुहिम छेड़ते हुए अभियान चला रही है। वाल्मीकिनगर स्थित भेरियारी कम्पार्ट प्राथमिक राजकिय विद्यालय परिसर में कार्यक्रम के जरिये प्लास्टिक के सामग्री के उपयोग के दुष्परिणाम एवम इसके दुष्प्रभाव को लेकर बच्चों व ग्रामीणों को जागरूक किया गया।रेंजर श्रीनिवासन नवीन ने बताया कि वाल्मीकिनगर स्थित पर्यटन स्थलों की साफसफाई व विभिन्न विद्यालयों के बच्चो के साथ पर्यावरण से सम्बन्धित विषय कर कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्यक्रम के साथ साथ जागरूकता रैली भी निकाली जा रही है। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका सोनी देवी,अंजना देवी,विकास सिंह,रेंजर श्रीनिवासन नवीन,प्रभारी वनपाल राकेश कुमार,वनरक्षी रंजन कुमार,पिंटू पाल समेत कई समाजसेवी शामिल हुए।

# 365 घरों की घनी आबादी वाला है धोकानी दोन क्षेत्र

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। अतिपिछड़ा थरुहट बहुल्य क्षेत्र स्थित दो नौरंगिया और बनकटवा करमहिया पंचायत के ग्रामीण पाषाण युग मे जीने को विवश है यहां आज भी मूलभूत सुविधाओं का घोर आभाव है सड़क,बिजली की सुविधा आज भी नहीं के बराबर है पूरे दोन क्षेत्र को दो भागों में बांटते हुए दो सोलर प्लांट लगाए गए हैं धोकानी दोन क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता देवराज महतो ने बताया कि आज भी विकास की बाट जोहते लोग किसी मसीहा के इंतजार में इस क्षेत्र के लोग टकटकी लगाए हुए हैं सरकार द्वारा सोलर लाइट की व्यवस्था की गई है लेकिन अब वह व्यवस्था नाकाफी साबित हो रही है बनकटवा करमहिया पंचायत के कई गांव में बिजली नहीं है,जबकि यह घनी आबादी वाला 365 घरों वाला गांव है उन्होंने आगे बताया कि सोलर प्लांट 8 वर्ष पहले लगाया गया था जो अब



जर्जर हो चला है सोलर से मिलने वाले बिजली से सिर्फ 3 एलईडी बल्ब जलाए जाते हैं जबकि,वासिंग मशीन,फ्रीज,मोटर,वैगरह तो यूज करना इस गांव के लोगों के लिए दिवा स्वप्न के समान है दूसरे समाज सेवी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पिछले एक वर्ष से धौकनी दोन क्षेत्र के इलाके में सोलर प्लांट से लाइट नहीं मिलने के वजह से क्षेत्र की आधी आबादी ( गांव ) डार्क विलेज हो चली है जानकारी के लिए बतादूं की दोन क्षेत्र में 22 से 25 गांव है जो अतिपिछड़ा इलाका है हालांकि कार्यपालक अभियंता बिजली बोर्ड के अमृता आलोक ने बताया है कि बरसात के बाद वन विभाग से एनओसी प्राप्त होते ही कार्य शुरू कर दिए जाएंगे।

# योगियां हाईस्कूल में शिक्षक,अभिभावक गोष्ठी का हुआ आयोजन



रसूलपुर। गृष्मावकाश को लेकर क्षेत्र के विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन हुआ।शिक्षा विभाग द्वारा निर्देशित गोष्ठी में शिक्षकों द्वारा बच्चों के गृहकार्य में सहयोग करने की अपील अभिभावकों से की गई। योगियां हाईस्कूल में कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार द्वारा संचालित गोष्ठी में विज्ञान शिक्षक राकेश तिवारी ने कहा कि छात्र और शिक्षक के बीच अभिभावक सेतु का काम करते हैं परिणामस्वरूप ही छात्रों का शैक्षणिक विकास तीव्र होता है मौके पर असहनी,योगिया ,शिवरी गांवों से अभिभावक अलिशेर हुसैन,रंजीत प्रसाद, आदित्य कुमार ,ओमप्रकाश नारायण ,सरोज ओझा ,सलमान हुसैन,नागेंद्र कुमार ,सविता देवी के साथ वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप,विकास उपाध्याय , ,उमेश पांडेय ,धर्मेन्द्र तिवारी, नेहा,साजिदा परवीन,कपूरी ठाकुर,श्यामबाबू, बृजकिशोर, दीपक,दिनेश दूबे,अर्चना ,पूर्णिमा, कामिनी ,सुमन यादव ,श्रेया ,लूसी, दुर्गेशनंदिनी ,सिद्धि , राहुल गुप्ता अमरनाथ गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, आशिफ इकबाल मो इरफान,हर्षवर्धन यादव आदि विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

# क्लब की सदस्यों ने तंबाकू रोकथाम के लिए चलाया अभियान

प्रात : किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। इनर व्हील क्लब ऑफ सारण द्वारा तंबाकू निषेध व रोकथाम दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण अभियान चलाया गया। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने शहर के विभिन्न जगहों पर पर्चे चिपकाए और वितरित किए, जिसमें तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं और बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाई गई। क्लब की अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का एक मुख्य कारण तंबाकू का सेवन ही है, जिससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। इस अभियान के माध्यम से क्लब का उद्देश्य लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और उन्हें तंबाकू सेवन से मुक्ति पाने के लिए प्रेरित करना है। पर्चों में तंबाकू से होने वाले विभिन्न रोगों के बारे में जानकारी दी गई है, साथ ही तंबाकू सेवन छोड़ने के लिए सुझाव भी बताए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष शिल्पी कुमारी ने लोगों से अपील की कि वे तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों को समझें और स्वयं भी तंबाकू सेवन से दूर रहें और अपने परिवार और समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाएं। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हम तंबाकू के दुष्प्रभावों को कम कर सकते हैं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। इनर व्हील क्लब ऑफ सारण इस तरह के जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। क्लब की सदस्याएं आगे भी इस तरह के महत्वपूर्ण मुद्दों पर काम करती रहेंगी और समाज के विभिन्न वर्गों को जागरूक करने का प्रयास करेंगी।

# इसुआपुर : ट्रक की ठोकर से बिजली का पोल टूटा , बिजली आपूर्ति ठप

प्रात : किरण संवाददाता




इसुआपुर । मशरक-इसुआपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर चहपुरा-हनुमानगंज गांव के पास 33 केवीए के डीपी में शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने ठोकर मार दी। इस दौरान डीसीए का दोनों पोल टूट गया। जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। जिससे 33 केवीए के उपभोक्ता इस उमस भरी गर्मी में बिजली के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं कार्यपालक अभियंता पूर्बी मदन कुमार की देख रेख में पोल बदलवाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इस बावत एसडीओ बिजली अभय मौर्या ने बताया कि रात्रि 2 बजे के करीब मशरक की तरफ से आ रही ट्रक इफ05 ऊ2818 एसएच 90 के चहपुरा गांव स्थित 33 केबीए के डीपी पर जोरदार टक्कर मार दी। जिससे डीपी का दोनों पोल छतिग्रस्त हो गया तथा ट्रक दोनों पोल को छतिग्रस्त करते हुए उसमें घुस गया। वहीं जेई मनोज कुमार ने बताया कि घटना से संबंधित प्राथमिकी दर्ज करने हेतु इसुआपुर थाने में आवेदन दिया गया है। मौके पर इसुआपुर थानाध्यक्ष कमल कुमार राम, पुअनि संजय कुमार पुलिस बल के साथ स्थिति नियंत्रण में लगे हुए हैं। घटना की जानकारी मिलने पर नजदीकी दुकानदारों द्वारा गम्भीर रुप से घायल ट्रक के चालक को सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया है।जहां उसकी स्थिति गम्भीर बनी हुई है। बिजली विभाग के कर्मी पोल बदलने में लगे हुए हैं। जेई ने शनिवार की देर शाम तक बिजली बहाल कर दिए जाने का आश्वासन दिया है।

# थाना में ही छलकाया जाम,सारण एसएसपी ने भेजा जेल

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा सदर। कानून के रखवाले ही कानून को तोड़ डालते हैं। छपरा में एक ऐसा मामला उजागर हुआ है जहां थाने में ही आम पब्लिक के साथ पदाधिकारी शराब पीते हुए रंगे हाथों पकड़े गए हैं । बिहार में पूर्ण रूप से शराब बंदी लागू है इसकी जिम्मेदारी बिहार पुलिस के कंधे पर भी दी गई है। लेकिन यही पुलिस आम पब्लिक के साथ बैठकर थाने में ही शराब पी रही है जिसका मामला उजागर होते ही सरण पुलिस कप्तान डॉ कुमार आशीष ने पुलिस पदाधिकारी सहित पांच को जेल में डलवा दिए। मिली सूचना अनुसार शराब सेवन के आरोप में 05 को गिरफ्तार जेल भेजा गया है। एक पुलिस पदाधिकारी निलंबित हुए है तथा एक होमगार्ड जवान को ड्यूटी से वंचित किया गया है।

29 मई को गुप्त सूचना के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 के साथ भगवानबाजार थानान्तर्गत गंडक कॉलोनी स्थित नाका नं0-01 में विधिवत छापामारी की गई। छापामारी के क्रम में नाका नं0-01 के प्रभारी पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय, गृहरक्षक सि0/201950 विराट राज आनंद सहित अन्य तीन व्यक्तियों के द्वारा नाका-01 के रूम में शराब का सेवन करते हुए पाए गये।

इन सभी का ब्रेथ एनालाईजर से जाँच के क्रम पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय, गृहरक्षक सिपाही/201950 विराट राज आनंद एवं अन्य 03 व्यक्तियों की शराब पीने की पुष्टि हुई तथा मौके से 180 एमएल का दो बोतल अंग्रेजी शराब एवं छः ग्लास में विदेशी करीब 600 एमएल शराब बरामद किया गया। जिस संबंध में भगवान बाजार थाना कांड सं0-291/25, धारा-30 (ए)/37 बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के अन्तर्गत दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

उक्त घटना के संबंध में भगवानबाजार थाना द्वारा समर्पित प्रतिवेदन के आधार पर एसएसपी सारण द्वारा नाका-1 के प्रभारी, पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय, थाना को तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवन यापन भत्ता पर निलंबित किया गया है एवं 07 दिनों के भीतर विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। साथ हीं गृहरक्षक सि0/201950 विराट राज आनंद के विरूद्ध आजीवन ड्यूटी से वंचित की अग्रतर कार्रवाई हेतु वरीय समादेष्टा, गृहरक्षा वाहिनी, सारण को प्रतिवेदन भेजी गयी है।

वही एस एस पी डॉ कुमार आशीष ने कहा है कि सारण जिला पुलिस के द्वारा गलत कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी / कर्मी के विरूद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी की जायेगी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारी /कर्मी को पुरस्कृत किया जायेगा। गिरफ्तार होने वालों में प्रभारी नाका न०-1 भगवानबाजार थाना,पु०अ०नि० श्याम बिहारी पाण्डेय,गृहरक्षक सि0/201950 विराट राज आनंद नगर थाना निवासी मिथिलेश मिश्रा के पुत्र आशीष कु० मिश्रा, मुफ्फसिल थाना के घेंघटा निवासी देवानंद राय का पुत्र पवन कु० नंदन,तथा भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार निवासी श्याम बहादुर राय का पुत्र अनिल कुमार शामिल है।

# प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला सह प्रशिक्षण शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




लहलादपुरः विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी सारण ने प्रखंड मुख्यालय में स्थित ई किसान भवन के सभागार में प्रखंड स्तरीय शारदीय (खरीफ) कर्मशाला सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र, माँझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने कृषि विज्ञान केन्द्र माँझी में किए जाने वाले विभिन्न विषयों के प्रशिक्षण, भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं, पॉलीहाउस में सब्जियों का उत्पादन, शून्य जुताई विधि से धान की सीधी बुवाई, अरहर की खेती, उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चन्द्र चंदोला ने वैज्ञानिक विधि से फलों के नए बाग लगाना, उत्तम किस्म के पौधों की उपलब्धता, गड्ढे खोदने का उत्तम समय एवं विधि, प्राकृतिक खेती, पोषण वाटिका, ड्रोन का खेती में महत्व, फलों एवं सब्जियों की नर्सरी, पौध संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. जीर विनायक ने खरीफ के फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग के प्रबंधन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन एवं मृदा विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं मृदा के जांच एवं ए.टी .एम. श्री विष्णुपाल शर्मा ने बिहार की कृषि से संबंधित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारियां दी. कार्यक्रम में सैकड़ों महिला-पुरुष किसान ने भाग लिया. आत्मा लहलादपुर से ए.टी. एम. नौशाद आलम, कृषि समन्वयक तारकेश्वर भारती, धर्मेन्द्र सिंह, कृषि सलाहकार राजू कुमार गिरी, चंद्रशेखर सिंह आदि ने अपना विचार रखा.

# लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

## रहें सावधानः तम्बाकू के सेवन से कैंसर जैसे गंभीर रोग होते है




प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया, दुनिया में हर साल यानी 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के तौर पर मनाया जाता है। ऐसे में आज इस दिवस को पूरे जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर सेलिब्रेट किया जा रहा है। ये कहना है जिले के गैरसंचारी रोग पदाधिकारी डॉ मूर्तजा अंसारी का।उन्होंने बताया की इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य तंबाकू के उपयोग के खतरों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को कैंसर जैसे गंभीर रोग के प्रति सचेत करना है।उन्होंने कहा की तंबाकू जनित मुख के कैंसर से प्रतिवर्ष 3.5 लाख लोगो की मौत हो रही है यह एक गहरी सामाजिक एवं आर्थिक क्षति हैं प्रचार प्रसार के माध्यम से एवं राष्ट्रीय एनसीडी कार्यक्रम के द्वारा सरकार इस क्षति को रुकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी के लिए 15 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं।विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर एएनएम स्कूल नरकटियागंज, पश्चिम चंपारण में डॉ मुतुर्जा अंसारी के उपस्थिति में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित करना था।कार्यक्रम में तम्बाकू के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें स्वास्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर संजीव कुमार,एएनएम स्कूल के प्रिंसिपल दुर्गेश कुमार, ट्यूटर अक्षय कुमार एवं संतु कुमार राम,ओरल हेल्थ के भास्कर कुमार, डेंटल सर्जन डॉ लाल बाबू, डिस्ट्रिक्ट साइकोलॉजिस्ट अभिषेक कुमार, सतीश कुमार मौजूद थे।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर एएनएम कॉलेज की छात्राओं को किया गया जागरूक

बेतिया,विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर बेतिया के एएनएम स्कूल सहित कई स्थानों पर मासिक धर्म के बारे में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया ताकि किशोरी व महिलाएँ आनेवाले मासिक धर्म के समय क्या-क्या सावधानियाँ रखनी है इसको जान सकें। इस सम्बन्ध में एसीएमओं डॉ रमेश चंद्रा ने बताया की उस समय की असावधानी के कारण जाने अनजाने में कई प्रकार के रोग व इन्फेक्शन की शिकार महिलाएँ हो जाती है इसलिए पीरियड के दौरान स्वच्छता बहुत जरूरी है। वहीं पिरामल फाऊंडेशन के प्रतिनिधि राखी सिंह ने



सभा में उपस्थित सभी एएनएम को माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया, उन्होंने कहा माहवारी कोई शर्म की बात नहीं है, बल्कि यह एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है। मौके पर एसीएमओ डॉ रमेश चंद्रा, एएनएम महाविद्यालय के प्राचार्य हरिहर गुप्ता, आरबीएसके जिला समन्वयक डॉ रंजन कुमार मिश्रा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेतिया के स्वास्थ्य प्रबंधक, पिरामल फाऊंडेशन के प्रतिनिधि राखी सिंह एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

# सवर्ण आयोग अध्यक्ष बनने पर डॉ महाचंद्र सिंह को दी बधाई

छपरा। पूर्व मंत्री एवं सारण से विधान पार्षद रहे वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. महाचंद्र प्रसाद सिंह को बिहार सवर्ण आयोग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सिर्फ सारण प्रमंडल हीं नहीं बल्कि पूरे बिहार में हर्ष और उल्लास का माहौल है। विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व बौद्धिक संगठनों सहित आमजन भी इस फैसले का स्वागत कर रहे हैं। डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह के नियुक्ति पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई. आदित्य सिंह ने डॉ. सिंह को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह निर्णय सरकार का स्वागत योग्य कदम है। डॉ. महाचंद्र सिंह एक कर्मठ, अनुभवी और सभी वर्गों के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले नेता हैं।

# चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित विकेंड नुक्कड़ मुद्दा में नाटक हमार बबुआ की हुई प्रस्तुति

➤ साहेब लाल यादव द्वारा निर्देशित नाटक हमार बबुआ में किशोरों में बढ़ते नशे की लत व बाल श्रम को मुद्दा बनाया गया



प्रात: किरण संवाददाता

आरा : सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट आरा द्वारा आयोजित शनिवारीय नुक्कड़ श्रृंखला विकेंड नुक्कड़ मुद्दा में साहेब लाल यादव द्वारा लिखित व निर्देशित नुककड़ नाटक हमार बबुआ की प्रस्तुति की गई. विदित हो कि आरा के रंगकर्मियों ने सत्य चैरिटेबल ट्रस्ट के बैनर तले नुक्कड़ नाटक श्रृंखला प्रारम्भ किया है. इसके अंतर्गत सप्ताह के प्रत्येक शनिवार को स्थानीय व देश विदेश के मुद्दों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संध्या समय स्टेडियम गेट, रमना मैदान में, रंग दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया जाएगा.

कार्यक्रम की शुरूआत शहर के समाज सेवी सुनील पाठक एवं अंशु सिंह सिकरिवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया. श्री पाठक ने अपने सम्बोधन ने कहा कि नुक्कड़ नाटक सामाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. कार्यक्रम का संचालन कर रहें जदयू नेता अभय विश्वास भट्ट ने आज समाज व परिवार में पनप रहें कुरीतियों की तरफ इशारा करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज में पनप रहे कुरीतियों का उपाय है.

नुक्कड़ की इस श्रृंखला में आज की प्रस्तुति युवा रंगकर्मी साहेब लाल यादव द्वारा लिखित व निर्देशित नुक्कड़ ह्न हमार बबुआह्न की प्रस्तुति की गई. इस नाटक में किशोरों में पनप रहे जानलेवा नशे को मुद्दा बनाया गया. आज गरीब के साथ साथ मध्यय वर्ग के बच्चे भी खतरनाक और जानलेवा नशे के आदि बनते जा रहे है.

नाटक की मुख्य भूमिकाओं में वरीय महिला रंगकर्मी आरती देवी, चर्चित रंगकर्मी लड्डू भपाली, वरिष्ठ रंगकर्मी अम्बुज राजा, वीरेंद्र ओझा ह्य बम ह्य, डॉ अनिल सिंह, राजा कुमार व साहेब लाल यादव के साथ साथ बाल कलाकर अंकुश राज और कुमार राजा रहें. नाटक में अंजनी कुमार ने संगीत दिया एवं धन्यवाद ज्ञापन लड्डू भोपाली ने किया.

नुक्कड़ श्रृंखला कार्यक्रम में शामिल मुख्य लोगों में आलोक सिंह, सरफराज अहमद, , सुधीर शर्मा, श्याम शमीर्ला, राजेश कुरील, सुशील कुमार, कृष्नेन्दु, डॉ पंकज भट्ट, मनोज सिंह आदि शामिल रहें.

# भाविप ने किया लोक माता पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती समारोह पर गोष्ठी का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। शनिवार को भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में लोक माता पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जयंती समारोह पर गोष्ठी शहर के कौड़ीहार चौक स्थित परिषद के कार्यालय में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्सौल शाखा के संरक्षक अवधेश सिंह ने की । इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलित कर वन्दे मातरम् गायन तत्पश्चात भारत माता एवं लोक माता पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होलकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर आयोजित गोष्ठी में अवधेश सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए इस बात को रेखांकित किया कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर का कृतित्व एवं व्यक्तित्व विश्व की श्रेष्ठतम महिलाओं की श्रेणी में अग्रणी बनाता है, जिनका भारत के इतिहास और जनमानस पर विशेष प्रभाव डालता है। उन्होंने यह भी कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होलकर, मालवा साम्राज्य की होलकर रानी थीं।उन्हें भारत की सबसे दूरदर्शी महिला शासकों में से एक माना जाता है।

मालवा की महारानी के रूप में धर्म का संदेश फैलाने में और औद्योगीकरण के प्रचार-प्रसार में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा था। वहीं सचिव डॉ राजेन्द्र प्रसाद सिंह , मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी एवं उपाध्यक्ष सुनील कुमार ने गोष्ठी में अपने -अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमेशा शिवलिंग को साथ रखने वाली लोक माता के बारे में इतिहास में उल्लेख है कि उन्होंने अपने सिंहासन पर भी शिवलिंग को विराजमान रखा था तथा उन्हें भगवान शिव एवं हनुमान जी साक्षात दर्शन दिए थे। उन्होंने उत्तर में बद्रीनाथ से दक्षिण में रामेश्वरम तक तथा काशी विश्वनाथ से सोमनाथ तक भव्य मंदिरों, धर्मशालाओं का निर्माण बल्कि देश की चारों दिशाओं में तीर्थस्थानों का जीर्णोद्धार कर सनातन संस्कृति के गौरव को पुनर्स्थापित किया। वे गरीबों, विकलांगों ,साधु -संतों, पशु -पक्षियों, जीव -जंतु सभी का ध्यान रखती थी यहां तक की अपने सैनिकों कर्मचारियों के कल्याण के लिए सतत सचेष्ट रहती थी। अहिल्याबाई होलकर का हृदय समाज के सभी वर्गों के लिए धड़कता था जहां उन्होंने के मंदिरों का पुनर्निर्माण के साथ घाट भी बनवाया और अन्न सत्र या सदावर्त खुलवाए जहां लोगों को प्रतिदिन मुफ्त भोजन मिलता था।

उनका लोक कल्याण हेतु कर्तव्यशीलता व जनसेवा के आदर्श ध्रुव तारे की तरह समस्त देशवासियों एवं युवा पीढ़ी का सतत पथ प्रदर्शक हैं। उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व के आलोक में ही देश एक बार विश्व गुरु के रूप में प्रतिस्थापित हो सकता है। इस मौके पर भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के महिला एवं बाल विकास संयोजिका डॉ. (श्रीमती )बी.एस.दास, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सिंह, रजनीश प्रियदर्शी, सुनील कुमार, विजय कुमार साह , योगेन्द्र प्रसाद, सुरेश धानोठिया, विनोद रौनियार, बिमल सर्राफ, देवेन्द्र सिंह, विंध्याचल पाण्डेय, राम एकबाल प्रसाद, सौरभ कुमार एवं विजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे। इसकी जानकारी परिषद के मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी ने दी है।

# राष्ट्रीय जनता दल ने किया रेलवे परिसर आरा में प्रतिकार सभा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

भोजपुर। राष्ट्रीय जनता दल भोजपुर के तत्वावधान मे भाजपा द्वारा घर-घर बाटे जा रहे सिन्दूर का प्रतिकार किया गया प्रतिकार सभा का आयोजन रेलवे परिसर आरा मे किया गया प्रतिकार सभा के अध्यक्षता प्रदेश महासचिव राजद बिहार मनोज सिंह एवं संचालन प्रो॰ राजेन्द्र मनियारा ने किया ।वही अध्यक्षता करते हुए प्रदेश महासचिव मनोज सिंह ने कहा की भाजपा सरकार और उनके नेता निर्लज्ज है सेना ने अपना फर्ज निभाई और श्रेय मोदी सरकार वोट के लिए सिन्दूर बाट रहे है हम प्रतिदिन गाँव के इलाके मे घूमते है गाँव के महिलाओ मे भारी आक्रोश है हमारे समाज मे सिन्दूर का महत्व और सम्मान अपनापन, गहरा आजीवन सम्बन्ध से है लेकिन भाजपा सरकार और उनके नेता नरेंद्र मोदी जी ने कभी सिन्दूर का महत्व और सम्मान समझा ही नही आगामी चुनाव मे हमारी माँ, बहनो सिन्दूर का सम्मान क्या होता है भाजपा सरकार को बताने का काम करेगी ।वही बिहार मे भाजपा गठबंधन को नेस्तनाबूद करने का संकल्पबद्ध है महिला, नौजवान, किसान ।वही राजद नेता महेश यादव ने कहा की भाजपा वोट के लिए अपना स्तर सिन्दूर बांटने तक पहुंचा दिया हमलोग कतई स्वीकार नही करेंगे ।वही जिप सदस्य भीम यादव ने कहा की भाजपा सरकार कभी भी मुद्दे की राजनीति नही की और सेना ने पराक्रम दिखाया और भाजपा सरकार उसको वोट के रूप मे देख रहा है जो राष्ट्र हित मे नही है ।वही राजद नेता रघुपति यादव ने हर घर सिन्दूर बांटने पर भाजपा सरकार पर जमकर भड़ास निकाला जबसे मोदी सरकार आई मंहगाई, बेरोजगार चरम सीमा पर है । वही प्रतिकार सभा मे राजद नेता अनिल यादव, अरुण यादव, मो. सोहैल खान, राज गौरव टाइगर, भुवनेश्वर यादव, रंजीत सिंह, छात्र नेता तेजू त्यागी, भीम यादव, आकाश पासवान, जेपी सिंह, सुभाष यादव, मुनु चंद्रवंशी, मनोज राम, चिनी साह, लक्ष्मण सिंह, ताडक सिंह, राहुल सिंह सहित दर्जनो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तम्बाकू निषेध दिवस पर अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक में एक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

## तम्बाकू से शारीरिक एवं मानसिक दोषों में असंतुलन के साथ साथ विकृति पैदा होती है : वैद्य (प्रो) दिनेश्वर प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता



पटना ।31 मई प्रत्येक वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन के आहवान पर विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का पुरे दुनिया में आयोजन किया जाता है कारण की विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसारः

हर साल पुरे दुनिया में तकरीबन 80 लाख से ज्यादा मौतें तंबाकू के सेवन से होती हैं। भारत में हर साल 10 लाख से अधिक लोग तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण मरते हैं।

तंबाकू के धुएँ में 7,000 से ज्यादा रसायन होते हैं, जिनमें 69 से अधिक कैंसर कारक तत्व पाए जाते हैं। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि तंबाकू किसी भी रूप में ह्न चाहे सिगरेट हो या गुटखा ह्न जहर की तरह काम करता है। इससे न केवल शरीर का हर हिस्सा प्रभावित होता है, बल्कि परिवार और समाज भी किसी न किसी रुप में प्रभावित होता है

तम्बाकू सेवन से सबसे बड़ा खतरा फेफड़ा, मुंह, गल्ला, जबड़ा इत्यादि का कैंसर के साथ साथ हृदरोग, ब्रांकाइटिस, दमा, हाई ब्लडप्रेशर, नपुंसकता एवं प्रजनन क्षमता में कमी जैसी बिमारियों के होने का डर बना रहता है और 30 से 40 प्रसेंट रोगियों का कारण किसी ना किसी रुप में तम्बाकू ही होता है। इसलिए आने वाले नये पिढ़ियो के साथ साथ इससे पिडित लोगों को समझाने के साथ साथ समय पर उचित उपचार कराने की जरूरत है।

आयुर्वेद के अनुसार तम्बाकू से शारीरिक एवं मानसिक दोषों में असंतुलन के साथ साथ विकृति पैदा होती है फलस्वरूप बहुतेरे प्रकार के रोगों से आक्रान्त होने के साथ साथ दिनों दिन लोग कमजोर हो जाया करते हैं। आयुर्वेद में आचार्यो ने इसके उपचार के लिए बहुत सारी जड़ बुटिओं, दवाईयों का वर्णन करते हुए पंचकर्म चिकित्सा के द्वारा ठीक करने के लिए बहुत सारे विधियों का उल्लेख किया है, जिसका अपने चिकित्सकिय कार्य काल में उपयोग कराकर सैकड़ों रोगियों को ठीक करने का दावा राजकीय आयुर्वेदिक कालेज एवं अस्पताल पटना के पुर्व प्राचार्य वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद ने बेली रोड, शेखपुरा, पटना स्थित अमृत आयुर्वेद एवं पंचकर्म क्लिनिक में आयोजित एक संगोष्ठी में बताते हुए कहा कि आयुर्वेद में वर्णित जीवन शैली विशेष रूप से दिन चर्या, रात्र चर्या, ऋतु चर्या, सदवृत, रसायन, आचार रसायन एवं नियमित योगाभ्यास करके लोगों को इससे मुक्ति दिलाई जा सकती है और इससे पिड़ित रोगियों को आयुर्वेद तथा पंचकर्म चिकित्सा से ठीक किया जा सकता है।

# मध्य विद्यालय काउप के प्रांगण में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता



मध्य विद्यालय काउप के प्रांगण में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक में विद्यालय के पोषक क्षेत्र से लगभग 350 अभिभावक शामिल हुए। बैठक में शिक्षा विभाग बिहार सरकार पटना द्वारा निर्धारित थीमह्न पढेंगे, बढ़ेंगे और सीखेंगे हमह्न पर उपस्थित शिक्षकों के द्वारा विस्तृत चर्चा किया गया।इसके बाद ग्रीष्मकालीन में बच्चों को दिए गए होमवर्क और असाइनमेंट कार्य से अवगत कराया गया। इसके बाद विद्यालय शिक्षा समिति के गठन का प्रस्ताव दिया गया । सर्वसम्मति से कोटीवार सदस्यों का चयन किया गया। चयनित सदस्यों ने सर्वसम्मति से स्वीटी कुमारी को विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव के रूप में चयन किया है।

चयनित सचिव सह सभी सदस्यों को विद्यालय परिवार की ओर से बधाई दी गई। इस मौके पर प्रधानाध्यापक शंकर दयाल सिंह, शिक्षक शशि रंजन कुमार, अजीत कुमार गुप्ता, उमाशंकर पंडित, गीता कुमारी, मंजू कुमारी, विजय कुमार, कुमारी अंजना, नूरजहां खातून, संतोष कुमार प्र०, रोहित कुमार, प्रतिमा कुमारी, छोटेलाल रजक शामिल थे।

# श्री सूर्य प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ की तैयारी पूर्ण आज जलभरी कलश यात्रा निकाली जाएगी

प्रात: किरण संवाददाता



अगिआंव. प्रखंड के अगिआंव में स्टार क्लब के सौजन्य एवं समस्त ग्रामवासियों की मदद से श्री सूर्य प्राण प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ हेतु तैयारी पूर्ण कर लिया गया है. आज कलश जलभरी यात्रा निकाली जाएगी. कलश जलभरी यात्रा अगिआंव सूर्य मंदिर से शुरू होकर रत्नाढ़ नदी से जलभरी किया जाएगा. जिसको लेकर सभी तैयारियां कर ली गई है. श्री भक्ति संस्थान काशी प्राणप्रतिष्ठा से चलकर आए जगत गुरु श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में सभी भक्तजन शामिल होंगे.

बता दे कि अगिआंव में पहली बार महायज्ञ की शुरूआत होने जा रहा है जो 1 जून से लेकर 7 जून तक चलेगा. इस दौरान साधु संतों की प्रवचन के साथ रासलीला का भी आयोजन किया जाएगा. इस दौरान स्टार क्लब से सदस्य योगिंद्र पंडित, सरयू सिंह, शंकर यादव, रामनारायण शर्मा, संजय शर्मा, रमाकांत सिंह, मनोज सिंह, मणिकांत सिंह, शनिकांत सिंह, मुन्ना पंडित, अप्पू शर्मा , उपेंद्र शर्मा के द्वारा सुविधा दी जाएगी.

## जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों की समस्याओं का समाधान करूंगा: कर्नल भोला सिंह



आरा । सर्किट हाउस में पत्रकार भाइयों से बातचीत में कर्नल भोला शंकर सिंह यादव ने कहा कि मैं संदेश प्रखंड के भटौली गांव के एक साधारण से कृषक परिवार में जन्म लेकर अपने ही गांव के विद्यालय में पढ़ाई किया। जब आरा के जैन कॉलेज में पढ़ रहा था तभी सेना में भर्ती हो गया। थोड़े ही दिनों में सेना में अधिकारी के रूप में चयनित होकर 1997 में 2/छ३ बन कर तोपखाना रेजिमेंट में चला गया। अपने लगन और मेहनत के बदौलत एक कर्नल बन कर सेवा निवृत्ति लेकर अपने क्षेत्र के विकास में अपना योगदान देने का फैसला लिया। वर्तमान में विश्व की सबसे बड़ी पार्टी इखढ का सदस्य हूं एवं संदेश क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहा हूँ ताकि लोगों के मूलभूत समस्याओं से अवगत हो सकूं एवं यदि मेरे दल ने मौका दिया तो जनप्रतिनिधि के तौर पर उनका समाधान करने का भरपूर प्रयास करूंगा। बातचीत के दौरान उन्होंने संदेश विधान सभा में सड़कों की त्वरित मरम्मत, बिजली की सप्लाई में बढ़ोतरी ,शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधा में सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही सामाजिक सौहार्द बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

## आरा नगर अध्यक्ष चुनाव के लिए बैठक आहूत की गयी

आरा। गोढना रोड में शर्मा मेरेज हौल में राजद प्रदेश कार्यालय के निदेर्शानुसार सत्र 2025-28 के लिए आरा नगर अध्यक्ष चुनाव के लिए बैठक आहूत की गयी।इस बैठक की अध्यक्षता नगर निवार्चि पदाधिकारी सेराज अहमद एवं सहायक निवार्चन पदाधिकारी मो० इनामुल हक द्वारा किया गया। संचालन सेराज अहमद द्वारा किया गया।इस बैठक में राजद के क्रियाशील सदस्य उपस्थित थे। उपस्थित सभी सदस्यों की परामर्श से श्री शिव कुमार शर्मा को आरा नगर अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया।इस बैठक में राजद के गणमान नेता मोजूद रहे। जिसमें राजद के सुरेश विश्वकर्मा, इशान राज, ओम प्रकाश मुन्ना, नन्द किशोर यादव , राजगौरव टाइगर, सुहेल खान, फैज अकरम, महमूद रजा उर्फ चुन्नु भाई, शमीम खान भुवनेश्वर यादव, सभा यादव निरंजन प्रसाद, हसन अंसारी, वसीम आमिर, विजय यादव मौजूद रहे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने शपथ ग्रहण समारोह का किया आयोजन



आरा। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा अधिकार भारत भूषण भसीन के अध्यक्षता में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। इस अवसर पर शैलेंद्र कुमार पांडा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम, सुधाकर पांडेय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय के साथ अन्य सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने उपस्थित सभी न्यायिक पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण के साथ तंबाकू का सेवन नहीं करने हेतु सभी के साथ सामूहिक शपथ लेते हुए कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस के इस अवसर पर हम सभी यह शपथ लेते हैं कि मैं कभी भी धूम्रपान व अन्य किसी भी प्रकार के तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करूंगा एवं अपने परिजनों या परिचितों को भी धूम्रपान व अन्य तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करूंगा। मैं अपने कार्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखूंगा और अपने सहयोगियों को भी इसके लिए प्रेरित करूंगा।

## कैदियों के बीच नशा छोड़ने के लिए संकल्प दिया गया

आरा। अखिल विश्व गायत्री परिवार की इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ आरा के द्वारा कैदियों के बीच मंडल कारा आरा में में नशा उन्मूलन के लिए कैदियों के बीच प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ पटना के भाई अभिषेक पाठक , सचिदानंद कुमार , ब्रजेश कुमार कृष्णदेव पांडे जी के द्वारा पूज्य गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य जी के विचारों को नशा छोड़ने का संकल्प दिलाया गया , उनको अच्छे रस्ते पर चलने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही सभी कैदियों को गुरुदेव के साहित्य अखंड ज्योति और देव स्थापना कराया गया।

# सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन का शेष आठ दिन, समाज का जोश गर्मी पर भारी , बैठकों का सिलसिला रहा जारी

## प्रदेश के जनप्रतिनिधियों एवं संघर्ष मोर्चा के लोगों ने झोंकी अपनी-अपनी ताकत



अभय आर्या

पटना/मधुबनी। अखिल भारतीय सुढ़ी वैश्य संगठन, पटना के तत्वाधान में आयोजित सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन बापू सभागार पटना में आगामी 08 जून को प्रातः 11 बजे से आयोजित की जा रही है। जिसमें बिहार प्रदेश के कोने कोने से सुढ़ी जाति अपने परिवार के साथ हक और अधिकार के लिए शामिल होंगे।

इस कार्यक्रम निमित समाजसेवी प्रहलाद कुमार पूर्वे ने बताया कि मुझे दरभंगा प्रमंडल का संयोजक नियुक्त किया गया है। आगे बतायाकि जिला संयोजक संजय महतो , मीडिया प्रभारी सुमित राउत, प्रदेश सह संयोजक (महिला प्रकोष्ठ) काजोल पूर्वे को मधुबनी जिला से जिम्मेदारी सौंपी गई है।सभी मनोनीत पदाधिकारी अपने समाज के लोगों के बीच पहुंच कर 08 जून को पटना चलने के लिए निमंत्रण सह सूचना कर रहे हैं।

आगामी पटना में महासम्मेलन को सफल बनाने के लेकर बीते दिन पूर्व विधान पार्षद सुमन महासेठ ने जिले एवं प्रदेश के कई प्रखंडों के संगठनों के साथ बैठके की।

## मीनापुर पिपराहा के असली पंचायत में महासम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुआ समीक्षात्मक बैठक

अभय आर्या

मुजफ्फरपुर। मीनापुर पिपराहा असली पंचायत अंतर्गत प्रसाद गांव में सुढ़ी समाज के लोगों के साथ 8 जून को प्रस्तावित कार्यक्रम सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन की तैयारी एवं समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शत्रुघ्न साह पुर्व मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी पिपराहा असली पंचायत एवं संचालन कृष्ण कुमार एनजीओ डायरेक्टर ने किया ।जिसमें सुढ़ी समाज के लोगों ने संकल्प लिया की 8 जून को बापू सभागार में हजारों हजार की संख्या में पहुंचेंगे और समाज की आर्थिक, सामाजिक राजनीतिक एवं शैक्षणिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए और अति पिछड़ा वर्ग में जब तक बिहार सरकार हमें शामिल नहीं करेगी यह आंदोलन चलता रहेगा। मौके पर मौजूद सुढ़ी समाज मुजफ्फरपुर के पदाधिकारीगण चितरंजन महतो (तिरहुत संयोजक) वीरेंद्र कुमार (जिला अध्यक्ष) विनय साह (उपाध्यक्ष) पंकज गामी (महासचिव) मनोज कुमार (संगठन मंत्री), एवं प्रसाद,



पुरैना एवं कांटी के सुढी समाज परिवार के सदस्य बैठक में भाग लिए।

अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल होने की मांग सुढ़ी जाति के कई मंत्री नेता विधायक लगातार करते आरहे हैं। जिसमें पूर्व मंत्री और वर्तमान मधुबनी विधायक समीर महासेठ एवं अरुण शंकर प्रसाद (खजौली विधायक) के साथ साथ पूरे प्रदेश के पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों एवं संघर्ष मोर्चा के लोगों का इस संघर्ष में साथ खड़े है।

बर्ष 2019 में सुडी युवा शक्ति मधुबनी के तत्वाधान में नगर के सूड़ी स्कूल मैदान में भव्य सूड़ी समाज का जिला सम्मेलन आयोजित कर अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल करने की हुंकार भर पटना में रैली आयोजित करने की बात की गई थी। पर उस वक्त कोरोना महामारी के कारण तत्काल स्थगित किया गया था। लेकिन समय के साथ संघर्ष अनवरत जारी रहा और आगामी 08 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित ह्नसुढ़ी अधिकार महासम्मेलनह्न सीतामढ़ी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ वरुण कुमार के संयोजन एवं सभी पूर्व वर्तमान जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है।

सुढ़ी जाति की मांग है कि सूड़ी समाज को सरकार अतिपिछड़ा वर्ग में शामिल करे जिससे उनके शैक्षणिक, राजनैतिक, आर्थिक स्थिति मजबूत बन सके।

# बड़हरा प्रखंड का दूसरा प्रखंड सम्मेलन कोल्हरामपुर में आयोजित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

बदलो सरकार-बदलो बिहार नारों के साथ बड़हरा का दूसरा प्रखंड सम्मेलन कोल्हरामपुर में आयोजित किया !यह सम्मेलन का॰बलिराम सभागार एवं का॰विक्रमा राम मंच के नाम पर रखा गया !सम्मेलन शुरू होने से पहले बबन राम ने झंडातोलन किया !फिर शहीद बेदी पर माल्यार्पण अर्पित कर जनवादी क्रांति में अमर शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई !इसके बाद 3 सदस्यीय अध्यक्ष मंडल जिसमें विजय यादव, दीपक करवानी, संतोष कुमार को बनाया गया !सम्मेलन का उद्घाटन भाकपा-माले के राज्य कमेटी सदस्य का॰रमेश जी ने किया !सम्मेलन के मुख्य अतिथि भाकपा-माले जिला कार्यालय सचिव दिलराज प्रीतम एवं पर्यवेक्षक कोईलवर प्रखंड सचिव बिष्णु ठाकुर थे !

# भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा , कार्यकर्ताओं में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

आराः भारतीय जनता पार्टी बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने शनिवार को प्रदेश के नए पदाधिकारियों की घोषणा की। भोजपुर जिला से अगिआँव के पूर्व विधायक शिवेश राम को पुनः महामंत्री और संतोष पाठक को फिर से उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है इसके अलावा अशोक भट्ट को शाहाबाद के सह क्षेत्रीय प्रभारी बनाया गया है। भोजपुर जिला से प्रदेश टीम मे स्थान मिलने पर भाजपा भोजपुर के नेताओं और कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। राजेश वर्मा फिर से महामंत्री और सिद्धार्थ शंभु उपाध्यक्ष बने है ।ये दोनो को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शाहाबाद का क्षेत्रीय प्रभारी महामंत्री और प्रभारी बनाया गया है। भारतीय जनता पार्टी भोजपुर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह, बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, तरारी विधायक विशाल प्रशांत, विधानपार्षद जीवन कुमार अदि थे।



# 'रामायण' के लिए नॉरिस से स्टंट सीख रहे यश, 'लंकापति रावण' के किरदार में आएंगे नजर

अभिनेता यश जल्द ही नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म 'रामायण' में लंकापति रावण की भूमिका में नजर आएंगे। ताजा जानकारी के अनुसार, वह रावण के किरदार के लिए 'मैड मैक्स' फेम मास्टर नॉरिस से स्टंट सीख रहे हैं। वैरायटी डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, यश ने 'रामायण' के लिए शूटिंग इसी साल शुरू की है। प्रोजेक्ट में 'फ्यूरियोसा- ए मैड मैक्स सागा', 'मैड मैक्स- फ्यूरी रोड' और 'द सुसाइड स्क्वाड' के स्टंट निर्देशक गाय नॉरिस को शामिल किया गया है। वह फिल्म के एक्शन दृश्यों को कोरियोग्राफ करेंगे। नॉरिस वर्तमान में भारत में हैं और यश के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वहीं, टीम ऐसे सेट को तैयार करने में जुटी हुई है, जो भव्य हो। 'रामायण' की कहानी पर नजर डालें तो यह भगवान श्री राम के 14 साल के वनवास पर आधारित है, जिसके दौरान लंकापति रावण उनकी पत्नी सीता का अपहरण कर लेता है, जिसके बाद युद्ध होता है। इस फिल्म में युद्ध के दृश्यों को बड़े पैमाने पर फिल्माया जा रहा है। एक्शन कोरियोग्राफी जबरदस्त है। इन दृश्यों में ग्रीन स्क्रीन तकनीक और वीएफएक्स का भी बड़े स्तर पर इस्तेमाल किया गया है। दो भागों में बन रही इस फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं।

रामायण में भगवान राम की भूमिका रणबीर कपूर निभा रहे हैं, जबकि साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाती नजर आएंगी। रणबीर और साई पल्लवी पहले ही मुंबई में अपने हिस्से की शूटिंग कर चुके हैं। यश इस फिल्म में खास परिधानों में नजर आएंगे, जिन्हें हरप्रीत और रिम्पल ने डिजाइन किया है। खास बात यह है कि उनके कपड़े असली सोने की जरी से बनाए गए हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण का राज्य लंका सोने का नगर माना जाता था, इसलिए फिल्म में उनके परिधानों को भी उसी हिसाब से तैयार किया गया है। 'रामायण' को दो भागों में बनाया जा रहा है। पहला भाग दीपावली 2026 में रिलीज होगा, जबकि दूसरा भाग दीपावली 2027 में आएगा। रामायण में यश, रणबीर कपूर, साई पल्लवी के साथ लारा दत्ता, सनी देओल और इंदिरा कृष्णा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।



# वीर पहाड़िया को डेट कर रहीं हैं तारा सुतारिया?

बॉलीवुड में इन दिनों एक नए कपल के बनने की खबरें जोरों-शोरों से चल रही हैं। हाल ही में खबर आई हैं कि एक्टर वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की ऑफिशियल पुष्टि नहीं की है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक उनका रिश्ता अभी शुरुआती दौर में है।

## एक दूसरे को डेट कर रहे तारा और वीर?

बॉलीवुड गलियारों में इन दोनों की डेटिंग की खबरों ने जोर पकड़ लिया है।रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दोनों कुछ महीने पहले ही डेटिंग शुरू कर चुके हैं और एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने की कोशिश कर रहे हैं। मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर दोनों को एक साथ देखा गया था, जिससे उनके बीच के कनेक्शन को लेकर कयास लगने शुरू हो गए।

## सारा को भी डेट कर चुके हैं वीर

वीर पहाड़िया की पिछले रिलेशनशिप की बात करें तो वो पहले सारा अली खान के साथ रिश्ते में थे, जो फिल्म स्काई फोर्स में उनकी को-स्टार भी थीं। इसके बाद खबरें आईं कि उन्होंने पूर्व मिस वर्ल्ड मानुषी छिल्लर को भी डेट किया था। इन दोनों के मुंबई के अंबानी वेडिंग में साथ दिखने से अफवाहें और तेज हो गई थीं।

आदर जैन के साथ रिलेशनशिप में थीं तारा वहीं, तारा सुतारिया ने करीना कपूर खान के कजिन ब्रदर आदर जैन को लंबे समय तक डेट किया है। आदर जैन ने फरवरी 2025 में तारा की करीबी दोस्त रहीं आलेखा अडवाणी से शादी कर ली है। इसके बाद तारा के अरुणोदय सिंह के साथ डेटिंग के भी चर्चे रहे, लेकिन उन्होंने इसे महज दोस्ती बताया और अफवाहों का खंडन किया।

## वीर पहाड़िया ने की बात

'जूम' के साथ एक एक्सक्लूसिव बातचीत में वीर ने मीडिया में चल रही अफवाहों पर अपनी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें इन बातों से बहुत फर्क पड़ता था, खासकर जब उनके परिवार के निजी मामलों को लेकर खबरें छपती थीं। लेकिन अब वो इन बातों को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होते। वो समझते हैं कि यह पब्लिक लाइफ का हिस्सा है और अब वो इस पर ज्यादा ध्यान नहीं देते।





# करण जौहर की फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर संग पहली बार बनी टाइगर श्रॉफ की जोड़ी

जान्हवी कपूर ने अपने करियर की शुरुआत एक रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'धड़क' से की थी। इस फिल्म के प्रोड्यूसर करण जौहर थे। हाल ही में वह करण जौहर की फिल्म 'होमबाउंड' को लेकर भी चर्चा में रही हैं, इस फिल्म के प्रोड्यूसर भी करण जौहर हैं। जान्हवी अगले साल रिलीज होने वाली फिल्म 'लग जा गले' में नजर आएंगी, इसे भी करण जौहर ही प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म में जान्हवी का हीरो कौन होगा? इसकी जानकारी भी मिली है। एक्टर टाइगर श्रॉफ फिल्म 'लग जा गले' में जान्हवी कपूर के अपोजिट नजर आएंगे। यह दोनों पहली बार किसी फिल्म में साथ एक्टिंग कर रहे हैं। फिल्म को राज मेहता निर्देशित करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह एक बदला लेने वाली लव स्टोरी होगी। इस फिल्म में एक्शन भी खूब होगा।

## कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

इन दिनों टाइगर श्रॉफ फिल्म 'बागी 4' में व्यस्त हैं और जान्हवी कपूर 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में व्यस्त हैं। दोनों जब इन फिल्मों से फ्री हो जाएंगे तो ही फिल्म 'लग जा लगे' की शूटिंग शुरू करेंगे। सूत्रों के अनुसार इस फिल्म की शूटिंग इस साल के आखिर में शुरू होने की उम्मीद है।

## टाइटल को कैसे चुना गया

जान्हवी कपूर की फिल्म 'लग जा गले' का टाइटल लंबे डिस्कशन के बाद तय किया गया। आखिर में 'लग जा गले' टाइटल फाइनल हुआ क्योंकि यह फिल्म की कहानी पर फिट बैठता है। यह फिल्म अगले साल यानी 2026 में रिलीज हो सकती है।

## इन फिल्मों में भी जान्हवी आएंगी नजर

जान्हवी कपूर की अगली फिल्म 'परम सुंदरी' है। इस फिल्म में वह सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ नजर आएंगी। 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' नाम की फिल्म भी जान्हवी कर रही हैं। इसके अलावा अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेड्डी' में भी जाहन्वी अभिनय करती नजर आएंगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ नजर आएंगी।



# तलाक के बाद पूरी तरह से बदल गई धनश्री की जिंदगी

कोरियोग्राफर, अभिनेत्री और यूट्यूबर धनश्री वर्मा पिछले दिनों क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से अपने तलाक को लेकर काफी चर्चाओं में रही थीं। इस दौरान उन्हें ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा था। अब धनश्री ने चहल से तलाक के बाद अपनी जिंदगी और ट्रोलिंग को लेकर बात की है।

## मैं हमेशा से मेहनती रही हूं

हालिया बातचीत में धनश्री ने तलाक के बाद अपने जीवन में आए बदलाव पर बात करते हुए कहा कि तलाक के बाद वह पूरी तरह से बदल गई हैं। साथ ही उन्हें ट्रोलिंग से कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि उन्होंने खुद को मजबूत बनाया है। धनश्री ने कहा, ट्रोलिंग मुझे बिल्कुल भी परेशान नहीं करती है क्योंकि मैंने खुद को अंदर से मजबूत कर लिया है। मैंने खुद को इस हद तक सुरक्षित रखा है कि बाहरी शोर मुझे परेशान नहीं करता। मैं हमेशा से एक मेहनती व्यक्ति रही हूं। अब मैंने अपनी लाइफस्टाइल को पूरी तरह से बदल दिया है और आंतरिक शक्ति, अनुशासन, व्यायाम और अच्छे खाने पर ध्यान केंद्रित किया है। खुद को ऐसे लोगों के साथ रखा है जो मुझे प्यार करते हैं और मेरा सम्मान करते हैं।

## मैंने ओर लोगों को मजबूत बनने के लिए प्रेरित किया है

अपने मुश्किल वक्त को लेकर धनश्री ने आगे कहा, इस मुश्किल दौर में मैंने अपनी भावनाओं को अपने हुनर यानी डांस में ढालने का प्रयास किया है। मुझे उम्मीद है कि मैंने और लोगों को ताकत को अपना हथियार बनाने के लिए प्रेरित किया है। मैंने जो सबसे बड़ी चीज सीखी है, वह है आत्मनिर्भरता का महत्व और मेरे माता-पिता ने एक मजबूत बेटी की परवरिश की है। यह कुछ नया सीखने और खुद को मजबूत बनाने का वक्त रहा। मुझे मेरे बारे में किसी भी गलत धारणा पर सफाई देने की कोई जरूरत नहीं है। क्योंकि इससे केवल और अधिक अटकलें ही लगती हैं। मुझे लगता है कि प्यार जीवन का सबसे खूबसूरत पहलू है।

## 2020 में युजवेंद्र चहल से की थी शादी

धनश्री वर्मा ने साल 2020 में भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल से शादी की थी। हालांकि, शादी के कुछ साल बाद ही दोनों के रिश्ते में अनबन की खबरें आने लगी थीं। इसके बाद इसी साल मार्च में दोनों ने तलाक ले लिया। अब दोनों के रास्ते पूरी तरह से अलग हैं।





# अभिषेक बच्चन के लिए हाउसफुल-5 क्यों है एक बड़ा हाउसफुल

**बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन इन दिनों अपने करियर के एक नए और सफल मुकाम पर हैं। उनकी आने वाली फिल्म हाउसफुल 5 को लेकर जो उत्साह दिख रहा है, वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि जब चार्म, टैलेंट और कंसिस्टेंसी एक साथ आती है, तो वे कभी भी ट्रेंड से बाहर नहीं होतीं।**

अभिषेक बच्चन की हालिया सफलताएँ और उनका बदला हुआ पब्लिक अवतार इस बात की गवाही देते हैं कि यह उनके लिए वास्तव में एक हाउसफुल दौर है। पिछले कुछ वर्षों में अभिषेक बच्चन ने अपनी बेहतरीन परफॉर्मेंस और ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर दी गई ब्लॉकबस्टर हिट्स के ज़रिए खुद को एक गंभीर और बहुमुखी अभिनेता के रूप में स्थापित किया है। युवा में उनके इंटेंस किरदार से लेकर मनमर्ज़ियां और लूडो में उनकी सधी हुई एक्टिंग, बॉब बिस्वास में उनका चौंकाने वाला ट्रांसफॉर्मेशन, या फिर घूमर में उनका दमदार और भावुक रोल अभिषेक ने हर बार दर्शकों और समीक्षकों को प्रभावित किया है। ओटीटी पर भी उनकी सफलता का ग्राफ लगातार चढ़ा है। दसवीं में उनके प्रदर्शन को न सिर्फ़ शानदार रिव्यूज़ मिले, बल्कि यह नेटफ्लिक्स पर नंबर वन ट्रेंड भी कर रही थी। हाल ही में बी हैप्पी ने भी अमेज़न प्राइम वीडियो पर टॉप स्पॉट हासिल किया। वहीं, आई वांट टू टॉक में उनके काम ने एक और उपलब्धि उनके नाम की, आलोचकों और दर्शकों से भरपूर सराहना मिली और कई अवॉर्ड्स भी उन्हें मिले। यह ओटीटी पर उनकी मजबूत पकड़ और कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सिर्फ़ उनकी एक्टिंग ही नहीं, बल्कि खुद अभिषेक बच्चन भी आजकल खूब सुर्खियों में हैं। हाल की उनकी पब्लिक अपीयरेंसेज़ ने फैंस और इंटरनेट को चौंका दिया है। हमेशा से अपने चार्म और सहज व्यक्तित्व के लिए जाने जाने वाले अभिषेक अब एक नए दौर की एफ़र्टलेस हॉटनेस के पोस्टर बॉय बनते नज़र आ रहे हैं। फिर चाहे वो किसी ट्रेलर लॉन्च पर हों या आम जनता के बीच, ओजी ब्लफ़मास्टर ऐसे लुक पेश कर रहे हैं जो एक-एक फ्रेम में इंटरनेट पर धूम मचा रहे हैं। उनका आत्मविश्वास, स्टाइल और स्वैगर अब उनके अभिनय के साथ-साथ उनके सार्वजनिक व्यक्तित्व का भी एक अभिन्न अंग बन गया है। कुल मिलाकर, प्रतिभा से लेकर स्वैगर तक - यह अभिषेक बच्चन के लिए आधिकारिक तौर पर हाउसफुल है। हाउसफुल 5 में उनकी एंट्री उनके करियर के इस सफल दौर को और गति देगी, जहाँ वे एक बार फिर बड़े परदे पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# इस महीने 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे दिलजीत दोसांझ

साल 1997 की सुपरहिट फिल्म 'बॉर्डर' के दूसरे पार्ट की मेकिंग इन दिनों जारी है। इस फिल्म में सनी देओल तो लीड रोल में नजर आएंगे। साथ ही वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। जल्द ही इस फिल्म की शूटिंग दिलजीत दोसांझ बाकी को-एक्टर्स के साथ शुरू करेंगे। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार दिलजीत दोसांझ 10 जून से फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग शुरू करेंगे। इस फिल्म में वह सनी देओल के साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। सनी देओल अपने किरदार की काफी हद तक शूटिंग पूरी कर चुके हैं। दिलजीत अब जून में सनी के साथ शूटिंग करेंगे और जुलाई में वरुण धवन के साथ शूटिंग करेंगे। फिल्म 'बॉर्डर 2' की कहानी की जहां तक बात है तो यह इस बार 1971 के वॉर पर आधारित होगी। भारतीय सैनिकों और सैन्य अधिकारों ने इस युद्ध में जिस शौर्य का परिचय दिया था, वही सब इस फिल्म में दिखाया जाएगा। 'बॉर्डर' फिल्म की बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है तो इस बात का फायदा नई फिल्म को भी मिलेगा। दिलजीत दोसांझ फिल्म 'बॉर्डर 2' में निर्मल जीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, वह इंडियन एयरफोर्स के अधिकारी थे और 1971 के युद्ध में अपने शौर्य के लिए याद किए जाते हैं।



# व्यापार

सेंसेक्स
81633.02 पर बंद
निफ्टी
24833.60 पर बंद

सोना
94,240
चांदी
94,000

## देश के विदेशी मुद्रा भंडार में इजाफा; 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंचा रिजर्व

नई दिल्ली, एजेंसी। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 23 मई को समाप्त हफ्ते के दौरान 6.992 अरब डॉलर बढ़कर 692.721 अरब डॉलर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। इससे पहले 16 मार्च को समाप्त हफ्ते के दौरान विदेशी मुद्रा भंडार 4.888 अरब डॉलर घटकर 685.729 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले, सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.885 बिलियन



अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 23 मई को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.516 मिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 586.167 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 2.366 अरब डॉलर बढ़कर 83.582 अरब डॉलर हो गया।

# महंगाई से राहत पर बड़ा फैसलाः खाद्य तेल की कीमत बढ़ने से रोकेगी सरकार

### कच्चे तेल पर आयात शुल्क 10 फीसदी घटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर सीमा शुल्क घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है। वित्त मंत्रालय के इस फैसले का मकसद खाद्य तेलों की खुदरा कीमतों में कमी लाना और खाने के तेल का कारोबार करने वाले घरेलू कारोबारियों के हितों की रक्षा करना है। पहले इन तीनों कच्चे खाद्य तेलों पर शुल्क 20 प्रतिशत था। बता दें कि भारत अपनी घरेलू खाद्य तेल आवश्यकता का 50 प्रतिशत से अधिक आयात करता है।

### कीमतों में कमी से उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा

इस फैसले के बाद उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा कि कच्चे तेल पर शुल्क में कमी से घरेलू कीमतों को कम करने में मदद मिलेगी, जिससे उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

**केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने फैसले की पुष्टि की–** वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से अधिसूचना जारी कर खाद्य तेल पर लगने वाले आयात शुल्क को घटाने के फैसले की जानकारी दी। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने बताया कि सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया है।

**ताजा फैसले के बाद कितनी राहत मिलेगी–** इस फैसले पर उद्योग संगठन सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के कार्यकारी निदेशक बीवी मेहता ने कहा, कच्चे पाम तेल, कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल पर लगने वाला मूल सीमा शुल्क यानी कस्टम ड्यूटी को घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा। पहले 27.5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता था। उन्होंने कहा, हाल ही में रिफाइंड पाम तेल का आयात बढ़ा है, क्योंकि यह कच्चे पाम तेल की तुलना में सस्ता है।

**आईवीपीए ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया–** उद्योग निकाय एसईए और भारतीय वनस्पति तेल उत्पादक संघ (आईवीपीए) ने भी सरकार के फैसले का स्वागत किया है। घरेलू कारोबारियों और खाद्य तेल का प्रसंस्करण करने वाले लोगों की सुरक्षा के लिए कच्चे और परिष्कृत खाद्य तेलों के बीच शुल्क का अंतर बढ़ाने की मांग लंबे समय से हो रही है।

### सरकार ने साहसिक फैसला लिया

शुक्रवार देर रात जारी बयान में एसईए के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, सरकार ने कच्चे और रिफाइंड तेलों के बीच शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का साहसिक फैसला सही समय पर लिया है। अब रिफाइंड पामोलिन का आयात कम होगा। कच्चे पाम तेल की मांग बढ़ने से घरेलू रिफाइनिंग क्षेत्र में नई जान आएगी।

### इस तेल पर नहीं मिलेगी राहत

30 मई को जारी वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के बाद भी रिफाइंड तेल पर मूल सीमा शुल्क 32.5 प्रतिशत ही रहेगा। यानी इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया है। वर्तमान में रिफाइंड तेलों पर प्रभावी शुल्क 35.75 प्रतिशत है। ऐसे में इस तेल का इस्तेमाल करने वाले लोगों को कोई राहत नहीं मिलेगी।

## 1 शेयर पर 3 शेयर बोनस दे रही है कंपनी, रिकॉर्ड डेट का हुआ ऐलान

नई दिल्ली, एजेंसी। वी मार्ट रिटेल इंडिया ने बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है। कंपनी एक शेयर पर 3 शेयर बोनस दे रही है। बता दें, कंपनी पहली बार निवेशकों को बोनस शेयर देने जा रही है।

**1 शेयर पर 3 शेयर बोनस दिया जाएगा–** शुक्रवार को वी-मार्ट रिटेल इंडिया ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर पर 3 शेयर बोनस के तौर पर दिया जाएगा। इस बोनस इश्यू के लिए कंपनी ने 23 जून 2025 की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। यानी इस दिन जिन निवेशकों के नाम कंपनी के रिकॉर्ड बुक में रहेंगे उन्हें बोनस शेयर का लाभ मिलेगा। वी मार्ट रिटेल इंडिया ने आखिरी बार निवेशकों को 2022 में बोनस शेयर दिया था। कंपनी एक शेयर पर 75 पैसे का डिविडेंड दिया था। 2019 में कंपनी ने एक शेयर पर 1.70 रुपये का डिविडेंड दिया था।

### शेयर बाजार में कैसा है प्रदर्शन

वी मार्ट रिटेल इंडिया के शेयर शुक्रवार को 0.14 प्रतिशत की गिरावट के बाद 3406.60 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। बीते 3 महीने के दौरान इस कंपनी ने निवेशकों को 14 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न दिया है। वहीं, एक साल में कंपनी के शेयरों का भाव 61 प्रतिशत से अधिक चढ़ चुका है।

# शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप को मिला रेकॉर्ड 3.4 अरब डॉलर का लोन

### कर्ज देने जर्मनी का यह बैंक आया आगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के बड़े औद्योगिक घरानों में शामिल शापूरजी पल्लोनजी ग्रुप को जर्मनी के एक बैंक से रेकॉर्ड लोन मिला है। जर्मनी के ड्यूश बैंक ने एसपी ग्रुप के लिए 3.35 अरब डॉलर (करीब 29 हजार करोड़ रुपये) का प्राइवेट क्रेडिट जुटाया है। यह एक तरह का लोन है जिसे नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर ड्यूश कहते हैं। यह अमेरिका के बाहर सबसे बड़ी प्राइवेट क्रेडिट डील है।

एसपी ग्रुप एक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। उन्होंने टाटा संस में अपनी हिस्सेदारी का कुछ भाग गिरवी रखकर यह पैसा जुटाया है। इस काम में ब्लैक रॉक और मॉर्गन स्टेनली जैसे बड़े निवेशकों ने भी साथ दिया। यह लोन तीन साल के लिए है और इस पर 19.75 प्रतिशत का ब्याज लगेगा। ब्याज हर साल के अंत में मिलेगा। इससे पहले एसपी ग्रुप ने जो लोन लिया था, उस पर ब्याज दर थोड़ी कम थी। साल 2023 में, एसपी ग्रुप की कंपनी गोस्वामी इंफ्राटेक ने 18.75 प्रतिशत ब्याज पर 1.7 अरब डॉलर जुटाए थे।

**कहां होगा पैसे का इस्तेमाल–** लोन में मिली रकम का इस्तेमाल पुराने लोन चुकाने और रियल एस्टेट और ईपीसी कारोबार को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। एक निवेशक ने कहा कि इससे बड़े कॉरपोरेट घरानों को लंबे समय के लिए पैसा जुटाने का एक नया तरीका मिलेगा।

### पहली बार हुआ ऐसा

जर्मन बैंक ने खुद इस डील में 893 मिलियन डॉलर लगाए हैं। वे इसमें से 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा अपने पास रखेंगे। बैंक ने ब्लैक रॉक, सोना कैपिटल, मॉर्गन स्टेनली और पिमको जैसे निवेशकों को भी इसमें शामिल किया है। सोना कैपिटल और पिमको जैसी कंपनियों ने इस डील के जरिए भारत में पहली बार बड़ा प्राइवेट क्रेडिट निवेश किया है।

### किस-किस ने लगाया पैसा

इस पूरे फंडिंग में तीन तरह के निवेशकों ने पैसा लगाया है। पहले, वे लोग जिन्होंने स्टर्लिंग बॉन्ड में पहले से निवेश किया हुआ है। दूसरे, वे लोग जिन्होंने गोस्वामी बॉन्ड में पहले से निवेश किया हुआ है। और तीसरे, अमेरिका, ब्रिटेन, हांगकांग, सिंगापुर और भारत के नए प्राइवेट क्रेडिट निवेशक।




बैंक ने भी अपना रिस्क कम करने के लिए कई इंटरनेशनल क्रेडिट फंड्स को इसमें शामिल किया है। ब्लैक रॉक ने 70 मिलियन डॉलर, सोना ने 180 मिलियन डॉलर, मॉर्गन स्टेनली इन्वेस्टमेंट मैनेजमेंट ने 60 मिलियन डॉलर और पिमको ने 45 मिलियन डॉलर लगाए हैं। इस तरह इन सभी ने मिलकर लगभग 355 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। इसके अलावा, एरेस ने अलग से 500 मिलियन डॉलर का निवेश किया है।

फरालोन कैपिटल, जो एसपी ग्रुप को पहले से लोन देता रहा है, उसने 596 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। डेविडसन केम्पनेर और सेर्बेरस कैपिटल ने क्रमशः 401 मिलियन डॉलर और 474 मिलियन डॉलर लगाए हैं।

### इस शर्त पर मिला लोन

यह लोन एसपी ग्रुप की टाटा संस में 9.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के बदले दिया गया है। यह हिस्सेदारी स्टर्लिंग इन्वेस्टमेंट, शापूरजी पल्लोनजी रियल एस्टेट और एसपी एनर्जी के जरिए है। एसपी एनर्जी तेल और गैस का कारोबार करती है। इस डील को बैंक ने अकेले ही पूरा किया है। यह पहला बड़ा कॉरपोरेट बॉन्ड है जो एफपीआई के नए नियमों के तहत जारी किया गया है। इन नियमों के अनुसार, विदेशी निवेशक अब जनरल लिमिट रूट से निवेश कर सकते हैं, पहले उन्हें वॉलंटरी रिटेंशन रूट का इस्तेमाल करना पड़ता था जिसमें कई तरह की पाबंदियां थीं।

## इंजीनियरिंग छोड़ शुरू किया ऐसा काम कि 2 साल में कमा डाले 50 लाख रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी। जब भी हम किसी इंजीनियर का नाम लेते हैं, हमारे दिमाग में सूट-बूट पहने एक शख्स की तस्वीर उभरने लगती है। क्या आप कभी सोच सकते हैं कि कोई इंजीनियर एक कारोबारी भी हो सकता है ऐसा ही एक नाम है सुष्मिता कनेरी का। सुष्मिता एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर थीं, जो अब उद्यमी बन गई हैं। महाराष्ट्र के पुणे में सुष्मिता का परिवार साधारण था। उनके माता-पिता हमेशा मेहनत और आत्मनिर्भरता पर जोर देते थे। उन्होंने सुष्मिता को समझदारी से फैसले लेने और दयालु रहने की सीख दी। सुष्मिता ने साल 2020 में विश्वकर्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी पुणे से सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। इसके बाद वे नौकरी करने के लिए तैयार थीं। लेकिन स्कूल के दिनों में ही उनके मन में सामाजिक उद्यमी बनने का विचार आ गया था।

**कैसे आया कारोबार का ख्याल–** सुष्मिता बताती हैं, स्कूल में मैं क्लास मॉनिटर थी।

### एलपीजी सिलेंडर के दाम से क्रेडिट कार्ड और ईपीएफओ के नियम तक

# 1 जून से होंगे कई बदलाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक जून से नए महीने की शुरुआत होने वाली है। इस नए महीने के पहले दिन से ही कई ऐसे नियम बदलने वाले हैं जिसका सीधा असर आपकी जेब पर पड़ेगा। उदाहरण के लिए एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव होगा। वहीं, ईपीएफओ, सेबी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी कुछ नियमों को बदला है। आइए विस्तार से जान लेते हैं।

**एलपीजी के दाम–** हर महीने की तरह एक जून को घरेलू और कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम भी तय किए जाएंगे। मई में कॉमर्शियल एलपीजी की कीमतों में कटौती की गई थी। तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल एलपीजी की कीमत भी 19 किलोग्राम वाले सिलेंडर पर 14.50 रुपये घटा दी है। हालांकि, देश की राजधानी दिल्ली में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर यथावत थीं। अब कल यानी 1 जून को एलपीजी सिलेंडर की कीमत पर फैसला होगा। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) यानी विमान ईंधन की कीमतों का भी निर्धारण होगा। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जून के महीने में 3.0 एडिशन को लागू कर सकता है। इससे ईपीएफ सब्सक्राइबर्स को यूपीआई और एटीएम के माध्यम से तुरंत पीएफ फंड निकालने में सक्षम होने की उम्मीद है। इसका उद्देश्य निकासी की लंबी प्रक्रिया को खत्म करना है। इसके अतिरिक्त, ईपीएफ सदस्यों को यूपीआई प्लेटफॉर्म पर सीधे अपने भविष्य निधि शेष की जांच करने और अपने पसंदीदा बैंक खातों में पैसे ट्रांसफर करने में सक्षम बनाएगी।

### आधार विवरण का अपडेटेशन

14 जून 2025 मायआधार पोर्टल पर आधार विवरण निःशुल्क अपडेट करने की अंतिम तिथि है। इस तिथि के बाद, सभी ऑनलाइन अपडेट पर 25 का शुल्क और फिजिकल आधार सेंटर्स पर अपडेट के लिए 50 का शुल्क लागू होगा।

### सेबी के नियम

अगर आप म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेश करते हैं तो ये खबर आपके लिए है। सेबी ने 1 जून 2025 से ओवरनाइट फंड योजनाओं के लिए नई कट-ऑफ टाइमिंग शुरू की है। संशोधित कट-ऑफ टाइम का उद्देश्य नेट एसेट वैल्यू गणना प्रक्रिया में पारदर्शिता और स्थिरता लाना है। 1 जून 2025 से ओवरनाइट म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए कट-ऑफ टाइम ऑफलाइन लेनदेन के लिए दोपहर 3 बजे और ऑनलाइन लेनदेन के लिए शाम 7 बजे होगा।

### आयकर की समयसीमा

फॉर्म 16 के तहत स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) प्रमाणपत्र जारी करने की समयसीमा 15 जून 2025 है। फॉर्म 16 नियोक्ता द्वारा वेतनभोगी कर्मचारियों को प्रदान किया जाने वाला एक प्रमाणपत्र है, जो पुष्टि करता है कि उनके वेतन से कर काटा गया है। अनिवार्य रूप से, यह इस बात का प्रमाण है कि काटा गया कर आयकर विभाग को जमा कर दिया गया है। यह प्रमाणपत्र संबंधित वर्ष के 15 जून तक जारी किया जाना चाहिए।

## आईआईटी मंडी ने प्रयास 3.0 की घोषणा की - रोबोटिक्स, एआई और आईओटी पर एक माह का रेजिडेंशियल प्रोग्राम

**मंडी, एजेंसी।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मंडी ने अपने सतत शिक्षा केंद्र (सीसीई) के माध्यम से रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी) पर एक महीने के गहन आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रयास 3.0 के शुभारंभ की घोषणा की है। आईआईटी मंडी परिसर में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम 16 जून, 2025 को शुरू होगा। प्रयास 1.0 और प्रयास 2.0 की सफलता के बाद, प्रयास 3.0 भी प्रोजेक्ट-आधारित लर्निंग के माध्यम से प्रतिभागियों को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ प्रयोगात्मक शिक्षा देगा। यह कार्यक्रम अंडरग्रेजुएट, ग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट इंजीनियरिंग छात्रों के साथ-साथ डिप्लोमा धारकों के लिए खुला है जो ऑटोमेशन, एआई और आईओटी के क्षेत्र में व्यावहारिक कौशल प्राप्त करना चाहते हैं। आईआईटी मंडी के सतत शिक्षा केंद्र के प्रमुख डॉ. तुषार जैन ने कहा, प्रयास 3.0, अनुभवात्मक शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार पेशेवरों के निर्माण के लिए आईआईटी मंडी की निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## फ्लिपकार्ट करेगा ग्लैम अप फेस्ट 2025 की मेजबानी

मुंबई, एजेंसी। फ्लिपकार्ट भारत के सबसे बड़े ब्यूटी एंड लाइफस्टाइल इवेंट के तीसरे संस्करण ग्लैम अप फेस्ट 2025 की मेजबानी करने के लिए तैयार है। इसका आयोजन 6 और 7 जून को नेस्को, गोरेगांव, मुंबई में किया जाएगा। दो दिन चलने वाले इस उत्सव में 100 से ज्यादा अग्रणी ब्यूटी, ग्रूमिंग एवं के-ब्यूटी ब्रांड्स के साथ-साथ देशभर से 6,000 से ज्यादा इन्फ्लूएंसर्स एवं क्रिएटर्स हिस्सा लेंगे। ब्यूटी, इनोवेशन एवं कंटेंट के हाई-एनर्जी सेलिब्रेशन के रूप में तैयार ग्लैम अप फेस्ट 2025 से के-ब्यूटी, इमर्सिव ब्रांड एक्सपीरियंस, टेक-लेड प्रोडक्ट डिस्कवरी और एक्सक्लूसिव कंज्यूमर एक्टिवेशन के मामले में फ्लिपकार्ट की अग्रणी स्थिति को और मजबूती मिलेगी। फ्लिपकार्ट की हेड ऑफबिजनेस एफएमसीजी एंड जनरल मर्चेंडाइज मंजरी सिंघल ने कहा, 'भारत के सबसे बड़े ब्यूटी इवेंट ग्लैम अप फेस्ट 2025 के तीसरे संस्करण के साथ हम भारत में ब्यूटी प्रोडक्ट्स की डिस्कवरी, एक्सपीरियंस एवं शॉपिंग के तरीके को बदल रहे हैं। हम एक ऐसा सुगम और इमर्सिव एक्सपीरियंस देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां टेक्नोलॉजी (प्रौद्योगिकी), ट्रस्ट (भरोसा) और लोगों की एस्पिरेशन (आकांक्षा) को साथ लाया जा सके। यह कार्यक्रम ब्यूटी प्रोडक्ट्स को ज्यादा आसान पहुंच में लाने, के-ब्यूटी समेत नवीनतम ट्रेंड्स को सबके सामने पेश करने और लाखों ग्राहकों के लिए ब्यूटी प्रोडक्ट्स की खोज को आसान एवं खुशनुमा बनाने के हमारे लक्ष्य और इस दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है।' उत्सव में हिस्सा लेने वालों को खास तौर पर चुने गए ब्रांड लॉन्च, बेस्ट के-ब्यूटी प्रोडक्ट्स, सेलेब्रिटी एवं इन्फ्लूएंसर सेशन के साथ-साथ ब्यूटी इंडस्ट्री से जुड़े उत्साही एवं प्रोफेशनल्स के लिए तैयार लाइव ट्यूटोरियल एवं इमर्सिव ब्रांड जोन को एक्सप्लोर करने का मौका मिलेगा।

## केनव्यू और इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स दिल्ली ने बेबी की संवेदनशील त्वचा की देखभाल में कोलाइडल ओटमील की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला

**मुंबई, एजेंसी।** संवेदनशील त्वचा के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध, रेवेन्यू के हिसाब से दुनिया की सबसे बड़ी उपभोक्ता स्वास्थ्य कंपनी केनव्यू ने इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) दिल्ली के साथ मिलकर 'ओट नेचर लैब' का आयोजन किया। बेबीज़ की संवेदनशील त्वचा के लिए एविडेंस-बेस्ड केयर रोज़ाना देने के महत्व और इस गंभीर स्वास्थ्य स्थिति को संबोधित करने के लिए कोलाइडल ओट पर आधारित त्वचा देखभाल की भूमिका पर इसमें प्रकाश डाला गया।

संवेदनशील त्वचा का छिपा प्रभाव

एटोपिक डर्माटाइटिस (एडी), एक्जिमा ज़ेरोसिस और डायपर डर्माटाइटिस जैसी संवेदनशील त्वचा की तकलीफे बढ़ रही हैं। दुनिया भर में एटोपिक डर्माटाइटिस से बेबीज़ वयस्कों की तुलना में दोगुने ज्यादा प्रभावित होते हैं। पिछले दशक में, शहरीकरण, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन, तापमान और आर्द्रता बढ़ने के कारण भारतीय बच्चों में संवेदनशील त्वचा की तकलीफे बढ़ रही हैं। एक नए भारतीय विशेषज्ञों की आम सहमति और आईएपी के इनपुट के अनुसार, एटोपिक डर्माटाइटिस से पीड़ित भारतीय बच्चों की संख्या 20-39 प्रतिशत से बढ़ रही है।

# पहलवान बजरंग पूनिया को राहत, दिल्ली की अदालत में चल रहा ये मामला खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक अदालत ने ओलंपिक पदक विजेता पहलवान बजरंग पूनिया के खिलाफ आपराधिक मानहानि का मामला खत्म कर दिया है क्योंकि उन्होंने कोच और शिकायतकर्ता नरेश दहिया से बिना शर्त माफी मांग ली है।



न्यायाधीश ने 29 मई को मामला तब बंद कर दिया जब दोनों पक्षों ने अदालत में प्रस्तुत किया कि उन्होंने मामले को आपस में सुलझाने का फैसला किया है। न्यायाधीश ने आदेश में कहा, 'मामला सुलझाया गया।

दहिया ने दावा किया था कि बजरंग ने अन्य पहलवानों और लोगों के साथ मिलकर 10 मई 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रेस कांफ्रेंस में उनके खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी।

### भारतीय बल्लेबाज सुदर्शन पर जयवर्धने बोले-

# इंग्लैंड दौरे पर खेलेगा बड़ी पारियां

**मुल्लांपुर (पंजाब) (एजेंसी)।** साई सुदर्शन की शानदार पारी के बावजूद गुजरात टाइटंस (जीटी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के एलिमिनेटर मुकाबले में मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा, जिससे उनका टूर्नामेंट अभियान समाप्त हो गया। सुदर्शन ने 49 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से शानदार 80 रन बनाए, जिससे गुजरात 229 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने में बनी रही, लेकिन अंततः वे 208/6 पर समाप्त हुए।



सुदर्शन के इस प्रभावशाली प्रदर्शन ने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच और श्रीलंका के पूर्व दिग्गज महेला जयवर्धने का ध्यान खींचा। जयवर्धने ने इस युवा बाएं हाथ के बल्लेबाज की शॉट चयन और स्वभाव की सराहना की, खासकर जब वह इंग्लैंड में आगामी 5 टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारी कर रहे हैं।

जयवर्धने ने कहा कि मुझे उनकी बल्लेबाजी देखकर वाकई मजा आया। वह एक शानदार बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, उनके पास बेहतरीन क्रिकेटिंग शॉट्स हैं।

उन्होंने आगे कहा कि मुझे यकीन है कि वह अच्छा प्रदर्शन करेंगे। इंग्लैंड में यह चुनौतीपूर्ण होगा, जैसा कि हम सभी ने अतीत में अनुभव किया है, लेकिन मुझे लगता है कि वह वहां अपनी राह बना लेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि वह एक बहुत अच्छे और प्रतिभाशाली क्रिकेटर हैं। सुदर्शन ने अपनी उम्र से परे लगातार परिपक्वता दिखाई है और अब वह टेस्ट क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के कई क्रिकेटरों के साझा सपने को हासिल करने की दहलीज पर हैं। उनका हालिया आईपीएल सीजन उनकी फॉर्म और क्षमता को दर्शाता है। सुदर्शन गुजरात टाइटंस की बल्लेबाजी लाइनअप के प्रमुख खिलाड़ी रहे, जिन्होंने 15 मैचों में 54.21 की शानदार औसत से 759 रन बनाए। उनके अभियान में छह अर्धशतक और एक शानदार शतक शामिल था, जिसने उन्हें टूर्नामेंट के शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं में से एक बनाया। इस बीच, मुंबई इंडियंस क्वालिफायर 2 में पहुंच गई है और अब आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बनाने के लिए श्रेयस अय्यर की पंजाब किंग्स के खिलाफ एक हाई-वोल्टेज मुकाबले में उतरेगी।

# मैं किस्मतवाला रहा मेरे कुछ कैच छूट गए: रोहित शर्मा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में जीत के बाद प्लेयर ऑफ द मैच बने रोहित शर्मा ने कहा कि मैंने केवल चार फिफ्टी लगाई हैं। और फिफ्टी लगाना पसंद करता। एक टीम के तौर पर हमारे लिए अच्छा दिन रहा। मैं इस एलिमिनेटर को खेलने और इससे गुजरने और अगला कदम आगे बढ़ाने के महत्व को समझता हूं। पूरी टीम के प्रयास पर वास्तव में गर्व है। जब मैं खेलता हूं, तो मैं सब कुछ अलग रखकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं। यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं टीम के लिए काम कैसे कर सकता हूं। मुझे किस्मत का पूरा फायदा उठाना था। मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका। टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाएं। ओस आने के साथ यह चुनौतीपूर्ण होने वाला था। गेंदबाजों ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया।



रोहित ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैंने टूर्नामेंट में पहले भी ऐसे शॉट खेले हैं और फील्डर ढूंढे हैं। कहीं न कहीं आपको किस्मत की जरूरत होती है और आज मेरे लिए वह दिन था। मैं किस्मतवाला रहा क्योंकि कुछ कैच छूट गए। लेकिन उसके बाद भी आपको खेलना होता है। मैं गति और गति को बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। यह एक अच्छा गेंदबाजी प्रयास था। जॉनी मैंने उन्हें कई वर्षों से दूसरी तरफ से खेलते हुए देखा है। हम जानते हैं कि उनमें क्या गुण हैं। इस प्रारूप में खेलने का बहुत अनुभव है। ऐसा कभी नहीं लगा कि वह पहला गेम खेल रहा है। हमें शुरुआत मिली और हमने उसका फ़ायदा उठाया।

## आईपीएल प्लेऑफ का बड़ा रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम, मुंबई करेगी सालों तक याद

आईपीएल प्लेऑफ में मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम हो गया है जिन्होंने 2025 में गुजरात टाइटंस ( के खिलाफ 81 रन की शानदार पारी खेली। दूसरे स्थान पर सूर्यकुमार यादव हैं, जिन्होंने 2019 में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ नाबाद 71 रन बनाए। ड्वेन स्मिथ और लेंडल सिमंस ने 2013 और 2015 में चेन्नई के खिलाफ 68 रन की पारियां खेलीं, जबकि रोहित ने 2020 में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी 68 रन बनाए। लेंडल सिमंस ने 2014 में चेन्नई के खिलाफ 67 रन और 2015 में फिर चेन्नई के खिलाफ 65 रन बनाए। ये आंकड़े मुंबई के बल्लेबाजों की प्लेऑफ में दमदार बल्लेबाजी को दर्शाते हैं, जिसमें रोहित और सूर्यकुमार जैसे खिलाड़ियों ने बड़े मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के मारने का रिकॉर्ड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के नाम है, जिन्होंने 305 छक्के जड़े हैं। मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा 264 छक्कों के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने आरसीबी की ओर से 263 छक्के लगाए थे। वह इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने 260 छक्के लगाए हैं और चौथे स्थान पर हैं। मुंबई के किरोन पोलार्ड 258 छक्कों के साथ पांचवें, आरसीबी के एबी डिविलियर्स 240 छक्कों के साथ छठे, कोलकाता नाइट राइडर्स के आंद्रे रसेल 225 छक्कों के साथ सातवें, और चेन्नई के सुरेश रैना 219 छक्कों के साथ 8वें स्थान पर हैं। भारतीय टीम के लिए रोहित शर्मा ने 205 छक्के लगाए हैं। बता दें कि आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में विराट कोहली 8618 रनों के साथ शीर्ष पर हैं। रोहित शर्मा ने मुल्लांपुर में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 7000 रन पूरे कर दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। शिखर धवन (6769), डेविड वॉर्नर (6565) और सुरेश रैना (5528) क्रमशः तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। सबसे ज्यादा छक्कों की बात करें तो क्रिस गेल 357 छक्कों के साथ पहले, रोहित शर्मा 300+ छक्कों के साथ दूसरे, विराट कोहली (291), एमएस धोनी (264) और एबी डिविलियर्स (251) के साथ शीर्ष पांच में शामिल हैं। अर्धशतकों में कोहली 63 के साथ पहले, वॉर्नर 62 के साथ दूसरे, धवन 51 के साथ तीसरे, रोहित 47 के साथ चौथे और केएल राहुल 40 अर्धशतकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं।

# करुण नायर का दोहरा शतक पूरा

### ठोकी टेस्ट सीरीज के लिए पक्की दावेदारी



**कैटेंबरी (एजेंसी)।** कैटेंबरी के मैदान पर करुण नायर ने अपनी शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए इंग्लैंड लायंस के खिलाफ शतक जड़ दिया है। अनऑफिशियल टेस्ट के पहले दिन नायर 186 रन पर नाबाद थे। दूसरे दिन की शुरूआत में उन्होंने बाकी बचे रन बनाकर अपना दोहरा शतक पूरा किया। इसी के साथ करुण ने 23 जून से शुरू होने वाली टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए दावेदारी मजबूत कर ली है। करुण के साथ सरफराज खान और ध्रूव ज्यूरेल भी काफी मजबूत दिख रहे हैं। दोनों शतक लगाने से चूक गए लेकिन इंडिया ए को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया।

भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड की पिचों पर 4 से ऊपर की रन रेट से रन बनाए जोकि बीसीसीआई के लिए अच्छा संकेत है। बता दें कि नायर का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पिछले तीन सालों से प्रदर्शन शानदार रहा है। वह 115 प्रथम श्रेणी मैचों में लगभग 50 की औसत के साथ 8,300 से अधिक रन बना चुके हैं। उनके नाम अब प्रथम श्रेणी में 24 शतक हो गए हैं।

### ऐसी रही भारतीय पारी

इंडिया ए की शुरूआत खराब रही थी। क्योंकि कप्तान अभिमन्यू 8 रन बनाकर आऊट हो गए थे। नजरें जायसवाल पर थीं लेकिन वह 17वें ओवर में महज 24 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद करुण नायर ने एक छोर संभाल लिया और स्कोर को आगे बढ़ाया। इस दौरान उनका सरफराज खान 119 गेंदों पर 92 रन बनाकर साथ दिया। फिर ध्रूव ज्यूरेल आए और 120 गेंदों पर 94 रन बनाए। मजबूत पार्टनरशिप के बीच करुण नायर ने अपना दोहरा शतक पूरा किया और भारत को 450 से ज्यादा रनों पर ला खड़ा किया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**भारत ए** - अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, करुण नायर, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नितीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, हर्ष दुबे, अंशुल कंबोज, हर्षित राणा, मुकेश कुमार

**इंग्लैंड लायंस** - टॉम हेन्स, बेन मैककिनी, एमिलियो गे, मैक्स होल्डन, जेम्स रेव (विकेटकीपर/कप्तान), डैन मूसली, रेहान अहमद, ज़मान अख्तर, एडी जैक, जोश हल, अजीत डेल

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची

**सिंगापुर (एजेंसी)।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की मलेशिया की शीर्ष रैंकिंग वाली जोड़ी पर सीधे गेम में जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



पिछले कुछ सप्ताह से फिटनेस संबंधी मुद्दों से जूझ रही भारतीय जोड़ी ने 39 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में दमदार रक्षात्मक खेल और नेट के शानदार इस्तेमाल से 21-17, 21-15 से जीत दर्ज कर सत्र में अपने पहले खिताब की ओर कदम बढ़ाए। भारतीय जोड़ी के लिए यह इस सत्र का तीसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले वे इस साल मलेशिया और इंडिया ओपन में भी अंतिम-चार चरण में पहुंचे थे।

सात्विक और चिराग की पूर्व नंबर एक जोड़ी का इससे पहले मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ जीत हार का रिकॉर्ड 6-2 था। गोह और नूर की जोड़ी ने हालांकि दोनों जोड़ियों के पिछले मुकाबले में सात्विक और चिराग को हराया था। मैच की शुरुआत से दोनों जोड़ियां एक-दूसरे पर दबदबा बनाने की कोशिश कर रही थी जिससे शुरुआती गेम में स्कोर 7-7 की बराबरी पर था। सात्विक की शानदार सर्विस से ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी ने तीन अंक की बढ़त कायम कर ली।

भारतीय जोड़ी ने दबाव बनाये रखते हुए 15-11 की बढ़त कायम की। मलेशिया की जोड़ी ने वापसी की कोशिश की लेकिन सात्विक के बेहद दमदार स्मैश का उनके पास कोई जवाब नहीं था। भारतीय जोड़ी ने तीन मैच प्वाइंट हासिल किये और गोह सर्विस के रिटर्न शॉट को नेट पर खेल बैठे। पहला गेम जीतने के बाद चिराग ने दूसरे गेम की शुरुआत में कुछ गलतियां की लेकिन भारतीय जोड़ी ने 6-6 के स्कोर के साथ प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया।

सात्विक और चिराग ने इसके बाद लगातार चार अंक हासिल किये 11-7 की बढ़त कायम की। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद पूरी तरह से दबदबा कायम कर लिया। सात्विक ने दमदार स्मैश से स्कोर को 16-10 कर दिया। अंत में उनके एक और शानदार रिटर्न से भारतीय जोड़ी को पांच मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने विरोधी जोड़ी की एक और गलती से जीत दर्ज की।

# जब मैच हाथ से बाहर जाए हम बुमराह को गेंद देते हैं : हार्दिक पांड्या

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस ने मुल्लांपुर के मैदान पर एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को 20 रन से हराकर क्वालिफायर 2 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। मैच जीतने के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि एक समय मैच बराबर पर था, विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छी हो गई थी लेकिन हमें अपने नर्व्स पर कंट्रोल रखना था। पहले खेलते हुए बेयरस्टो ने अपना समय लिया और एक बार लय प्राप्त करने के बाद जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की उन्हें देखना सुखद थे।

हार्दिक ने कहा कि हर किसी ने अपना योगदान दिया। जसप्रीत बुमराह को गेंद देने का फ़ैसला करना बेहद आसान है, जब भी लगे कि मैच हाथ से बाहर जा रहा है आप जसप्रीत बुमराह को गेंद दे सकते हैं। यह महत्वपूर्ण था कि जस्सी आकर वह



ओवर डाले ताकि अंतर लंबा हो जाए (18वां ओवर)। मैं सिर्फ स्कोरबोर्ड देख रहा था इसलिए अगर हम अंत के ओवरों के लिए ज्यादा रन बचा कर रखते हैं तो बाद में गेंदबाज़ों के लिए आसान हो सकता है। अच्छी तरह से उबरना बहुत महत्वपूर्ण है। अगले गेम का इंतजार है।

वहीं, मुंबई के गेंदबाज अश्विनी कुमार ने कहा कि बातचीत सावधानी से गेंदबाजी करने के बारे में थी। विकेट सपाट था। हम एक स्पिनर को शामिल कर सकते थे। लेकिन फिर मुझे इंपेक्ट प्लेयर के रूप में पेश किया गया। मलिंगा सर और पारस (महाम्ब्रे) सर ने मुझे विचारों के साथ मदद की। मैं अपनी योजना पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। और अपनी ताकत के अनुसार गेंदबाजी कर रहा था। मैं बस आखिरी तीन गेंदें फेंकते समय वाइड या नो-बॉल नहीं फेंकना चाहता था।

### भारतीय युवा टीम को लेकर डिविलियर्स ने की बड़ी भविष्यवाणी-

# शुभमन गिल के नेतृत्व में टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी

**मुंबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के 5 टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा।

भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी,



जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं।

डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा कि हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा कि भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि इंग्लैंड का दौरा भारत की युवा टीम के लिए कड़ी परीक्षा होगी, लेकिन विश्वास बनाए रखने से उन्हें अनुकूल परिणाम हासिल करने में मदद मिल सकती है। डिविलियर्स ने कहा कि उन्हें इंग्लैंड में जिम्मेदारी लेनी होगी। उनके लिए यहां कड़ी परीक्षा होगी लेकिन भारत के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है और अगर वे खुद पर भरोसा रखते हैं तो कुछ खास हासिल कर सकते हैं।

### हार के बाद शुभमन गिल ने कहा

# जब आप 3 कैच छोड़ते हैं तो इससे कोई मदद नहीं मिलती

**मुल्लांपुर (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने इस सीजन में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन फाइनल के लिए जरूरी मुकाबला जीत नहीं पाई। मुल्लांपुर में मुंबई ने पहले खेलते हुए रोहित के 81 रनों की बदौलत 228 रन बनाए थे। जवाब में गुजरात की टीम सुदर्शन के 81 रनों के बावजूद 20 रन से हार गई। मैच गंवाने के बाद गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि इस मैदान पर क्रिकेट का शानदार खेल था। हम इसमें सही थे। आखिरी 3-4 ओवर हमारे पक्ष में नहीं गए, लेकिन फिर भी यह एक अच्छा खेल था। निश्चित रूप से यह आसान नहीं था जब हमने शुरूआत में ही 3 आसान विकेट गंवाए। गेंदबाजों के लिए नियंत्रण करना आसान नहीं था और जब आप 3 कैच छोड़ते हैं तो इससे कोई मदद नहीं मिलती।

मैच के दौरान टिके साई और वाशिंगटन के लिए क्या संदेश था, सवाल पर शुभमन ने कहा कि यह बहुत सरल था कि बस वही खेल खेलें जो आप खेलना चाहते हैं और उन दोनों के लिए लक्ष्य एक ही था कि हम जीतें। ओस की वजह से विकेट हमारे लिए



थोड़ा आसान हो गया। निश्चित रूप से हमारे लिए बहुत सारी सकारात्मक बातें रहीं। पिछले 2-3 गेम हमारे पक्ष में नहीं गए, लेकिन सभी खिलाड़ियों को श्रेय जाता है, खासकर साई को - वह इस सीजन में हमारे लिए बहुत बढ़िया रहे। इस पिच पर 210 रन हमारे लिए बराबर होते।

बता दें कि आईपीएल प्लेऑफ में 400 से अधिक रनों के कुल स्कोर वाली मुकाबलों की सूची में शीर्ष पर 2025 का एलिमिनेटर है, जहां मुल्लांपुर में मुंबई इंडियंस और गुजरात टाइटंस के बीच 436 रन बने। दूसरे स्थान पर 2014 का क्वालिफायर-2 है, जिसमें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब किंग्स (क्वायर) और चेन्नई सुपर किंग्स ने 428 रन बनाए। तीसरे नंबर पर 2016 का फाइनल है, जहां बेंगलुरु में सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने 408 रन जोड़े। 2022 के एलिमिनेटर में कोलकाता में आरसीबी और लखनऊ सुपर जायंट्स ने 400 रन बनाए।

### ऐसा रहा मुकाबला

मुंबई ने मुल्लांपुर के मैदान पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेला गया एलिमिनेटर मुकाबला 20 रन से जीत लिया। इस जीत में मुंबई के लिए रोहित शर्मा के 81 तो गेंदबाजों में बोल्ट के 2 विकेटों का बड़ा योगदान रहा। बहरहाल, मुल्लांपुर में मुंबई की ओर से रोहित शर्मा ने 50 गेंदों पर 81, बेयरस्टो ने 22 गेंदों पर 47, सूर्यकुमार ने 33 तो तिलक वर्मा ने 25 रन बनाकर स्कोर 228 तक पहुंचा दिया। जवाब में खेलने उतरी गुजरात को साई सुदर्शन 49 गेंदों पर 80 तो वाशिंगटन सुंदर 24 गेंदों पर 48 का सहयोग मिला लेकिन टीम लक्ष्य हासिल करने से चूक गई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran


## संक्षिप्त समाचार



### राजसमंद में गरजे कांग्रेस नेता सीपी जोशी बोले-आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं

**जयपुर, एजेंसी।** राजसमंद में शुक्रवार को कांग्रेस की 'संविधान बचाओ रैली' में मंच पर जब सीपी जोशी पहुंचे तो न सिर्फ जनता की भीड़ गर्म थी, बल्कि उनके तेवर भी खौलते हुए नज़र आए। कभी तंज, कभी ठहाके और कभी तीखे कटाक्ष–सीपी जोशी पूरे मूड में थे। उन्होंने अपनी उम्र, ईमानदारी और कांग्रेस की उपलब्धियों का ज़िक्र करते हुए ऐसा भाषण दिया कि तालियों की गड़गड़ाहट में पूरा मैदान गूंज उठा।

आज मेरी उम्र 75 है, लेकिन मैं जवान हूं, चुनाव लड़ने की इच्छा रखता हूं– जोशी ने कहा कि आजादी से पहले आदमी 35 साल की उम्र भी नहीं देख पाता था। चेचक से मर जाता था, बीमारी से मर जाता था। अगर मैं उस दौर में होता तो शायद 35 की उम्र में ही नाम ऊपर चला जाता। उन्होंने कहा कि आज वे 75 की उम्र में भी राजनीति में सक्रिय हैं, इसका श्रेय कांग्रेस की नीतियों और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को जाता है। लेकिन असली मजा तब आया जब उन्होंने अपने ऊपर लगने वाले आरोपों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। जोशी ने सवालिया लहज़े में कहा–लोग कहते हैं कि मैं डांटता हूं, भगा देता हूं। तो क्या मैं झूठ बोलूं? अगर झूठ बोलता, तो 1980 में एमएलए बनकर एक ही बार में निपटा दिया जाता। लेकिन आज 75 की उम्र में भी मैं राजनीति में हूं, क्योंकि मैंने सच बोला है, काम किया है। सीपी जोशी ने अपने विरोधियों पर तंज कसते हुए कहा, सच बोलना कड़वा होता है। मीठी गोली से बुखार नहीं उतरता। मलेरिया में जो कड़वी कुनेन की गोली दी जाती है, वही बुखार को खत्म करती है। मैं वही कुनेन की गोली हूं। मीठा झूठ बोलकर जनता को बहलाने वाला नहीं हूं। जो काम करता है, वही टिकता है, और मैं टिक रहा हूं, क्योंकि मैंने काम किया है।

### नक्सलियों से लड़ाई का इनाम, छत्तीसगढ़ में 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन



**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ लड़ने वाले पुलिसवालों को इनाम दिया है। सरकार ने ऐसे 295 पुलिसवालों को बारी से पहले प्रमोशन दिया है। इनमें से ज्यादातर पुलिसवाले बस्तर संभाग में तैनात हैं। डीजीपी अरुण देव गौतम ने गुरुवार को प्रमोशन का आदेश जारी किया।

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों मुख्य रूप से बस्तर संभाग में तैनात निचले और मध्यम स्तर के अधिकारियों सहित 295 पुलिसकर्मियों को नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई में उनकी बहादुरी के लिए प्रमोशन दी है। गुरुवार शाम को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम ने उनके प्रमोशन का आदेश जारी किया। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रमोशन के आदेश की तस्वीर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा करते हुए लिखा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में वीरता, साहस और समर्पण के साथ काम करने वाले छत्तीसगढ़ पुलिस के 295 पुलिसकर्मियों को उनकी बारी से पहले प्रमोशन पर बहुत-बहुत बधाई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आप सभी ने नक्सलवाद के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर लड़ते हुए अदम्य साहस और वीरता का परिचय दिया है। जवानों की भुजाओं की ताकत से बस्तर का भविष्य निश्चित रूप से विकास, खुशहाली, शांति और नए उत्साह से भरा होगा। एक अधिकारी ने बताया कि प्रमोशन पाने वाले पुलिसकर्मियों में से केवल एक जवान दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में तैनात है।

# पाकिस्तान से सटे इन राज्यों मे चलेगा ऑपरेशन शील्ड, आपको भी रहना है तैयार



**जम्मू, एजेंसी।** पाकिस्तान से तनाव के बीच सीमावर्ती 6 राज्यों में शनिवार को ऑपरेशन शील्ड के तहत सुरक्षा की मॉक ड्रिल की जाएगी। इस ऑपरेशन शील्ड का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को युद्ध की स्थिति के लिए तैयार करना है। इसके हत यह बताया जाएगा कि युद्ध के समय खुद को और अपने आसपास के लोगों को कैसे बचाया जा सकता है।

### किन राज्यों में ऑपरेशन शील्ड

जम्मू-कश्मीर के सभी जिलों के साथ ही पंजाब, राजस्थान, गुजरात, हरियाणा और चंडीगढ़ के सीमावर्ती जिलों में यह मॉक ड्रिल की जाएगी। पहले यह मॉक ड्रिल 29 मई को होनी थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दियागया था। प्रशासन ने बताया कि अब तैयारियां पूरी हो गई हैं।

### हवाई हमलों से सुरक्षा

ऑपरेशन शील्ड के दौरान सायरन बजेंगे और कुछ देर के लिए ब्लैकआउट किया जाएगा। इन्वर्टर, सोलर लाइट और मोबाइल की टॉर्च के अलावा वाहनों की लाइट जलाने पर भी पाबंदी होगी। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों से कहा गया है कि वे अपनी खिड़कियों के पर्दे भी बंद कर दें ताकि किसी तरह की रोशनी बाहर ना निकले। प्रशासन ने इसकी जानकारी लोगों तक पहले ही पहुंचा दी है ताकि लोगों में किसी तरह का पैनिक ना हो। यह मॉकड्रिल इसलिए कराई जा रही है ताकि एयरक्राफ्ट, ड्रोन या फिर मिसाइल हमले के वक्त लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके। इस ड्रिल के तहत बेहद शांत तरीके से सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को बुलया जाएगा। इसके बाद इवैकुएशन ड्रिलल होगी। आपस में बातचीत के तरीकों को लेकर भी मॉक ड्रिल की जाएगी।

बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर चलाया था। इसके बाद बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमले शुरू कर दिए जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया गया। पाकिस्तान की बौखलाहट और खीझ को देखते हुए ही यह मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। यह ड्रिल 7 मई वाली ड्रिल की तरह ही होगी।

### क्यों किया जाता है ब्लैकआउट

ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद सीमावर्ती जिलों में मॉकड्रिल की गई थी। पाकिस्तान की सीमा से सटे हुए राज्यों को रिस्क ज्यादा होता है। यहां हवाई हमले और ड्रोन से हमले होने की गुंजाइश ज्यादा होती है। ऐसे में सरकार का फोकस इन इलाकों में ज्यादा होता है। ब्लैकआउट से दुश्मन के लिए रिहाइशी इलाकों की पहचान कर हमला करना मुश्किल हो जाता है। इसीलिए मॉक ड्रिल के दौरान भी ब्लैकआउट किया जाता है।



### हरदोई में बारात से लौट रही कार खाई में पलटी, एक ही परिवार के 4 लोगों सहित 6 की मौत

**हरदोई , एजेंसी।** यूपी के हरदोई जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां बारात से लौट रही एक तेज रफ्तार कार खाई में पलट गई। इसमें कार सवार 12 लोगों में चालक सहित पांच की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं एक युवक की मौत लखनऊ ट्रामा सेंटर में हो गई। मृतकों में चार एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

हरदोई के नगर पंचायत पाली कस्बे के मोहल्ला पटियानीम निवासी सेवकराम कश्यप के बेटे नीरज की बारात शुक्रवार को कस्बा से मंझिला थाना क्षेत्र के गांव कुसुमा गई थी। शादी में शामिल होने सेवकराम के भतीजे जितेंद्र कश्यप अपने छोटे भाई आकाश, बेटे सिद्धार्थ, बहनोई जौहरी निवासी किलकिली थाना पाली के साथ गए थे। वहीं मोहल्ला के अन्य लोग भी गए थे। मिली जानकारी के अनुसार देर रात एक बजे के बाद द्वारचार और जयमाल का कार्यक्रम होने के बाद कुसुमा से घर आने के लिए जितेंद्र अपने बेटे सिद्धार्थ, भाई आकाश, बहनोई जौहरी समेत अन्य लोगों के साथ घर लौटने लगा। सभी लोग कार में सवार हो गए।

## महाराष्ट्र में कोरोना वायरस के 84 नए मामले, ज्यादातर हल्के लक्षण

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में शुक्रवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 84 नए मामले सामने आए और इसके साथ ही, साल की शुरुआत से अब तक दर्ज मामलों की कुल संख्या बढ़ कर 681 हो गई। राज्य के सार्वजनिक आरोग्य विभाग ने यह जानकारी दी। यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि ज्यादातर मरीजों में हल्के लक्षण हैं और लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।



विभाग ने बताया कि नये मामलों में से मुंबई में 32, ठाणे जिले में दो, ठाणे नगर निगम क्षेत्र में 14, नवी मुंबई में एक, कल्याण-डोंबिवली नगर निगम क्षेत्र में एक, रायगढ़ जिले में दो, पनवेल में एक, नासिक शहर में एक, पुणे जिले में एक, पुणे नगर निगम में 19, पिंपरी चिंचवाड़ नगर निगम में तीन, सतारा में दो, कोल्हापुर जिले में एक, कोल्हापुर नगर निगम में एक और सांगली नगर निगम क्षेत्र में तीन मामले शामिल हैं। राज्य में कोविड-19 के 467 उपचाराधीन मरीज हैं, जबकि मुंबई में जनवरी 2025 से अब तक सामने आए मामलों की संख्या 411 है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सभी मामले हल्के लक्षणों वाले हैं। जनवरी से अब तक 10,324 नमूनों की जांच की गयी जिनमें से 681 पॉजिटिव पाये गए। एक जनवरी से अब तक राज्य में कोविड-19 के सात मरीजों की मौत हुई है। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि राज्य में कोरोना वायरस संक्रमण की जांच और उपचार की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं तथा लोगों को दहशत में आने की जरूरत नहीं है।

## मिजोरम में भारी बारिश से भीषण तबाही, भरभराकर ढहे मकान; कई लोगों के मारे जाने की आशंका

**ऐज़ौल, एजेंसी।** पूर्वोत्तर के राज्यों में मॉनसून पहुंचने से पहले ही भारी बारिश हो रही है। मिजोरम और असम का भारी बारिश से बुरा हाल है। दक्षिणी मिजोरम के लॉन्गतलाई शहर में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में पांच मकान और एक होटल के ढह जाने से कई लोगों के मारे जाने की आशंका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 10 बजे लॉन्गतलाई के बाजार वेंग और चांदमारी इलाकों के सीमावर्ती इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से मकान और होटल ढह गए। उन्होंने कहा कि होटल में ठहरे म्यांमा के कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। अधिकारियों ने बताया कि लॉन्गतलाई जिले के सबसे बड़े नागरिक समाज संगठन 'यंग लाई एसोसिएशन' (वाईएलए) के स्वयंसेवकों के साथ-साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसआरडीएफ) और तीसरी भारतीय रिजर्व बटालियन के कर्मी बचाव अभियान में जुटे हैं।



उन्होंने कहा कि घटना की विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। पूर्वोत्तर राज्य में शुक्रवार से मूसलाधार बारिश हो रही है, जिसके कारण कई स्थानों पर भूस्खलन और चट्टानें गिरने की घटनाएं हुई हैं।

**असम में भारी बारिश से स्कूल-कॉलेज बंदः** असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में बीते 48 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश के चलते असम की सरकार ने स्कूल और कॉलेजों को बंद करने का आदेश दिया है। इसके अलावा सरकारी कर्मचारियों के लिए भी आकस्मिक छुट्टी की घोषणा की है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी परामर्श में कहा गया कि तेज बारिश ने राज्य के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से के जिलों को बुरी तरह प्रभावित किया है। बंगाल की खाड़ी के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में बने गहरे दबाव के कारण इन जिलों में 20-30 सेंटीमीटर से अधिक भारी बारिश हुई।

## सूडान के तीन शहरों पर अर्धसैनिक बलों के हमलों में 26 नागरिकों की मौत



**खार्तूम , एजेंसी।** सूडान सरकार ने घोषणा की है कि सूडान के पश्चिमी कोर्डोफान क्षेत्र के तीन शहरों पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के हमलों में कम से कम 26 नागरिक मारे गए। सूडान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, हाल के कुछ घंटों में, आरएसएफ मिलिशिया ने जानबूझकर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाया है और निर्दोष लोगों की जान ली है।

मंत्रालय ने कहा, शुक्रवार को मिलिशिया ने अल-ओबेद शहर में अल-दमन अस्पताल को निशाना बनाया, जिसमें उपचार करा रहे 16 मरीजों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने आगे कहा, बुधवार को मिलिशिया ने अल-खिवाई शहर में एक सार्वजनिक बाजार पर भी ड्रोन से हमला किया, जिसमें आठ नागरिक मारे गए। बयान में कहा गया कि आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान के अल-दीबाईबात कस्बे में एक आवासीय क्षेत्र को भी निशाना बनाया, जिसमें दो नागरिकों की मौत हो गई। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, मंत्रालय ने आरएसएफ के हमलों की निंदा करते हुए कहा कि इन हमलों का एकमात्र उद्देश्य अधिकतम नागरिकों को क्षति पहुंचाना था। इन हमलों में नागरिकों, मानवीय संगठनों, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और आवश्यक सेवाओं को टारगेट किया गया। बयान में आगे आरएसएफ पर गुरुवार को उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल-फशर में विश्व खाद्य कार्यक्रम के गोदामों पर बमबारी करने और उनमें आग लगाने का आरोप लगाया, जिससे बड़ी मात्रा में खाद्य आपूर्ति नष्ट हो गई। सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच सशस्त्र संघर्ष कोर्डोफान क्षेत्र में तेज हो गया है, जिसमें उत्तर, पश्चिम और दक्षिण कोर्डोफान राज्य शामिल हैं। गुरुवार को आरएसएफ ने दक्षिण कोर्डोफान में अल-दीबात और पश्चिम कोर्डोफन में अल-खिवाई कस्बों पर नियंत्रण का दावा किया। सूडानी सेना ने अभी तक इस दावे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अप्रैल 2023 से सूडान एसएएफ और आरएसएफ के बीच संघर्ष में उलझा हुआ है।

## अपने पूर्व के बयान से पलटा सीडीसी, बच्चों-गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की अनिवार्यता खत्म की



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सरकार ने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह फिर से जारी की है। हालांकि बीते हफ्ते जो सलाह जारी की गई थी, उसके मुताबिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं को अनिवार्य रूप से कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह दी गई थी, लेकिन अब जो एडवाइजरी जारी हुई है, उसके मुताबिक अनिवार्यता की शर्त हटा ली गई है और लोगों के विवेक पर वैक्सीन लेने का फैसला छोड़ा गया है।

**सीडीसी की सलाह में किया गया बदलावः** यह बदलाव अमेरिका के स्वास्थ्य मंत्री रॉबर्ट एफ केनेडी जूनियर के हालिया एलान के बाद हुआ है, जिसमें केनेडी ने कहा कि कोरोना वैक्सीन लेने की सलाह महिलाओं और 18 साल से कम उम्र के बच्चों को नहीं दी जाती है। केनेडी के एलान के बाद सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की वेबसाइट पर भी सख्त भाषा को थोड़ा लचीला किया गया है और वैक्सीन लेनी है की बजाय वैक्सीन ले सकते हैं किया गया है। गर्भवती महिलाओं को कोरोना से खतरा ज्यादा है। बच्चों के लिए भी कोरोना संक्रमण को खतरनाक माना जाता है क्योंकि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। हालांकि पिछली महामारी के दौरान बच्चों में कोरोना के मामले औसतन कम देखे गए थे।

**डॉक्टर्स की सलाह लेने को कहा गयाः** सीडीसी की सलाह में कहा गया है कि माता-पिता डॉक्टरों की सलाह के बाद बच्चों को कोरोना वैक्सीन दिला सकते हैं। गर्भवती महिलाओं को भी वैक्सीन देने से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेने की अपील की गई है। सीडीसी की सलाह अमेरिकन एकेडमी ऑफ फैमिली फिजिशियन्स और अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की सलाह के विपरीत है, जिन्होंने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कोरोना वैक्सीन देने की सलाह दी है और उनका कहना है कि यह पूरी तरह से सुरक्षित है।


# पूर्व जापानी पीएम की पत्नी से मिल कैमरे पर इमोशनल हुए राष्ट्रपति पुतिन

### मॉस्को घूमने के लिए ऑफर की अपनी कार

**टोक्यो, एजेंसी।** जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की पत्नी अकी आबे के साथ मुलाकात के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का एक अलग ही चेहरा सामने आया है जिसमें वो बेहद भावुक नजर आ रहे हैं. राष्ट्रपति पुतिन के अच्छे दोस्त शिंजो आबे की जुलाई 2022 में चुनावी भाषण के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. पति की हत्या के बाद अकी आबे पहली बार रूस अकेले पहुंची जहां अपने पति को याद कर रूसी राष्ट्रपति पुतिन के सामने उनके आंसू नहीं रुक रहे थे.

पुतिन और अकी आबे की मुलाकात का एक वीडियो सामने आया है जिसमें रूसी राष्ट्रपति गुलाबी फूलों का बुके देकर उनका स्वागत कर रहे हैं. आबे से मुलाकात के दौरान पुतिन कह रहे हैं, मिस आबे, आपको यहां देखकर खुशी हुई. मुझे याद है, आपके पति जब भी रूस के आधिकारिक दौरे पर आते थे, आप उनके साथ होती थीं. 2019 में हुई हमारी मुलाकात मुझे याद है. शिंजो आबे को याद करते हुए पुतिन ने आगे कहा, रूस और जापान के रिश्तों को आगे ले जाने में आपके पति ने बहुत योगदान दिया. और मेरे उनके साथ बेहद अच्छे व्यक्तिगत रिश्ते थे. उनके बुलावे पर जापान यात्रा की मेरी यादें भी हैं. मैंने देखा कि वो रूस-जापान सहयोग को पूरी तरह बहाल करने के लिए तत्पर थे और उन्होंने इसके लिए बहुत कुछ किया भी. उनके कुछ हद तक अपने परिवार के रिवाज को आगे बढ़ाया क्योंकि उनके पिता भी जब 1980 के दशक में विदेश मंत्री थे तब रूस-जापान रिश्तों से वो यही चाहते थे. पुतिन ने रुंधे गले से आगे कहा कि एक आतंकवादी कृत्य ने उनके जीवन को छोटा कर दिया लेकिन उनकी याद, उनके काम रूस में संरक्षित हैं और मैं आपको यहां देखकर खुश हूं.

**क्या दुनिया फिर से विश्व युद्ध की तरफ बढ़ रही? :** जब राष्ट्रपति पुतिन बोल रहे थे तब अकी आबे अपने पति की याद में लगातार रोती दिखीं. शिंजो आबे जापान के सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले प्रधानमंत्री थे. 8 जुलाई 2022 को वो जापान के नारा शहर में चुनावी भाषण दे रहे थे. तभी एक शख्स ने उन्हें गोली मार दी. आबे को दो गोलियां लगीं और अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया था.



**आबे की पत्नी को पुतिन ने ऑफर की अपनी कारः** रूस के सरकारी ब्रॉडकास्टर आरटी ने एक और वीडियो जारी किया है जिसमें अकी आबे एक कार में सवार होकर मॉस्को को बोल्शोई थियेटर में जा रही हैं. रूसी मीडिया ने बताया कि आबे जिस कार में सवार होकर थियेटर जा रही हैं वो राष्ट्रपति पुतिन की है. पुतिन ने उन्हें मॉस्को में यात्रा के लिए अपनी कार दी जिसमें बैठकर आबे मॉक्सो को आइकॉनिक थियेटर में जाती दिखीं. रूसी समाचार एजेंसी तास के मुताबिक, शिंजो आबे पुतिन के अच्छे दोस्त हुआ करते थे. दोनों नेता एक-दूसरे से 27 बार मिले और दोनों पुराने दोस्तों की तरह बात किया करते थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129